जन एक्सप्रेस

लखनऊ
वर्ष: 15 | अंक: 20
मूल्य: ₹3.00/-
पेज : 12+1 (वेब संस्करण)
सोमवार | 30 अक्टूबर, 2023

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

केरल में प्रार्थना-सभा में तीन धमाके

एक मौत, 36 घायल, 2 हजार लोग मौजूद थे, डीजीपी बोले, आईईडी का इस्तेमाल हुआ, एनआईए-एनएसजी पहुंची

आतंकी एंगल पर दिल्ली से लेकर यूपी तक अलर्ट, सीएम ने बुलाई सर्वदलीय बैठक

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। एर्नाकुलम

केरल के एर्नाकुलम में रविवार को एक कन्वेंशन सेंटर में तीन धमाके हुए। इसमें एक की मौत और 52 लोग घायल हो गए। रिपोर्ट्स के मुताबिक, कलामासेरी में स्थित इस कन्वेंशन सेंटर में सुबह साढ़े 9 बजे के करीब 2 हजार लोग प्रार्थना कर रहे थे, उसी दौरान 5 मिनट के अंदर लगातार तीन धमाके हुए। राज्य के एडीजीपी (लॉ एंड ऑर्डर) अजित कुमार ने बताया कि एक शख्स ने कोडकारा पुलिस स्टेशन में सरेंडर किया है। उसका दावा है कि उसने ही कन्वेंशन सेंटर में बम रखा था। आरोपी का नाम डोमिनिक मार्टिन है। हालांकि मार्टिन ने अभी तक यह नहीं बताया कि किस वजह से उसने ये धमाके किए। इस पूरे मामले में पुलिस की जांच जारी है। इससे पहले कन्नूर पुलिस ने भी एक व्यक्ति को उसके बैग में संदिग्ध सामान मिलने के बाद हिरासत में ले लिया। बताया जा रहा है कि वह झारखंड का रहने वाला है। वह मंगलुरु से एरिकोड जा रहा था।

धमाकों के समय सीएम दिल्ली में धरना दे रहे थे

जिस समय केरल में धमाके हुए, उस वक्त राज्य के मुख्यमंत्री पिनरई विजयन दिल्ली में धरना दे रहे थे। यह धरना कम्युनिस्ट पार्टी ने गाजा पर इजराइल के हमले के विरोध में आयोजित किया है। धमाकों के बाद भी विजयन धरने में ही मौजूद रहे। हालांकि उन्होंने धमाकों को दुर्भाग्यपूर्ण बताया और कहा कि धमाके के बाद के हालात को लेकर उन्होंने राज्य के डीजीपी से बात की है।

गृह मंत्रालय में हाई-लेवल मीटिंग

ब्लास्ट की खबर के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गृह मंत्रालय और सुरक्षा एजेंसियों के अफसरों के साथ हाई-लेवल मीटिंग की। शाह ने अफसरों से घटना की पूरी जानकारी ली। इसके अलावा ब्लास्ट की जांच के लिए एनआईए और आईबी की टीम को भेजने का निर्देश दिए। शाह 28 अक्टूबर से 3 दिनों के दौरे पर मध्य प्रदेश में हैं। वे मीटिंग में वर्चुअली जुड़े।

धमाकों की आवाज से गूंज उठा कन्वेंशन हॉल, केरल में ईसाइयों की संडे प्रार्थना के दौरान सिलसिलेवार धमाके

1 — एर्नाकुलम के सभी अस्पताल अलर्ट पर

केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने विस्फोट में घायल हुए लोगों को बेहतर इलाज करने के लिए विभाग के अफसरों को निर्देश जारी किया गया है। एर्नाकुलम के सभी अस्पतालों को अलर्ट कर दिया गया है। मंत्री ने डॉक्टरों समेत सभी स्वास्थ्य कर्मियों को, जो छुट्टी पर हैं, तुरंत लौटने का निर्देश दिया है। इसके अलावा कलामासेरी मेडिकल कॉलेज, एर्नाकुलम जनरल हॉस्पिटल और कोट्टायम मेडिकल कॉलेज में अतिरिक्त सुविधाएं बढ़ाने के भी निर्देश दिए गए हैं।

2 — दो दिन पहले एर्नाकुलम में हमास के समर्थन में रैली हुई थी

केरल में पिछले कुछ दिनों से फिलिस्तीन के समर्थन में मुस्लिम संगठन लगातार रैलियां कर रहे हैं। दो दिन पहले एर्नाकुलम में हमास के समर्थन में भी एक रैली हुई थी। मल्लपुरम में शुक्रवार को फिलिस्तीन के सपोर्ट में एक और रैली हुई थी। इसमें हमास नेता खालिद मशेल वर्चुअली मौजूद रहा।

3 — केरल में देशविरोधी शक्तियां: बीजेपी

केरल कन्वेंशन सेंटर में हुए विस्फोट पर भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिलीप घोष ने कहा, केरल में पहले से ही देश विरोधी शक्तियां सक्रिय हैं और अभी जो कांग्रेस सरकार है उन्होंने इसे बढ़ाया है। उन्होंने पीएफआई जैसी संस्था को पनाह दी जो वहां सबसे ज्यादा सक्रिय था... आज वहां के सामान्य लोगों की जान खतरे में है, इसकी केंद्रीय ब्यूरो द्वारा जांच होनी चाहिए और इसका समाधान होना चाहिए। पूरे देश में मोदी सरकार ने आतंकवाद बंद कर दिया है। केवल इंडिया गठबंधन के नेताओं के राज्यों में ही इस प्रकार की राष्ट्रविरोधी गतिविधियां हो रही हैं।

"यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। हम घटना के संबंध में विवरण एकत्र कर रहे हैं। सभी शीर्ष अधिकारी एर्नाकुलम में हैं। डीजीपी घटनास्थल पर जा रहे हैं। हम इसे बहुत गंभीरता से ले रहे हैं। मैंने डीजीपी से बात की है। हमें जांच के बाद और अधिक विवरण प्राप्त करने की आवश्यकता है।

–केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन

"मुझे बताया गया कि दो विस्फोट हुए और आग लग गई। सबसे पहले, एक बड़ा विस्फोट हुआ। दूसरा छोटा था। एक महिला की मौत हो गई और 25 लोग अस्पताल में हैं। 25 में से 6 व्यक्ति आईसीयू इकाई में हैं। लगभग 2,000 लोग वहां मौजूद थे।

–केरल के विपक्ष के नेता और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष वीडी सतीशन

क्या बोले राजनीतिक चेहरे?

- केरल के मुख्यमंत्री पिनरई विजयन ने घटना पर कहा- यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। हम इस घटना से जुड़ी जानकारी इकट्ठा कर रहे हैं। सभी अधिकारी एर्नाकुलम में हैं। मैंने डीजीपी से बात की है और जांच को लेकर ज्यादा जानकारी जुटा रहा हूं।
- केरल के एर्नाकुलम में हुए विस्फोट पर केंद्रीय मंत्री वी. मुरलीधरन ने कहा, 卐 इस घटना के संबंध में केंद्रीय एजेंसियों ने पहले ही जांच शुरू कर दी है। मुझे यकीन है कि वे घटना के विवरण तक जाएंगे और पता लगाएंगे कि इसके कारण क्या हैं और इस घटना के पीछे कौन हैं। मैं राज्य सरकार से अपील करना चाहूंगा कि घायलों को सभी प्रकार की चिकित्सा सहायता प्रदान की जाए। हम जांच के विवरण सामने आने का इंतजार करेंगे और फिर आगे की कार्रवाई करेंगे।
- केरल के विपक्ष के नेता और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष वीडी सतीसन ने कहा, मुझे बताया गया कि दो धमाके हुए और आग लग गई। सबसे पहले एक बड़ा धमाका हुआ। दूसरा छोटा धमाका था। एक महिला की मौत हो गई और 25 लोग अस्पताल में हैं। 25 में से 6 लोग आईसीयू में हैं। लगभग 2,000 लोग उस समय (उपस्थित थे)...

अमित शाह ने सीएम को लगाया फोन

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन से बात की और एक कन्वेंशन सेंटर में बम विस्फोट के बाद राज्य की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने एनआईए और एनएसजी को भी मौके पर पहुंचकर घटना की जांच करने का निर्देश दिया।

प्रार्थना सभा में 2000 लोग थे मौजूद

कलामस्सेरी में जामरा अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन और प्रदर्शनी केंद्र में लगभग 2,000 लोग एकत्र हुए थे। यहां यहोवा के साक्षी नामक तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। यह ईसाइयों के सबसे पवित्र त्योहारों में से एक है।

केरल ब्लास्ट के अपडेट्स...

- केरल हमले को देखते हुए दिल्ली पुलिस हाई अलर्ट पर है। बाजार, चर्च, मेट्रो स्टेशन, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन जैसे भीड़भाड़ वाले इलाकों पर निगरानी की जा रही है
- केरल सीएम पिनरई विजयन ने सोमवार को तिरुवनंतपुरम में ऑल पार्टी मीट बुलाई है।
- केरल डीजीपी ने कहा है कि सोशल मीडिया पर भड़काऊ या हिंसा फैलाने वाले मैसेज शेयर न करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
- कलामासेरी मेडिकल कॉलेज के रीजनल मेडिकल ऑफिसर ने बताया कि बर्न आईसीयू में 10 पेशेंट हैं, जिनमें से 2 वेंटिलेटर पर हैं और एक अन्य पेशेंट क्रिटिकल है।
- पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता अल्फोंस केजे ने कहा कि कन्वेंशन सेंटर में कई ब्लास्ट हुए। केरल में लेफ्ट और राइट दोनों धड़ आतंक का समर्थन करते हैं। ये काफी लंबे समय से हो रहा है।

फिरोजाबाद में 300 दुकानों में लगी आग

राख और चिंगारी के बीच सामान बटोरते रहे दुकानदार, 4 जिलों से पहुंची फायर बिग्रेड

जन एक्सप्रेस । फिरोजाबाद

फिरोजाबाद के काठ बाजार में रविवार तड़के भीषण आग लग गई। इसमें करीब 300 दुकानें जल गईं। आग इतनी भीषण थी कि 4 जिलों से फायर बिग्रेड को बुलाया गया। कई घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। हालांकि, फर्नीचर होने के चलते बार-बार आग भड़क रही है। मार्केट में ज्यादातर दुकानें टीनशेड की बनी हुई थी। हादसा सुबह करीब 3.30 बजे हुआ। एक दुकान से उठी आग की लपटों ने पूरी मार्केट को चपेट में ले लिया। पल भर में बाजार की करीब 300 दुकानें धधकने लगीं। मौके पर अफरा-तफरी मच गई। मार्केट में सो रहे लोग इधर-उधर भागने लगे। अपना सब कुछ गवां चुके रोते-बिलखते दुकानदार लपटों और चिंगारी के बीच अपना बचा सामान बटोरते रहे। हालांकि, ज्यादातर सामान जलकर राख हो गया। भीषण आग के बाद दुकानदारों का गुस्सा फूट गया। उनका कहना है कि सुबह आग लगते ही दमकल विभाग को सूचना दी गई। लेकिन बचाव कर्मी करीब 2 घंटे बाद मौके पर पहुंचे। तब तक आग पूरी मार्केट में फैल चुकी थी। सुबह करीब 7 बजे शहर विधायक मनीष असीजा, एसपी सिटी सर्वेश कुमार मिश्रा, सीओ सिटी कमलेश कुमार और महापौर प्रतिनिधि सुरेंद्र राठौर मौके पर पहुंचे। रामलीला मैदान के पास करीब 6 बीघा जमीन में काठ बाजार है। आग लगने के बाद दुकानदार और आसपास के लोग खुद बचाव कार्य में जुट गए। लेकिन आग और बढ़ती जा रही थी। मौके पर काफी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई।

दुकान में सो रहे दुकानदार की जान बची

दुकानदार वीरेंद्र ने रोते-रोते बताया कि जब वह दुकान में सो रहे थे। तभी अचानक आग की लपटें उठने लगीं। कई दुकानें जल रहीं थीं। ऐसा लग रहा है कि ट्रांसफॉर्मर से आग लगी है। उन्होंने कुछ सामान तो निकाल लिया लेकिन बाकी सामान आग में जलकर खाक हो गया। यहां फर्नीचर की ही दुकानें हैं।

आसपास का एरिया खाली कराया गया

एसपी सिटी सर्वेश कुमार मिश्रा ने कहा, जनहानि की सूचना अभी तक नहीं है। आसपास के क्षेत्रों को खाली करा दिया गया है। आग पर पूरी तरह से काबू पाया जा रहा है। 24 दुकानें जली हैं। जबकि दुकानदारों का कहना है कि 300 दुकानें जली हैं।

बच्चों की देखभाल मां से बेहतर कोई नहीं कर सकता

मद्रास हाईकोर्ट ने कहा, पिता ने 8 साल की बेटी को बुजुर्ग दादा-दादी के पास छोड़ा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। चेन्नई

मद्रास हाई कोर्ट ने अपने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा कि 10 साल से कम उम्र के बच्चों की सही देखभाल सिर्फ मां ही कर सकती है। इसलिए पति-पत्नी के अलग होने पर ऐसे बच्चों की कस्टडी पत्नी को मिलनी चाहिए। जस्टिस आर सुब्रमण्यन और जस्टिस डी नागार्जुन की बेंच ने आठ साल की बच्ची की कस्टडी से जुड़े मामले पर कहा कि पिछले एक साल से पिता अपनी बेटी के बिना यूएस में खुशी से रह रहा था। उसने बच्ची को अपने बुजुर्ग मां-बाप के पास मुंबई में छोड़ दिया था। बच्ची का हित इसी में है कि वह अपनी मां के साथ रहे। कोर्ट ने पिता को चार हफ्तों के भीतर बच्ची की कस्टडी मां को सौंपने का आदेश दिया है। बच्ची के पिता ने कोर्ट को बताया कि 2020 में सलेम की एक महिला कोर्ट ने उन्हें बच्ची को अपने साथ यूएस ले जाने से रोक दिया था। उन्होंने अपनी बेटी की देखभाल के लिए अमेरिका में अच्छी-खासी सैलरी वाली नौकरी छोड़ दी और अब मुंबई में नौकरी करने लगे। इस बीच 2022 में सलेम की कोर्ट ने बच्ची की कस्टडी उनकी पत्नी को सौंपने का आदेश दे दिया। स्टालिन ने इस फैसले को हाई कोर्ट में चुनौती दी थी।

ये है पूरा मामला...

स्टालिन सैमुअल और ग्रेसी सिल्विया की साल 2014 में शादी हुई थी। शादी के बाद दोनों कुछ दिन मुंबई में रहे। फिर यूएस चले गए। 2015 में कपल को एक बेटी हुई। बाद में दोनों का तलाक हो गया। तलाक के बाद पिता को बेटी की कस्टडी मिल गई। हालांकि, पिता ने मुंबई में अपने मां-बाप के पास बेटी को छोड़ दिया और यूएस चला गया।

कानपुर एक्सप्रेस



कानपुर और उन्नाव की खबरों को पढ़ने के लिए देखें पेज 3 और 11

जन एक्सप्रेस फाइटर जी कहिन को इस Qr-code के माध्यम से सर्च करें

बाराबंकी में लीजिए नैनीताल जैसा मजा

योगी सरकार बाराबंकी के महादेवा मंदिर के पास स्थित भगहर झील को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने जा रही है

जन एक्सप्रेस । डॉ. वैभव शर्मा

- झील के सुंदरीकरण कराने के लिए करीब 5 करोड़ रुपये की डीपीआर स्वीकृति के लिए शासन को भेजी गई है
- बाराबंकी में ही प्राकृतिक सुंदरता और झील का सुख ले सकेंगे पर्यटक और श्रद्धालु

लखनऊ। कम समय और कम पैसे में आप नैनीताल की झील जैसा मजा लेना चाहते हैं, तो आपको इसके लिए अब नैनीताल जाने की जरूरत नहीं है। आप प्रदेश के बाराबंकी में ही प्राकृतिक सुंदरता और झील का सुख ले सकेंगे। इसके लिए योगी सरकार बाराबंकी के महादेवा मंदिर के पास स्थित भगहर झील को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने जा रही है। झील के सुंदरीकरण कराने के लिए करीब 5 करोड़ रुपये की डीपीआर स्वीकृति के लिए शासन को भेजी गई है।

भगहर झील को ईको पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा

बाराबंकी में प्रसिद्ध महादेवा मंदिर है। यहां पास में ही करीब 84 हेक्टेयर में फैली भगहर झील है। पर्यटन विभाग भगहर झील को ईको पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने जा रहा है।

भक्ति के साथ मस्ती भी कर सकेंगे

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह के अनुसार बाराबंकी के प्रसिद्ध महादेवा मंदिर में न केवल बाराबंकी बल्कि आसपास के जिलों सहित लखनऊ से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। ये श्रद्धालु मंदिर में दर्शन के बाद अब भगहर झील में नैनीताल जैसी झीलों का मजा ले सकेंगे। भक्ति के साथ मस्ती भी कर सकेंगे।

बच्चों के लिए खेल मैदान, झूले भी होंगे

पर्यटन विभाग इसे विकसित करने में जुट गया है। यहां पहले से बागवानी है, इसके पास से पाथवे बनाया जाएगा। झील के अंदर और किनारे वॉक वे भी बनाया जाएगा। साथ ही यहां बच्चों के खेलने के लिए एक मैदान भी बनाया जाएगा। इसके अलावा झूले भी होंगे।

खाने-पीने का भी मजा ले सकेंगे

देशी-विदेशी दुर्लभ प्रजाति के पक्षी यहां भ्रमण करने आते हैं। साथ ही यहां कई प्रकार के जलीय जीव भी हैं। आने वाले समय में यह लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा। पर्यटक यहां घूमने के साथ ही खाने-पीने का भी मजा ले सकेंगे।

मिट्टी का टीला भी बनाया जाएगा

पर्यटन विभाग की ओर से यहां एक कैंटीन भी बनाई जाएगी। झील पर प्रवासी पक्षी भी आते हैं, इसलिए यहां मिट्टी का टीला भी बनाया जाएगा। झील के किनारे छायादार वृक्ष भी लगाए जाएंगे। झील को जोड़ने के लिए एक सड़क का भी निर्माण किया जाएगा।

आज पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से जनेश्वर मिश्र पार्क तक साइकिल यात्रा में शामिल होंगे अखिलेश यादव

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

30 अक्तूबर को लखनऊ में अखिलेश यादव पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से जनेश्वर मिश्र पार्क तक साइकिल यात्रा में सम्मिलित होंगे। उधर, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एक्स के जरिये दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर छात्रा के साथ मोबाइल की लूट की घटना का जिक्र करते हुए कहा कि जब सरकार सोती हुई या कुछ करती हुई न दिख रही हो तो अपराध रोकने के लिए विपक्ष को कहना ही पड़ेगा कि सुप्त भाजपा-लुप्त भाजपा।

जल जीवन मिशन के ठेकेदार ने गांव को बनाया नर्क से बदतर

ग्रामीणों ने कहा 70 साल का विकास जल जीवन मिशन ने कुछ ही दिन में किया समाप्त

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट

अभी तक सिर्फ आधी-अधूरी टंकियों का हुआ है निर्माण

टंकिया: 1) मऊगुरदरी, 2) चूल्ही, 3) टिकरिया, 4) भेण्डा की टंकिया

पंपहाऊस: 1) चूल्ही, 2)मानिकपुर रुरल, 3) ऐलहा बढैय्या, 4)भेण्डा, 5) टिकरिया

अभी तक 4 टंकियां और 5 पंप हाऊस निर्माणाधीन हैं जबकि दिसंबर में पानी चालू करने की योजना है

विकासखंड मानिकपुर अंतर्गत चल रहे जल जीवन मिशन योजना के ठेकेदार ने गांव को नर्क से भी बेहतर बना दिया है यह हम नहीं कह रहे हैं बल्कि फोटो भैया कर रहा है गांव की गलियों में फैला कीचड़ बजबजाती हुई गलियां स्वयं बयां कर रही हैं लोगों कहना है कि जब से जल मिशन योजना चालू हुआ है तब से गांव के लिए योजना जी का जंजाल बन गया। गांव की गलियां कीचड़ दलदल से सराबोर है। पिछले चार सालों से नलजल योजना के तहत यहां कार्य चल रहा है। फिर भी अधूरा है। अभी तक एक बूंद पानी किसी को नसीब नहीं हो पाया है। गांव वालों के लिए यह योजना सजा बन गया है। खासकर स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के लिए गली में फैले कीचड़ पुजीहत बन चुका है। ज्यादातर बच्चे बस्ती से ही आना जाना करते हैं। चार वर्ष बीत जाने के बाद भी चल रहे जल जीवन मिशन के कार्य जस की तस अधूरा है। सवाल उठना लाजमी है लोग पूंछ रहे हैं ऐसी कौन सी परेशानी या समस्या उत्पन्न हो रहा है कि चार वर्ष बीत जाने के बाद भी कार्य अधूरा है। जो पूरा नहीं हो पा रहा है। यदि कारणवश किसी प्रकार की दिक्कत है तो कम से कम आने जाने वालों की परेशानियों को देखते हुए गड्ढों में मुरूम या डस्ट डाल देते ताकि कीचड़ से बचा जा सकता। सवाल यह भी है आखिर गांव में कीचड़ फैलाने के लिए दोषी कौन है। नलजल योजना की कार्य कराने वाले ठेकेदार, गांव का प्रधान, सचिव जनप्रतिनिधि संदर्भित जल विभाग या खुद गांव वाले। योजना के तहत खोदे गए गड्ढे में घरों से निकलने वाला पानी भरकर गली में बह रहा है। जिससे गलियों में कीचड़ उत्पन्न हुआ है और आवागमन करने में लोगों को परेशानियों की सामना करना पड़ रहा है। खासकर जब से गली को पाईप लाईन डालने के लिए खोदा गया है। तब से कीचड़ की समस्या बना है। यह समस्या हर गांवों में देखने को मिल जाएगा।

यह समस्या कोई नई बात नहीं है। हर गांवों में देखने को मिल जाएगा। केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी योजना देश की हर घर जल प्याऊ पानी पहुंचाने की बेहतरीन योजना को विभागगीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि ठेकेदारों द्वारा खोखला साबित करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। इस योजना को कमाई का जरिया बना लिया है।

महिलाओं व युवाओं में बढ़ रहा धूम्रपान, गली-गली बिक रहे मादक पदार्थ

जन एक्सप्रेस/फतेहपुर। धूम्रपान का सेवन करने से न जाने कितने लोग मौत के गाल में समा चुके हैं। फिर भी धूम्रपान करने वालों की संख्या लगातार बढती ही जा रही। वही महिलाओ सहित किशोरो और युवाओ मे धूम्रपान चिन्ता विषय है। जहाँ सरकारे लगातार कानून बनाकर नाबालिको को नसे के सेवन व बिक्री को अपराध श्रेणी मे किया लाया गया है। वही मादक पदार्थ बिक्रेता सरकार व कानून की धज्जियाँ उडा रहे है। बस स्टापो, रेलवे स्टेशनो व सार्वजनिक स्थानो मे नाबालिको को बिक्री व सेवन करते देखा जा रहा है। शराब, गाजा सहित अनेक नसीले पदार्थो के साथ गुटका आदि आम होता जा रहा है। धूम्रपान पर अंकुश लगाने के लिए कई कानून भी बने, लेकिन इन कानूनों का असर होता नहीं दिख रहा है। तमाम तम्बाकू उत्पाद पर्व की भाँति से बिक रहे है और लोग इन उत्पादों का सेवन भी कर रहे है। शहर हो या गांव जगह-जगह गुमटियों एवं हाथ ठेलों पर पान की दुकाने सजी देखी जा सकती है। इन पान की दुकानों पर चूने के साथ रगड़कर खाने वाली तंबाकू से लेकर पान, गुटखा, श्री, बीड़ी, सिगरेट के साथ शराब के ठेके और भांग के ठेको मे गांजा मिलना आम है।

इन नसीले पदार्थो के सेवन अव्यस्क के साथ महिलाओ मे भी तेजी से इजाफा होता जा रहा है। नसीले पदार्थो का सेवन आज फैशन के रूप में किया जा रहा है। धूम्रपान के बढ़ते चलन से तमाम लोग उम्र के पहले ही जहां इस दुनिया से रूखसत हो जाते है। वहीं कुछ लोग तमाम गंभीर बीमारियों के शिकार होकर जीवन और मौत के बीच संघर्ष करते रहते हैं।

दीपावली और अमावस्या मेले के दौरान नहीं होनी चाहिए अव्यवस्था

डीएम व एसपी ने बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट

जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला की उपस्थिति में कानून व्यवस्था व अभियोजन एवं दीपावली, अमावस्या मेला की तैयारी तथा नारकोटिक्स के संबंध में बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई।

बैठक में डीएम ने सभी थाना प्रभारी को निर्देशित किया कि दीपावली पर जान-माल की सुरक्षा को देखते हुए अस्थाई शेड में आतिशबाजी दुकान के लिए अनुज्ञप्तियों को निर्देश जारी करने के समय विस्फोटक नियम 2008 के नियम 84 को ध्यान में रखा जाए। कहा कि आतिशबाजी को ज्वलनशील सामग्री से बने सेड में न रखें, आतिशबाजी की अस्थाई दुकानों को एक दूसरे से तीन मीटर की दूरी पर एवं किसी संरक्षित स्थलों से 50 मीटर की दूरी पर होगी। सुरक्षा दूरी के अंदर एवं इन दुकानों में प्रकाश के लिए किसी प्रकार का तेल लैंप, गैस लैंप एवं खुली बिजली बत्तियों का प्रयोग नहीं होगा। यदि किसी के द्वारा बिजली की लाइन का प्रयोग किया जाता है तो उसे या तो दीवार पर या छत पर दृढ़ता से लगाना होगा एवं किसी प्रकार के तार लटके नहीं होंगे। साथ ही स्विच दीवार पर लगाने होंगे एवं पंक्ति की सभी दुकानों के लिए मास्टर स्विच लगाना होगा। सभी दुकानों के 50 मीटर के अंदर आतिशबाजी का प्रदर्शन प्रतिबंधित होगा। कानून व्यवस्था एवं अभियोजन में एससी/एसटी के मुकदमों में उन्होंने कहा कि जो फाइल कर रहे हैं, वह रिजेक्ट हो जा रही है। इसमें ग्राउंड एवं ड्राफ्टिंग पर भी विशेष ध्यान दें। महिलाओं एवं नाबालिक के विरुद्ध अपराध के संबंध में पुलिस अधीक्षक ने कहा कि इसमें प्रयास कर थाना में हाजिर कराएं एवं सजा कराएं। पास्को एक्ट के तहत उन्होंने शासकीय अधिवक्ताओं से कहा कि इसमें एक अपराधियों की एक लिस्ट बनाकर प्रस्तुत करें। जिलाधिकारी ने सत्र न्यायालय, आयुध अधिनियम, वादों के निस्तारण के संबंध में कहा कि इसमें पेडेनेंसी ज्यादा है, इसमें प्रगति कराएं। 10 अपराधियों की दिन प्रतिदिन की जाने वाली समीक्षा में उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि इसमें हाजिर करते रहें एवं मॉनिटरिंग सेल की बैठक में भी रखें। उन्होंने शासकीय अधिवक्ता पियूष को निर्देशित किया कि परफॉर्मेंस ठीक नहीं है, इसमें प्रगति कराएं नहीं तो कार्यवाही की जाएगी। बैठक में तीन शासकीय अधिवक्ताओं को कार्यों में रुचि लेकर अच्छा प्रदर्शन करने वालों को जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया की भूमि विवाद के लिए गंभीरता से लेते हुए इसका निस्तारण कराए। कहा कि सबसे ज्यादा भूमि विवाद कर्वी में है इसमें कार्य करने की जरूरत है। आप लोगों को सभी पहलुओं पर कार्य करने की जरूरत है। निर्देशित किया की लिस्ट बनाकर इसमें कार्य करें। कहा कि प्रदेश में दो-तीन घटनाएं हो चुकी है जिस पर मुख्यमंत्री ने विशेष संज्ञान लेकर निर्देशित किया है। जिलाधिकारी ने थाना प्रभारियों से कहा कि अवैध टैक्सी स्टैंड, लाउडस्पीकर व डीजे पर प्रतिबंध के लिए कार्यवाही करें। जिलाधिकारी ने जिला आबकारी अधिकारी को निर्देशित किया कि त्योहारों के दौरान अवैध शराब बिक्री एवं जहरीली शराब से संबंधित कोई घटना नहीं होनी चाहिए। कहा कि नदियों किनारे छापामारी करें एवं किसी प्रकार की अप्रिय घटना न होने पाए। मध्य प्रदेष में होने वाले चुनाव के दृष्टिगत डीएम ने कहा कि बॉर्डर के थाने व गांवों पर आर्म्स एक्ट के तहत शस्त्र जमा कराए। साथ ही बॉर्डर की शराब की दुकानों पर विशेष ध्यान दें। ड्रग्स इंस्पेक्टर को निर्देशित किया कि कोरेक्स के लिए बॉर्डर पर अभियान चलाएं एवं संबंधित उपजिलाधिकारियों को भी निर्देशित किया की बॉर्डर पर सतर्कता बरते। दीपावली त्योहार के संबंध में जिलाधिकारी ने कहा कि सात-आठ नवंबर से दीपावली का मेला प्रारंभ हो जाएगा। उन्होंने अधिशासी अधिकारी कर्वी को निर्देशित किया कि पार्किंग की व्यवस्था में चूने से भी मार्किंग कराए व पार्किंग स्थलों की सूची भी शेयर करें ताकि सब अपनी ड्यूटी को समझ ले।

कहा कि मोबाइल टॉयलेट की भी व्यवस्था करें एवं सीसीटीवी कैमरे खोही तिराहे से यूपीटीयू तक एवं पार्किंग स्पॉट पर भी लगाए। साफ-सफाई की व्यवस्था अधिशासी अधिकारी व जिला पंचायत राज अधिकारी समन्वय बनाकर कराएं। एआरटीओ को निर्देशित किए कि पार्किंग में जो गाड़ियां पहले से आ जाती है उस पर भी छह तारीख से पहले प्रतिबंध लगाना शुरू करें।

प्रत्येक कार्यकर्ता को वैचारिक कार्य पद्धति जानना जरूरी: महेंद्र कुमार

राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ कानपुर प्रान्त का दो दिवसीय अभ्यास वर्ग सम्पन्न

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट

प्रत्येक कार्यकर्ता अपने संगठन की प्रतिभा व विचारों का वाहक होता है। जनमानस में संगठन के बारे में अनुकूल या प्रतिकूल मत कार्यकर्ताओं के व्यवहार, चाल-चलन व उनके आचरण से बनता है। इसलिए कार्यकर्ताओं का व्यवहार किसी भी संगठन में महत्वपूर्ण है। इसलिए हमारे प्रत्येक कार्यकर्ता को अपने व्यवहार के बारे में सतर्क रहना चाहिए। राष्ट्र निर्माण हमारा लक्ष्य और कार्यकर्ता साधक, संगठन साधन का कार्य करता है। ये बात राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के प्रदेश प्रभारी महेंद्र कुमार ने राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश कानपुर प्रांत द्वारा आनंद रिसोर्ट सीतापुर चित्रकूट में आयोजित दो दिवसीय कार्यकर्ता अभ्यास वर्ग में कही। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश प्रभारी महेंद्र कुमार व अन्य प्रदेशीय पदाधिकारियों द्वारा माँ सरस्वती व माँ भारती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम संचालन कानपुर मंडल महामंत्री संजय त्रिपाठी द्वारा किया गया। अभ्यास वर्ग दो दिवसों में आठ सत्रों में सम्पन्न हुआ। जिसमें प्रथम दिवस के प्रथम सत्र में प्रदेश प्रभारी महेंद्र कुमार द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा बताई गई व द्वितीय सत्र में 'हमारा वैचारिक अधिष्ठान' विषय पर चर्चा की गई। तृतीय सत्र में प्रदेश उपाध्यक्ष राम शुक्ला द्वारा कार्यक्रम की 'संकल्पना, रचना व उद्देश्य' पर प्रकाश डाला गया। चतुर्थ सत्र में प्रदेश अध्यक्ष अजीत सिंह द्वारा 'प्रवास' विषय पर चर्चा की गई। पंचम सत्र में प्रदेश मीडिया प्रभारी बृजेश श्रीवास्तव द्वारा ज्ञापन निर्माण, प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रानिक मीडिया व सोशल मीडिया विषय पर चर्चा की गई तथा प्रदेश अध्यक्ष अजीत सिंह द्वारा मंडलवार जनपदों से शिक्षक समस्याओं को पूछा गया और उनके निराकरण की रूपरेखा बनाई गई। कार्यक्रम के द्वितीय दिवस में षष्ठम सत्र में प्रदेश प्रभारी महेंद्र कुमार द्वारा 'कार्य पद्धति व कार्यकर्ता' विषय पर चर्चा की गई। सप्तम सत्र में प्रदेश में संयुक्त मंत्री प्रदीप कुमार तिवारी द्वारा 'संगठन का लक्ष्य 2025' व 'मेरा विद्यालय, मेरा तीर्थ' विषय पर चर्चा की गई। अष्टम समापन सत्र में प्रदेश प्रभारी महेंद्र कुमार व प्रदेश अध्यक्ष अजीत सिंह द्वारा व्यवस्था में लगे हुए लोगों व आगंतुकों को धन्यवाद दिया गया व आगंतुकों को स्मृति चिन्ह प्रदान करते हुए कार्यक्रम समापन की घोषणा की गई। कार्यक्रम में प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष मातादीन द्विवेदी, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रताप कटियार, प्रदेशी कोषाध्यक्ष पवन शंकर दीक्षित, प्रदेश मंत्री जितेंद्र त्रिपाठी, झाँसी मण्डल अध्यक्ष अरविंद तिवारी, लवकुश चित्रकूट मडंल सदस्यता प्रभारी व मंडलीय मीडिया प्रमुख, ऋषिरंजन महामंत्री चित्रकूट धाम मण्डल, चन्द्र प्रकाश द्विवेदी जिलाध्यक्ष चित्रकूट, बेनीप्रसाद यादव जिलाध्यक्ष महोबा, पंकज सिंह जिलाध्यक्ष बाँदा, रामपाल जिलाध्यक्ष हमीरपुर, अरविंद श्रीवास्तव जिलाध्यक्ष झांसी, वीरेंद्र रजक कार्यकारी जिलाध्यक्ष ललितपुर, प्रदीप सिंह जिलाध्यक्ष जालौन, इलयास मंसूरी जिला महामंत्री जालौन, मुकेश चंद्र जिलाध्यक्ष औरैया, जितेंद्र त्रिपाठी जिलाध्यक्ष इटावा, जय कुमार सिंह कानपुर नगर मनोज कुमार शुक्ला कानपुर देहात, दो दिवसीय अभ्यास वर्ग की समस्त प्रकार की व्यवस्थाओं में प्रमुख सहयोगी लवकुश द्विवेदी, ललक पाण्डेय, रामभद्र त्रिपाठी, सत्योम शुक्ला, पंकज मिश्र, प्रमोद अवस्थी, संगठन मंत्री विनोद अवस्थी, जिला मीडिया प्रभारी अनिल अनिवार्य, हेमराज गर्ग, द्रौपदी अग्रवाल, निहारिका श्रीवास्तव, वंदना द्विवेदी, युगल किशोर तिवारी, दयाशंकर, प्रमोद चैरसिया, अरविंद शिवहरे, सोमनाथ, सर्वजीत, सीताराम आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बांध में पानी न होने से किसान हुए परेशान

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट

कुदरत की मार झेल रहे किसानों के लिए अब जिले के बांधों में कम जलाशय भी मुसीबत बना हुआ है। नहरों के सहारे रबी फसल बुआई की आस लिए किसानों को निराशा हाथ लगने वाली है। जिससे पानी के अभाव में किसानों के रबी फसल बुआई के लिए तैयार खेतों पर सूखने का खतरा मंडरा रहा है। ऐसे में सिंचाई विभाग के नोडल अधिकारी अधिशाषी अभियंता आशुतोष कुमार ने केवल नहर प्रणाली के सहारे सिंचाई पर निर्भर किसानों से कम पानी वाली फसल की बुआई एवं खुद के सामर्थ के अनुसार फसल बुआई करने की अपील की है। अधिशाषी अभियंता आशुतोष कुमार ने बताया कि इस बार मानसून अवधि में कम वर्षा होने के कारण बरुआ बांध,ओहन बांध एवं रसिन बांध में जलाशय की कमी है। उन्होंने बताया कि इस बार रबी फसल सिंचाई के लिए बरुआ बांध में कुल 17 फीसदी, ओहन बांध में कुल 14 फीसदी एवं रसिन बांध जलाशय में कुल 37 फीसदी ही पानी की उपलब्धता है। ऐसी स्थिति में बरुआ बांध से नहर संचालन लगभग 15 दिन, ओहन बांध से 14 दिन एवं रसिन बांध से लगभग 43 दिन ही पानी की उपलब्धता प्रस्तावित नजर आ रही है। जिसके चलते इस बार रबी फसल गेहूं की पूरी सिंचाई कराने में असमर्थ प्रतीत हो रहा है। ऐसी स्थित में अधिशाषी अभियंता ने संबंधित बांधो से प्रभावित किसानों को अवगत कराते हुए नहर प्रणाली के माध्यम से सिंचाई के लिए उपलब्ध पानी के अनुसार कम पानी वाली फसलों की बुआई करने साथ ही अपनी सामर्थ के अनुसार सिंचाई व्यवस्था करके रबी फसल की बुआई करने की अपील की है।

पानी के अभाव में किसानों के तैयार खेत न सूखे और रबी फसल की बुआई बाधित न हो इसके लिए सिंचाई विभाग ने किसानों से स्प्रिंकलर सेट या निजी नलकूपों के माध्यम से सिंचाई करने के लिए भी अपील की है।

पीएम-सीएम आवास योजना से नही निकल रहा भ्रष्टाचार का जिन्न

जन एक्सप्रेस | फतेहपुर

भ्रष्टाचार का केन्द्र बना प्रधान मंत्री आवास योजना के तहत् एक ही परिवार दो बार आवास का लाभ दिया जा चुका है। वही आवास योजना की पात्रता का मानक 20 से 50 रुपये ग्राम प्रधान व सेकेट्री का बनता जा रहा है। आवास योजना का लाभ लेना है तो पहले 50 हजार रुपये एकत्रित करिये और मानक सीमा मे आकर लाभार्थी मे अपना नाम दर्ज कराये। अन्यथा अपात्र घोषित कर दिया जायेगा। जब कि समाधान दिवस सहित अन्य कार्य दिवसो मे खण्ड विकास कार्यलय से लेकर उच्चाधिकारियो तक शिकायतो का अम्बार लगा है। लेकिन कार्यवाही शून्य ही देखने को मिल रही है। अपात्रों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिए जाने पर ग्रामीण न्यायलयो से न्याय की गुहार लगाने का मन बना रहे है। जिससे कि शासन की प्रधान मंत्री आवास योजना का लाभ पात्र को मिल सके। जहाँ शासन की मंसा स्वच्छ भारत के चलते घर-घर शौचालय और गरीबो को छत देने के लिए आवास योजना का संचालन किया गया। वही गरीब को छत नही मिल रही बल्कि छत वालो की बहुमंजिला आवास बनते जा रहे है। ग्रामीणो की माने तो गॉवो की सरकार बदलते ही एक बार फिर आवास योजना में भारी भ्रष्टाचार शुरु हो गया। वही सरकार की सख्ती के चलते आवास और शौचालय पात्रता सूची तक पहुँचे के लिए सुविधा शुल्क बढ गया है।

कामन सर्विस सेन्टर संचालकों को बनाया जायेगा कर्मयोगी

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट

कामन सर्विसेज सेंटर ई-गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड सम्पूर्ण भारत वर्ष में अपने डिजिटल सेवा केन्द्र संचालकों के माध्यम से आम जन मानस को गवर्मेंट-टू-सिटिजन (जी.टू.सी.) एवं बिजनेस-टू-कंज्यूमर (बी.टू.सी.) सेवायें जैसे टेली-लॉ, प्रधानमंत्री ग्रामीण डिजिटल साक्षरता अभियान, आयुष्मान भारत, वोटर आई.डी. कार्ड, पैनकार्ड, प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, बिजली बिल, बैंक अकाउंट आदि प्रदान की जा रही है, जिससे आम जनमानस को घर बैठे व ग्रामीण परिवेश में ही सारी सुविधाएं मिल रही है तथा ग्रामीण स्तर पर ही लोगों को शासन की समस्त सेवायें प्रदान करने हेतु सी.एस.सी. प्रयत्नशील है।

इसी क्रम में जनपद चित्रकूट तहसील कर्वी सभागार में 40 डिजिटल सेवा केन्द्र संचालकों/जनसेवा केन्द्र संचालकों को मिशन कर्मयोगी योजना अन्तर्गत एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें इंटरैक्टिव सत्रों, केस स्टडीज और सामूहिक गतिविधियों के माध्यम से प्रतिभागियों को अपनी समझ बढाने तथा नये दृष्टिकोण हासिल करने का अवसर मिला, जिन्हें उनकी सम्बन्धित कार्यो की विभिन्न भूमिकाओं में लागू किया जा सकता है। मिशन कर्मयोगी योजना अन्तर्गत अभी तक रेलवे विभाग, डाक विभाग आदि के कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया है इस चरण में डिजिटल सेवाकेन्द्र संचालकों/जनसेवा केन्द्र संचालकों को प्रशिक्षित किया जाना है।

इस एक दिवसीय प्रशिक्षण का संचालन मास्टर ट्रेनर सी.एस.सी. जिला समन्वयक बदरूद्दीन खान व जिला प्रबंधक अतुल कुमार द्वारा तहसील सभागार कर्वी प्रांगण में किया गया।

प्रशिक्षण में डिजिटल सेवाकेन्द्र संचालकों को अपने कार्य के प्रति प्रतिबद्धता व बेनेफिसरी संतुष्टि के बारे में प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रशिक्षित किया गया।

लाखों की लागत से बना खेल मैदान अन्ना जानवरों के चारागाह व शराबियों का अड्डा

जन एक्सप्रेस | फतेहपुर

विजयीपुर विकास खंड के रायपुर भसरौल ग्राम पंचायत में निर्माणाधीन खेल मैदान, चारागाह लग रहा है। लाखों रुपये की धनराशि खर्च होने के बाद भी मैदान में खेलकूद गतिविधियां नहीं शुरू हो सकीं। खेल सामग्री बिना उपयोग ही गिरने लगी है। चहार दीवारी में कई जगह दरारें आने से इसकी गुणवत्ता पर भी सवाल खड़े होने लगे हैं। मुख्य द्वार खुलने पर यहां मवेशियों का विचरण बना रहता है। विजयीपुर विकास खंड क्षेत्र की सात ग्राम पंचायतों में ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को निखारने के उद्देश्य से मैदान तैयार किए जा रहे हैं। वर्ष 2021-22 में राज्य वित्त एवं मनरेगा से अमनी, खासमऊ, रायपुर भसरौल, रानीपुर भखरना, ब्राम्हणपुर तथा तक्कीपुर कठरिया समेत सात ग्राम पंचायतों में लाखों रुपये की लागत से खेल मैदान तैयार करने की योजना बनाई गई थी। दो वर्ष का समय बीत जाने के बाद भी किसी मैदान पर खेलकूद गतिविधियां आरंभ नहीं हो सकीं। अधूरे पड़े खेल मैदानों पर बड़ी-बड़ी घास खड़ी है। गेट खुला होने पर अक्सर मैदान के अंदर मवेशियों का झुंड पहुंच जाता है। क्षेत्र में ही चार और ग्राम पंचायतों में खेल मैदान बनने हैं। हालांकि अभी इनमें काम नहीं शुरू हो सका। ग्राम पंचायत तक्कीपुर कठरिया में बन रहे खेल मैदान पर आठ लाख, अमनी ग्राम पंचायत में 13 लाख, ग्राम पंचायत रानीपुर भखरना में 10.39 लाख, ग्राम पंचायत ब्राम्हणपुर में 11.34 लाख, ग्राम पंचायत रायपुर भसरौल में 10.17 लाख, ग्राम पंचायत खासमऊ में बड़े मैदान में 11.53 लाख तथा छोटे खेल मैदान पर एक लाख 56 हजार रुपये की धनराशि खर्च की जा चुकी है।

ऐसा ही कुछ हाल नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नम्बर एक के कुटी पर स्थित खेल मैदान का है। खेल मैदान के नाम से लाखो रुपये की लागत से तैयार किया गया है। जिसमे बरसात मे जल भराव व अन्य दिनो मे अन्ना जानवरो का चारागाह बन कर रह गया है।

जनप्रतिनिधियों के साथ डीएम-एसपी ने की बैठक जाना जन समस्याओं का हाल

जन एक्सप्रेस | फतेहपुर

जिले की विभिन्न समस्याओं को एकत्र किए जाने सहित जनपदीय कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाये जाने की दिशा में जिलाधिकारी सी. इन्दुमती व पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह ने जिले के सभी जनप्रतिनिधियों के साथ गोष्ठी आयोजित की। गोष्ठी में आई समस्याओं को तत्काल निस्तारण करने पर जोर दिया गया। पुलिस लाइन स्थित गेस्ट हाउस में डीएम व एसपी की अगुवाई में गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के जनप्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

गोष्ठी के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने अधिकारियों के समक्ष क्षेत्रीय समस्याओं के साथ-साथ कानून व्यवस्था को लेकर चर्चा की। अधिकारियों ने कहा कि शासन की योजनाओं को जहां पात्रों तक पहुंचाया जाये वहीं कानून व्यवस्था को लेकर प्रभावी कदम उठाये जायें। जिससे समाज के बीच सरकार की छवि अच्छी बन सके। जनप्रतिनिधियों की समस्याओं को सुनने के बाद जिलाधिकारी ने कहा कि जो सुझाव व समस्याएं जनप्रतिनिधियों ने बताई हैं उनके निस्तारण के लिए तत्काल प्रयास किये जायेंगे। जिले के सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया जायेगा। उन्होने मानवीयों को बताया कि सरकार की सभी महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ पात्रों को दिलाये जाने का प्रयास किया जा रहा है जहां कहीं भी समस्या आयेगी वह स्वयं मामले का निस्तारण कराने का प्रयास करेंगी। गोष्ठी को संबोधित करते हुए एसपी उदय शंकर सिंह ने कहा कि जिले की कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाये जाने के लिए वह लगातार प्रयास कर रहे हैं। थानों में वर्षों से जमे हुए पुलिस कर्मियों का बड़ी संख्या में फेरबदल किया है। उन्होने अधीनस्थों को सख्त हिदायत दिया है कि अपराधियों को जेल की सलाखों के पीछे भेजा जाये। गांव-गांव पुलिस मित्र बनाये जायें। जिससे कानून व्यवस्था को मजबूत किया जा सके। गोष्ठी के दौरान सदर विधायक चन्द्र प्रकाश लोधी, जहानाबाद विधायक राजेन्द्र पटेल, बिंदकी विधायक जय कुमार जैकी, अयाह-शाह विधायक विकास गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह के अलावा अपर पुलिस अधीक्षक विजय शंकर मिश्र, एडीएम, क्षेत्राधिकारी नगर वीर सिंह, एलआईयू निरीक्षक, प्रतिसार निरीक्षक के अलावा अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

मौसम पूर्वानुमान

पूर्वानुमान
भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, अगले पांच दिनों में हल्के से मध्यम बादल छाए रहने के आसार हैं दिनाँक 16-20 सितम्बर, 2023 के मध्य तेज हवाओं एवं मेघ गर्जना के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की से मध्यम बारिश की कोई संभावना है।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 31.2 (+0.2)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 15.0 (-1.2)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 91 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 35 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 1.5 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर-पूर्व
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

महिलाओं को निशाना बनाकर घटना को अंजाम देने वाले तीन लुटेरे गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

शहर में घूम-घूम कर लूट की घटनाओं को अंजाम देने वाले तीन शातिर लुटेरों को नौबस्ता पुलिस ने दबोचा है। इन लुटेरों ने लगभग आधा दर्जन से अधिक घटनाओं को अपने द्वारा अंजाम देने की बात भी कबूल की है। पुलिस कमिश्नर डॉक्टर आर.के. स्वर्णकार ने खुलासा और गिरफ्तारी करने वाली टीम को 50000 पुरस्कार देने की भी घोषणा की है। एडीसीपी साउथ अंकित शर्मा ने प्रेस वार्ता के दौरान जानकारी देते हुए बताया कि प्रतीक बाजपेई पुत्र स्व अनिल बाजपेई , दीपक उर्फ दिलीप मिश्रा पुत्र विनोद कुमार मिश्रा, मयंक अग्निहोत्री उर्फ़ मन्नू पुत्र शैलेंद्र अग्निहोत्री नाम के तीन लुटेरों को नौबस्ता थाने की पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया है। यह भी बताया कि यह लुटेरे कानपुर शहर में घूम-घूम कर गाड़ियां बदल -बदल कर बड़ी-बड़ी घटनाओं को अंजाम देते थे,लुटेरों ने नीली अपाचे, स्कूटी व होंडा शाइन से बीते एक महीने में करीब आधा दर्जन लूट की वारदातों को अंजाम दिया है। इन लुटेरों को वाहनों की चेकिंग के दौरान उस समय गिरफ्तार किया गया है जब यह तीनों सी ओ डी नाले के किनारे संजय नगर की ओर से आ रहे थे।

इन आधा दर्जन घटनाओं को दिया था अंजाम

- दिनांक 30- 9 -2022 को सायं 6 :30 बजे लगभग एलआईसी चौराहा नौबस्ता के पास ई रिक्शा पर जाते व्यक्ति से लूट की घटना को अंजाम दिया था।
- दिनांक 4 -10 -2023 को प्रात: 6 :00 बजे के आसपास रविंद्र नगर नौबस्ता में एक घर के बाहर झाड़ू लगाती महिला से गले में पहनी चैन लूट ली थी।
- दिनांक 25- 10 -2023 को समय करीब लगभग 6:30 बजे पेट्रोल पंप के सामने नाले के किनारे नौबस्ता में खड़ी एक बुजुर्ग महिला के पास रखे बैग को चुराया था जिसमें चैन, अंगूठी सहित अन्य सामान भी था।
- दिनांक 26 -4- 2023 को समय 6 :30 बजे लगभग चकेरी क्षेत्र में श्याम नगर में स्कूटी पर जाति महिला के कंधे से बैग लूट लिया था।
- दिनांक 25 -8- 2023 को लगभग लाल बंगले से आगे आईटीआई कॉलेज के पास एक पैदल जाती महिला के गले से चेन लूट को अंजाम दिया था।
- दिनांक 8-10-2023 को समय लगभग 10 :30 बजे मिलन हॉस्पिटल मार्बल मार्केट जूही के पास से एक व्यक्ति के साथ मोबाइल लूट करी थी।
- दिनांक 2-7 -2023 को साउथ एक्स मॉल के सामने एक महिला से पर्स छीना था।

इन सभी मामलों में आरोपियों के खिलाफ संबंधित थानों से मुकदमे पंजीकृत है। बताते चलें कि पकड़े गए आरोपियों का पुराना आपराधिक इतिहास है।

आरोपियों को गिरफ्तार करने वाली टीम

इन अपराधियों को चेकिंग के दौरान पकड़ने वाली टीम में उ.नि. मोहम्मद अकरम मय उ.नि. सद्दाम खान, उ. नि. जयवीर सिंह, उ. नि. चेतन कुमार, उ. नि. प्रदीप कुमार सिरोही ,उ.नि. राजेश कुमार, उ.नि. रजनीश कुमार ,उ. नि. संदीप शर्मा ,उ. नि. निशांत कुमार, उ.नि. सौरव सिंह, उ नि. अंकुर सैन, हे. कां. विकास चौहान, हे. का. हरगोविंद सिंह ,हे. का. विपिन कुमार, का. सौरभ पांडे शामिल रहे ।

25 नवम्बर को होगा परिचय सम्मेलन और सामूहिक विवाह का आयोजन

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

बीते दिन रविवार को राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन ने शास्त्री नगर सेन्ट्रल पार्क, बगिया में दिव्यांग व्यक्तियों के सामूहिक विवाह के लिए पंजीकरण शिविर का आयोजन किया। जिसमें 23 दिव्यांगजनों ने अपना पंजीकरण कराया। 25 नवम्बर को परिचय सम्मेलन एवं सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जानकारी देते हुए एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार बताया कि 02 नेत्रहीन लड़कियाँ, 02 हाथ पैर से दिव्यांग लड़कियों, 04 नेत्रहीन लड़कों, 03 मूक बधिर लड़कों, 12 चलन क्रिया वाले लड़कों ने अपने आवेदन किये हैं। श्री कुमार ने यह भी बताया कि विकलांग व्यक्तियों के सामूहिक विवाह का पंजीकरण प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से 11 बजे तक शास्त्री नगर सेन्ट्रल पार्क, बगिया, कानपुर नगर में आयोजित होता है। जिन दिव्यांजनों को विवाह के लिए पंजीकरण कराना है वो सम्पर्क कर सकते हैं।

कहासुनी के दौरान युवक पर चाकू से हमला कर किया घायल,हालत गंभीर

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

बीते दिन रविवार को थाना नर्वल क्षेत्र स्थित टौस गांव में कहासुनी के दौरान एक युवक ने दूसरे युवक पर चाकू हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। आरोपी युवक घटना को अंजाम देने के बाद वहां से फरार हो गया। सूचना मिलने पर पहुंची नर्वल थाने की पुलिस ने घायल युवक को अस्पताल में भर्ती करवाया है। मिली जानकारी के अनुसार टौंस चौराहे पर सुबह लगभग साढ़े नौ बजे के करीब ग्राम टौस निवासी रामदास के बेटे कुलदीप कुमार (रैदास) ने आपसी कहासुनी के दौरान उसी के गांव निवासी बलबीर यादव के बेटे अभिषेक यादव पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया और मौके से फरार हो गया। घायल अभिषेक यादव को परिजनों और पुलिस के सहयोग से इलाज के लिए सरसौल सीएचसी भेजा गया जहां से उसे हैलेट रिफर किया गया है। नर्वल पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास में जुट गई है।

श्याम नगर रेलवे ओवर ब्रिज के बगल में लगेगी फूल मण्डी

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

शहर के बड़ा चौराहा के पास कैलाश मन्दिर परिसर में लगने वाली फूलमंडी के कारण लगने वाले जाम को देखते हुए नगर प्रशासन ने फूलमंडी को श्याम नगर रेलवे ओवर ब्रिज के बगल में फूल की मंडी के लिए बने चबूतरे पर फूल उत्पादक किसानों को फूलों के विक्रय हेतु आवंटित कर दिया है। जिसमें सुबह से दोपहर तक फूलो की बिक्री होती रहेगी । चबूतरों की साफ सफाई का कार्य नियमित होता रहेगा। कानपुर के फूल उत्पादक किसानों तथा फूल कारोबारियों ने 28 अक्टूबर से चबूतरो पर फूलो की बिक्री व खरीददारी का कार्य शुरू कर दिया है। उक्त जानकारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से फूल उत्पादक सेवा समिति के संरक्षक सोनेलाल यादव द्वारा दी गई है।

वोटर चेतना अभियान के अंतर्गत घर-घर जाकर मतदाता बढ़ाने की अपील

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

भाजपा दक्षिण जिला इकाई के सभी 169 शक्ति केंद्रों पर रविवार को मन की बात कार्यक्रम सुनने के बाद वोटर चेतना अभियान की शुरुआत की गई। सांसद सत्यदेव पचौरी और दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने ओमपुरवा मंडल के सरस्वती विद्यालय शक्ति केंद्र में कार्यकर्ताओं के साथ पीएम मोदी के मन की बात सुनी।कार्यक्रम सुनने के बाद सांसद और शिवराम सिंह द्वारा कार्यकर्ताओं को मतदाता सूची वितरित कर सभी कार्यकर्ताओं से वोटर चेतना अभियान के अंतर्गत घर-घर जाकर अधिक से अधिक मतदाता बढ़ाने की अपील की गई। उन्होंने 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले सभी नौजवानों के नाम मतदाता सूची में शामिल करने और घर-घर कुंडी खटखटाकर मतदाता ढूंढने की बात कही। वही सांसद देवेंद्र सिंह भोले, विधायक महेश त्रिवेदी, एमएलसी अरुण पाठक, रघुनंदन सिंह भदौरिया, ब्लॉक प्रमुख डॉ.विजय रत्ना तोमर ने अपने अपने प्रभार वाले शक्ति केंद्रों व विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने अपने कैम्प कार्यालय में मन की बात सुनी। इस अवसर पर राम बहादुर यादव,ज्ञानू मिश्रा, जसविंदर सिंह, वंदना गुप्ता, अर्जुन बेरिया, राजन चौहान, मीडिया प्रभारी मनीष त्रिपाठी,शिवम मिश्रा,अमित बाजपेई आदि मौजूद रहे।

पैरा एशियाई गेम्स के खिलाड़ियों ने 111 मेडल जीतकर रचा एक नया इतिहास

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने मन की बात कार्यक्रम में रविवार को पैरा एशियाई गेम्स के खिलाड़ियों द्वारा 111 मेडल जीतकर एक नया इतिहास रच कर भारत का नाम रोशन करने पर सभी खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने लोकल फॉर वोकल का जिक्र करते हुए स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि खादी से जुड़े व स्वदेश निर्मित वस्तुओं की खरीदारी सिर्फ त्यौहारों पर न कर वर्षभर करनी चाहिए।

महिला स्वास्थ्य और स्वच्छता विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय के गर्ल्स कॉमन रूम में मिशन शक्ति 4.0 के अंतर्गत एनसीसी और हॉस्टल काउंसिल ने संयुक्त रूप से रविवार को महिला स्वास्थ्य और स्वच्छता विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता एवं समूह चर्चा का आयोजन किया। जिसमे सभी हॉस्टल की छात्राओं ने महिलाओं के स्वास्थ्य एवं स्वच्छता पर समूह चर्चा कर अपने विचार रखे। उन्होंने माहवारी, साफ सफाई, और महिलाओं के स्वास्थ्य के बारे में रंग-बिरंगे पोस्टर्स बनाएं तथा मेंस्ट्रूअल कप के इस्तेमाल, मूड स्विंग्स, महावारी के बारे में चुप्पी तोड़ने, सैनिटरी पैड के सही इस्तेमाल आदि महिला सामान्य स्वास्थ्य संबंधित विषयों पर अपने विचार रखें। कार्यक्रम समन्वयक डॉ.अनुराधा कालानी ने छात्राओं का मनोबल बढ़ाने के लिए काउंसलिंग की।

कराटे प्रतियोगिता में तीन सौ खिलाड़ियों ने बिखेरा अपना जलवा

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

दो दिवसीय स्कूल स्टेट कराटे प्रतियोगिता में कई खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन रहा, जिसमें देश के कई उभरते हुए खिलाड़ियों की छवि देखने को मिली/प्रतियोगिता में दूसरे दिन विभिन्न जिलों में लखनऊ, उन्नाव, छिबरामऊ, कन्नौज, उरई, रायबरेली, फतेहपुर, रमाबाई नगर (कानपुर देहात) के लगभग 300 खिभिडियो ने प्रतिभाग किया। इस प्रतियोगिता के समापन के मुख्य अभिति भारत सरकार के समाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय और नानचाकू एशोसियेशन ऑफ इंडिया के चैयरमैन डा0 रोहित सक्सेना रहे। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने का आयोजन समित में सचिव शिहान बाबुल वर्मा, जगत बाबू शर्मा (एडवोकेट), योगेन्द्र शर्मा, विजय कुशवाह, शालिनी, अजय, राखा कश्यप, अजीत, पलक, सीमा है।

विजेता स्कूलों के नाम

एकेडमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल, आशा, पब्लिक स्कूल कनौज तिर्वा कन्नौज न्यू स्टेविंग स्टोन्स इण्टरनेशनल स्कूल दून इंटरनेशनल स्कूल रोजवर्ल्ड सीनियर सैकेन्डरी स्कूल चिन्टल स्कूल अलवाइट ग्लोबल स्कूल राजकीय बालिका इंटर स्कूल, उन्नाव एच. एल. एस.डी स्कूल, उनाव एम्. एस. इण्टर स्कूल, उन्नाव सिद्धार्थ ग्लोवल स्कूल सीनियर सैकेन्डरी स्कूल, लखनऊ देहली पब्लिक स्कूल, लखनऊ सुभाष पक्कि सोनियर सैकेन्डरी स्कूल कानपुर ज्योति एकेडमी, कन्नौज, पू0 मा0 विद्यालय, कन्नौज

कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम में 25-25 कृषकों के समूहों ने किया प्रतिभाग

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्र दिलीप नगर पर राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत उद्यान विभाग कानपुर देहात के सहयोग से कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उपनिदेशक उद्यान कानपुर मंडल डॉ.बलजीत सिंह की अध्यक्षता में हुए इस दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम मे 25-25 कृषकों के समूहो ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के अंतिम दिन रविवार को जिला उद्यान अधिकारी कानपुर देहात डॉ.बलदेव प्रसाद द्वारा उद्यान विभाग में संचालित ड्रिप सिंचाई, मिनी स्प्रिंकलर सिंचाई एवं पोर्टेबल स्प्रिंकलर तथा साग भाजी की खेती तथा फूलों से संबंधित गेंदा की खेती व प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के बारे में जानकारी दी गई। केन्द्र के उद्यान वैज्ञानिक डॉक्टर अरुण कुमार सिंह द्वारा लो टनल विधि से सब्जियों की पौध तैयार करने की विधि तथा खेती की लागत कम व उत्पादन अधिक से संबंधित फसलों पर विस्तार से जानकारी दी गई। केंद्र के प्रभारी डॉ.अजय कुमार सिंह ने मसाला फसलों में रोग नियंत्रण की जानकारी देते हुए कहा कि वैज्ञानिक विधि से मसालों की खेती अधिक लाभप्रद होती है। डॉ.खलील खान द्वारा फल वर्षों में खाद एवं उर्वरक प्रबंधन फूलों की खेती तथा उसके विपणन के बारे में जानकारी दी। वही डॉ.निमिषा अवस्थी द्वारा फल एवं सब्जियों के परिरक्षण पर विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर योजना प्रभारी घनश्याम, रमेश चंद्र कटियार एवं सुरेश कुमार आदि मौजूद रहे।

सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर निकालेंगे 11 किलोमीटर की ऐतिहासिक रैली: जेपी कटियार

जन एक्सप्रेस | बिल्हौर

बिल्हौर तहसील क्षेत्र में 31 अक्टूबर को सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती मनाई जाएगी इसमें कस्बे के बिल्हौर इंटर कॉलेज ग्राउंड पर सुबह 8:00 बजे से सभी लोग इकट्ठा होकर एक रैली का रूप लेकर 11 किलोमीटर तक मोटरसाइकिल रैली से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता अरौल कस्बे में पहुंचकर सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर फूल माला पहनकर वहां पर उनके द्वारा किए हुए कार्यों के बारे में गणमान्य व्यक्ति अपने-अपने विचार व्यक्त करेंगे इसके बाद सभी जनमानस समूह को एक गेस्ट हाउस में भोजन व्यवस्था भी की गई है। सभी कार्यकर्ता समय से पहुंच कर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है इस ऐतिहासिक कार्यक्रम की रूपरेखा रविवार को बिल्हौर में भाजपा पूर्व जिला उपाध्यक्ष जेपी कटियार के आवास पर वरिष्ठ अधिवक्ता विक्रम मिश्रा आदि सभी कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर अपने-अपने विचार व्यक्त किया यह भी शक्त निर्देश दिए गए हैं की यातायात नियमों का पालन करना और सभी को हेलमेट लगाना अनिवार्य है।

मनुष्य में ज्ञान एवं भक्ति का समावेश होना जरूरी: शिवाकांत जी महाराज

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर



कथा के प्रथम दिवस अंतर्राष्ट्रीय कथा व्यास पं0 शिवा कान्त महाराज ने बताया मनुष्य में ज्ञान एवं भक्ति का समावेश होना जरूरी है क्योंकि बिना ज्ञान के भक्ति अंधी होती है और बिना भक्ति के ज्ञान लंगड़ा होता है जब कई जन्मों के पुण्य उदय होते हैं तब भगवान की कथा सुनने को मिलती है जब तक प्रत्येक हिंदू जागेगा नहीं तब तक सनातन मजबूत नहीं होगा महाराज श्री ने कहा सनातन को खत्म करने वाले एवं सनातन के खिलाफ साजिश रचने वाले खुद खत्म हो जाएंगे महाराज श्री अभी पूर्व में कुछ दिन पहले सनातन धर्म का प्रचार प्रसार करने के लिए 27 दिन लंदन में रहे और वहां पर विदेशी नागरिकों के बीच में भारत की संस्कृति को महाराज श्री ने बताने का काम किया एवं महाराज श्री ने भारत के तिरंगे को लंदन में फहराया कई विदेशी नागरिकों को सनातन संस्कृति से जोड़कर सनातनी बनाया महाराज श्री ने संकल्प लिया कि भारत लौटने पर पूरे विश्व में सनातन यात्रा निकाल कर सनातन के प्रति भारत के प्रत्येक नागरिक को जागरूक करने का काम करेंगे सनातन संस्कृति से अच्छी कोई संस्कृति हो ही नहीं सकती है क्योंकि प्रातः काल उठि के रघुनाथा मात पिता गुरु नावाहि माथा कथा के प्रथम दिवस महाराज श्री ने बताया भारत एक दिन अवश्य विश्व गुरु बनेगा और फिर से सोने की चिड़िया कहलाएगा महाराज श्री ने भागवत कथा के समय श्रोता समाज को कहा प्रत्येक कार्य करते समय मनुष्य को भगवान का स्मरण करना चाहिए जेहि घर साधु न पूजिए हरि की सेवा नाहि ते घर मरघट सारखे भूत बरे तिन माहि जिस घर में सज्जनों की कद्र नहीं होती है जो मनुष्य माता-पिता गुरु एवं भगवान की पूजा नहीं करते हैं उसे घर में आए दिन लड़ाई झगड़ा क्लेश बना रहता है वो घर मरघट के समान माना गया है बिठूर भाजपा विधायक अभिजीत सिंह सांगा ने प्रथम दिवस की कथा में पहुंचकर व्यास पूजन कर व्यास जी का आशीर्वाद प्राप्त किया एवं पीतांबर पहनाकर व्यास जी को सम्मानित किया भाजपा मंडल अध्यक्ष बिठूर पुष्कर शुक्ला , श्रीकान्त त्रिपाठी प्रधान सिंहपुर , पारस दुबे समाज सेवी भाजपा नेता ने व्यास पूजन कर व्यास जी म को भगवान श्री कृष्ण राधा की सीनरी देकर सम्मानित किया। कथा में मुख्य यजमान के रूप में उपस्थित रहे बृजभूषण शुक्ला , सरला शुक्ला , आचार्य शिवम मिश्रा , आचार्य सुनील , आचार्य आशुतोष गौड़ के द्वारा पूजन कराया गया कार्यक्रम की पूरी जानकारी पं0 उत्तम शुक्ला द्वारा गई।

पीईटी परीक्षा के दौरान रविवार को भी दबोचा गया सॉल्वर

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

पीईटी परीक्षा के पहले दिन शनिवार को में शहर के अंदर अलग-अलग केंद्रों में तीन सॉल्वर पकड़े गए थे। वहीं, रविवार को पहली पाली की परीक्षा में एक सॉल्वर दबोचा गया। सॉल्वर ने बताया कि वह दूसरे की जगह पर पेपर देने आया था। बायोमेट्रिक मैच न होने पर उसे दबोच लिया गया। गोविंद नगर के गांधी स्मारक इंटर कॉलेज में सॉल्वर को पकड़ा गया। गोविंद नगर थाना प्रभारी देवेंद्र दुबे ने बताया कि प्रयागराज निवासी विकास केसरी की जगह पर प्रयागराज का अभिषेक तिवारी परीक्षा दे रहा था। परीक्षा के दौरान जब बायोमेट्रिक मैच नहीं हुआ तो आयोग की तरफ से सूचना मिली कि परीक्षा में एक सॉल्वर शामिल हुआ है। इस पर स्कूल प्रबंधक सक्रिय हुआ और अभिषेक के पास पहुंचकर दस्तावेज देखें, जिसमें अभिषेक फंस गया। अभिषेक ने बताया कि वह विकास केसरी की जगह पर खुद परीक्षा देने आया था।विकास केसरी विद्यालय के पास में ही मौजूद था।पुलिस ने विकास को भी दबोच लिया और उससे पूछताछ की जा रही है। सूत्रों के मुताबिक विकास केसरी पिछले तीन बार से पेट की परीक्षा दे रहा था, लेकिन वह सफल नहीं हो पा रहा था। इसलिए उसने सॉल्वर की मदद ली। पिछले दो हफ्ता पूर्व वह सॉल्वर के संपर्क में आया था। पुलिस की पूछताछ में यह भी बात सामने आई की सॉल्वर ने आधा पैसा परीक्षा से पहले और आधा पैसा परीक्षा के बाद लेना था।

सांसद स्मृति ईरानी का एक दिवसीय अमेठी दौरा आज

* कोका कोला फैक्ट्री के उद्घाटन में होंगी शामिल
* मुख्यमंत्री योगी बॉटलिंग प्लांट का करेंगे उद्घाटन

मुख्यमंत्री योगी अमेठी में बॉटलिंग प्लांट का करेंगे उद्घाटन

सूत्रों के अनुसार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का एक दिवसीय जनपद भ्रमण कार्यक्रम आज होना प्रस्तावित है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री अपरान्ह 02:45 बजे जनपद अमेठी के त्रिसुण्डी औद्योगिक क्षेत्र पहुॅचकर एसएलएमजी के बाटलिंग प्लान्ट का उद्घाटन करेंगे।

जन एक्सप्रेस । अमेठी

केंद्रीय मंत्री और अमेठी सांसद स्मृति ईरानी आज सोमवार को एक दिवसीय दौरे पर अपने संसदीय क्षेत्र अमेठी आ रही हैं। जहां वे कई भाजपा नेताओं के घर जाकर शोक संवेदना व्यक्त करेंगी। साथ ही त्रिसुंडी में स्थित एसएलएमजी बेवरेज की कोका कोला फैक्ट्री के उद्द्घाटन कार्यक्रम में शामिल होंगी।दरअसल स्मृति ईरानी एक दिवसीय दौरे पर अपने संसदीय क्षेत्र अमेठी के अलग अलग ब्लाकों में स्थित तीन भाजपा नेताओं के घर जाकर शोक संवेदना व्यक्त करेंगी।सांसद भादर ब्लाक के अयोध्या प्रयागराज हाइवे पर स्थित त्रिसुंडी गांव में एसएल एमजी बेवरेज की कोका फैक्ट्री के उद्द्घाटन कार्यक्रम में शामिल होंगी। गौरतलब है कि पन्द्रह दिन के भीतर सांसद का दूसरा अमेठी दौरा होगा। केंद्रीय मंत्री के प्रतिनिधि विजय गुप्ता ने बताया कि सांसद स्मृति ईरानी विमान से लखनऊ पहुंचेगी। वहां से वे सीधे सड़क मार्ग से हैदरगढ़, जगदीशपुर व मुसाफिरखाना होते हुए शाहगढ़ के समशेरिया निवासी पूर्व बीडीसी काशी प्रसाद मिश्र के घर पहुंचेगी। शोक संवेदना व्यक्त करने के बाद संग्रामपुर के बिराहिमपुर निवासी दिवंगत बूथ अध्यक्ष स्व.सुरेन्द्र बहादुर सिंह के घर पहुंच कर परिवार के लोगों से मिलेंगी।यहां से निकलकर अमेठी ब्लाक के गांव ज्ञानचन्द्रपुर बनकटवा महसो में स्व. डा.त्रिभुवन नाथ द्विवेदी के घर पौने एक बजे के करीब पहुंच शोक संवेदना व्यक्त करने के बाद वे दो बजे भादर ब्लाक के औद्योगिक क्षेत्र त्रिशुंडी में एसएलएमजी बेवरेजेज प्राइवेट लिमिटेड के उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल होंगी।केंद्रीय मंत्री के प्रतिनिधि विजय गुप्ता एवं भाजपा जिला प्रवक्ता चंद्रमौली सिंह ने बताया कि दीदी के आगमन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

माँ के भंडारे में उमडी भीड़, हजारों भक्तगणों ने प्रसाद किया ग्रहण

जन एक्सप्रेस । सुलतानपुर

महिला थाने के सामने मकरंद तिवारी काम्प्लेक्स करौंदिया स्थित सायं 7 बजे से माँ भवानी के आशीर्वाद से प्रारंभ हुआ भंडारा देर रात्री तक चलता रहा जहां हजारों भक्तगणों ने माता रानी का प्रसाद ग्रहण किया। समाजसेवी मनोज तिवारी ने बताया कि पिछले चार वर्षों से अपने बाबा मकरंद तिवारी के नाम से बने काम्प्लेक्स पर परिजनों व ईष्ट, मित्रों के सहयोग से भंडारें का आयोजन किया जा रहा है। हजारों भक्तगण भंडारे में मातारानी का प्रसाद ग्रहण करते है।मातारानी की कृपा भक्तगणों के साथ ही मुझपर व मेरे परिवार और ईष्टमित्रों पर बनी रहती है। उन्होनें बताया कि भंडारे में मेरे अनुज महेश तिवारी, पुत्र सूरज तिवारी, अमन तिवरी, पौत्र शौर्य व पौत्री सौम्या तिवारी मित्रगणों में बलराम तिवारी, रिऋ तिवारी, अभिषेक सिंह, शुभम सिंह व विमल तिवारी का सहयोग रहा और निराला नगर चौकी इंचार्ज सै.नियाजी हुसैन और उनके हमराहियों का भी कानून व्यवस्था चुस्त-दुरूस्त करने में बहुत सराहनीय कार्य रहा है।

सामाजिक क्षेत्र में पत्रकारों का योगदान सराहनीय : डीएम

जन एक्सप्रेस । सुल्तानपुर

जिले में खासतौर से पत्रकार महासंघ की तरफ से निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन सराहनीय हैं।जितनी तारीफ की जाय कम है,मुझे भले ही अभी जिले में आए 25 दिन पूरे हो रहे है।लेकिन भले ही सभी से मुलाकात अभी नही हो पाई है।फिर भी किसी न किसी माध्यम से एक दूसरे से जुड़े अवश्य है।ये बातें शिविर में डीएम कृत्तिका ज्योत्स्ना ने कही और इस पहल पर धन्यवाद भी जताया। वही एसपी सोमेन बर्मा ने कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि दूसरी वर्ष की दुर्गा पूजा में रहने का अवसर मिला है।यहां के पत्रकार बंधुओं का सदैव सहयोग मिलता है। सीएमओ, सीएमएस व डा रवि त्रिपाठी ने संक्रमण रोगों के प्रति जागरूक किया।सैकड़ों मरीजों को निःशुल्क इलाज व दवाएं वितरित की गई। शिविर का आयोजन विसर्जन के दिन राष्ट्रीय चिकित्सा प्रभारी डा.अशोक मिश्र, सत्यप्रकाश गुप्ता, मंडल अध्यक्ष अनुराग द्विवेदी, जिला संयोजक नरेंद्र द्विवेदी के नेतृत्व में हुआ।

जिसमे मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.ओपी चौधरी,सीएमएस डॉ. एस.के गोयल,जिला सूचना अधिकारी डॉ.धीरेंद्र यादव,वरिष्ठ नेत्र सर्जन डॉ रवि त्रिपाठी, डॉ.आस्था त्रिपाठी, डॉ.आभा सिंह डॉ.शैलेंद्र त्रिपाठी, वरुण मिश्रा, बार सचिव आर्तमणिमिश्रा सपत्नीक, अभिषेक सिंह,अरुण द्विवेदी, अरुण सिंह, दिनेश मिश्रा मौजूद रहे। संगठन के अंजनी तिवारी ने संचालन किया।

नारी शक्ति वंदन अधिनियम ऐतिहासिक कदम : राजेश अग्रहरी

जन एक्सप्रेस । अमेठी

जनपद के अमेठी विधानसभा का नारी शक्ति वंदन सम्मेलन रविवार को अमेठी में महिला मोर्चा द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरी रहे।जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा आशा वाजपेई ने आए हुए अतिथियों का स्वागत भाषण किया।सम्मेलन का संचालन जिला महामंत्री निमिषा त्रिपाठी ने किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए राजेश अग्रहरी ने कहा देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम लागू करके देश के लिए ऐतिहासिक कदम उठाया है। जिससे नारी शक्ति आत्मनिर्भर स्वावलंबी एवं सहभागिता बढ़ेगी। आगे आने वाले समय में उज्ज्वल भविष्य के साथ हमारे देश की नारी शक्तियां आगे बढ़ेंगे।देश में 2014 के बाद मोदी सरकार ने बहुत सी योजनाएं लागू करके नारी शक्ति का सम्मान बढ़ाया है। नारी शक्ति वंदन सम्मेलन की संयोजिका प्रतिमा त्रिपाठी एवं सह संयोजिका कुसुम सिंह ने सभी आई हुई नारी शक्ति का चंदन लगाकर सम्मानित किया। आए हुए अतिथियों का आभार पूनम पांडे ने व्यक्त किया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से चंद्रमा देवी पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष, सुधांशु शुक्ला जिला महामंत्री, चन्द्रमौलि सिंह जिला प्रवक्ता, अजय तिवारी मंडल अध्यक्ष अमेठी रेनू वर्मा सोशल मीडिया प्रभारी पुष्पा, संतोष साहू, गीता तिवारी, सुमन शर्मा, उर्मिला मौर्य, संगीता कसौधन, सरिता भालोठिया सहित काफी संख्या में नारी शक्ति उपस्थित रहीं।

नामिका अधिवक्ता पद के इच्छुक आवेदन दस नवम्बर तक

जन एक्सप्रेस । अमेठी

अपर जिलाधिकारी अर्पित गुप्ता ने बताया कि तहसील अमेठी में नामिका अधिवक्ता (राजस्व) के रिक्त एक पद पर नियुक्ति की जानी है। उक्त पद हेतु इच्छुक अधिवक्ता अपना आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में योग्यता व आयु प्रमाण पत्र सहित जिलाधिकारी अमेठी के कार्यालय में न्याय सहायक पटल पर दस नवम्बर सायं पांच बजे तक किसी भी कार्य दिवस में प्रस्तुत कर सकते हैं। तथा उक्त तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्र स्वीकार नही किया जायेगा।उन्होंने बताया कि नामिका अधिवक्ता (राजस्व) पद पर नियुक्ति हेतु निर्धारित योग्यता न्यूनतम पांच वर्ष विधि व्यवसाय का अनुभव आवश्यक है।जो विधिक वर्ग,संस्थान बार के सदस्य हो,इच्छुक अधिवक्ता की आयु 60 वर्ष से अधिक न हो।तथा पिछड़ी जाति एवं अनुसूचित जाति के अभ्यर्थी अपने आवेदन पत्र के साथ जाति प्रमाण पत्र अवश्य संलग्न करेंगे। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि उप्र राजस्व संहिता 2006 यथा संशोधित 2016 अथवा समय-समय पर संशोधित नियमों के अनुसार पारिश्रमिक देय होगा।सभी आवेदनकर्ता को राजस्व वादों से सम्बन्धित विगत दो वर्षो का कार्य विवरण तथा उसमें सफलता का प्रतिशत भी अंकित करना होगा।नियुक्ति व्यवसायिक आबद्धता के रूप में की जायेगी।

तथा जिलाधिकारी को किसी भी समय बिना कोई कारण बताये आबद्धता समाप्त करने का अधिकार होगा। उन्होंने बताया कि समीप के जिलों के विधि व्यवसायी भी उक्त पद हेतु जिलाधिकारी के माध्यम से संलग्न विवरण के अनुसार अपना आवेदन पत्र निर्धारित अवधि में प्रेषित कर सकते हैं।

जल जीवन मिशन की लापरवाही से कई लोग हो रहे सुविधा से वंचित

जन एक्सप्रेस । अमेठी

* घरो से काफी दूर दिये गये कनेक्शन, लाइनों को डालने में क्षतिग्रस्त हुई सड़कों पर मिटटी डाल मरम्मत की सिर्फ खानापूर्ति

जल जीवन मिशन के जिम्मेदारों की लापरवाही से जनपद के कई गांव के लोग सुविधा से वंचित हो रहे हैं। विकास खंड संग्रामपुर के ग्राम सभा सोनारी कनू के घिसियावन पांडेय का पुरवा एवं कन्हई पांडेय का पु?रवा में कुछ इलाके जल जीवन मिशन की सुविधा से वंचित हो रहे हैं। उन इलाकों में पानी की लाइन नही बिछाई जा रही है।ग्राम प्रधान प्रतिनिधि कुंदेश शुक्ला ने बताया कि मेरे द्वारा जल जीवन मिशन के जेई को बताया गया।लेकिन उनके द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है प्रधान प्रतिनिधि ने बताया कि पानी के कनेक्शन घरों से बहुत दूर दिये गये।जिससे लोगों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ेगा। इसको लेकर ग्रामीणों में रोष भी है।जल जीवन मिशन के ठेकेदारो की मनमानी को उजागर करते हुए कहा कि पक्की सड़क, इंटर लॉकिंग तोड़ दिए हैं। और उन गढ्ढो को मिट्टी से भर कर मरम्मत की औपचारिकता ही पूरी की जा रही है।कुंदेश शुक्ला ने जिलाधिकारी अमेठी राकेश कुमार मिश्र एवं अमेठी की सांसद स्मृति ईरानी से इसे संज्ञान में लेने की बात कही है।उन्होंने कहा कि जिन इलाकों में पानी की पाइप लाइन नही जा रही है, वहां पाइप डाली जाए कनेक्शन घरों के करीब दिया जाय।और सही तरीके से इनके द्वारा तोड़ी गयी सड़कों की मरम्मत हो।

ब्लूटूथ के साथ पकड़ा गया परीक्षार्थी, निष्कासित

जन एक्सप्रेस । सुल्तानपुर

प्रारंभिक अहर्ता परीक्षा (PET) में रविवार को ब्लूटूथ लेकर परीक्षा देने पहुंचे एक परीक्षार्थी को केंद्र व्यवस्थापक ने पकड़ा है। केंद्र व्यवस्थापक ने उसे रेस्टिकेट करते हुए आयोग को सूचित किया है। आरोपी युवक जौनपुर जिले का निवासी है। बता दें कि शनिवार को यहां दूसरी पाली की परीक्षा में बिहार का एक सॉल्वर गिरफ्तार किया गया था।

मामला नगर के राणा प्रताप पीजी कॉलेज का है। केंद्र व्यवस्थापक एवं महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डीके त्रिपाठी ने जानकारी देते हुए बताया कि आज प्रारंभिक अहर्ता परीक्षा की प्रथम पाली में आयुष सिंह यादव पुत्र अच्छे लाल यादव निवासी मड़ियाहू जौनपुर रोल 00094338 कक्ष संख्या 17 में परीक्षा दे रहा था। चेकिंग के दौरान उसके पास से कक्ष निरीक्षक डॉ. रमाकांत तिवारी, सीमा कुशवाहा, बृजेश प्रताप सिंह, विपिन सिंह द्वारा ब्लूटूथ पकड़ा गया। जिस पर आयुष को अनुचित साधन प्रयोग में रेस्टिकेट करते हुए आयोग को सूचित कर दिया गया है।

बताते चलें कि इसी कॉलेज में कल दूसरी पाली की परीक्षा में रोल नम्बर 00067239 के वास्तविक परीक्षार्थी अनुराग सोनकर पुत्र नन्हेलाल सोनकर निवासी कुसियन जौनपुर के स्थान पर संदिग्ध युवक परीक्षा दे रहा था। फेस तथा बॉयोमैट्रिक मिलान में आरोपी युवक की पहचान नहीं हो सकी। पकड़े गए आरोपी के आधार कार्ड के अनुसार उसकी पहचान प्रमोद कुमार पुत्र कुलदीप प्रसाद यादव निवासी मंझगांवा थाना नवादा जिला सिरदाला बिहार के रूप में हुई। जिसके खिलाफ कोतवाली नगर में केंद्र व्यवस्थापक की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

प्रखर ने भारतीय क्रिकेट टीम को दिखाया गेंदबाजी का हुनर

जन एक्सप्रेस । सुलतानपुर

लखनऊ में विश्वकप का मैच खेलने आई भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाजों को सुलतानपुर के प्रखर यादव ने भी अटल स्टेडियम में गेंदबाजी की है। तीन दिन के प्रैक्टिस सेशन में उन्होने शुभमन गिल, रविन्द्र जडेजा के एल राहुल, ईशान किशन व आर अश्विन के सामने अपना हुनर दिखा वाहवाही लूटी है।

शहर के शास्त्रीनगर के सुरेश यादव कानपुर के शुक्लागंज में रहते है। उनका बेटा प्रखर कानपुर के अम्बिका प्रसाद अकादमी में क्रिकेट सीख रहा है। भारतीय टीम को नेट प्रैक्टिस कराने के लिए बुलाये गये दर्जन भर नवोदित खिलाड़ियों में वह भी शामिल रहा। मूल रूप से अमेठी के मंगरा गांव निवासी जिला शासकीय अधिवक्ता फ़ौजदारी रहे स्व. राधेश्याम यादव के नाती प्रखर की तेज, स्विंग, यार्कर व बाउंसर गेंदों को रविचन्द्रन अश्विन व ईशान ने खूब सराहा है।

इंडियन टीम के चाइनामैन कुलदीप यादव भी अम्बिका प्रसाद अकादमी के कैप्टन रह चुके हैं, वहां के कोच अनुराग मिश्र व प्रसून दोसर से प्रखर भी तेज गेंदबाजी की बारीकियां सीख रहे है। दूरभाष पर प्रखर यादव ने कहा कि वे अपनी मेहनत और लगन से आगे बढ़ना चाहते है जिससे जिले व प्रदेश का नाम रोशन कर सकें। उनकी इस उपलब्धि पर उनकी माँ मंजू देवी बुआ सरिता यादव (सदस्य/ मजिस्ट्रेट बाल कल्याण समिति) भाई आदर्श, चाचा अधिवक्ता अत्रि यादव सहित गांव व मुहल्ले वालों ने सराहना की है। यह भी उम्मीद जताई है कि एक दिन सुलतानपुर का यह सितारा पूरी दुनिया में चमकेगा।

प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ की बैठक सम्पन्न

जन एक्सप्रेस । सुलतानपुर

उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ के प्रदेश अध्यक्ष शिवकुमार शुक्ला के दिशा निर्देश पर जिला अध्यक्ष वृजेश पाण्डेय जनपद सुलतानपुर के नेतृत्व में एक अति आवश्यक बैठक जिला कलेक्ट्रेट सुलतानपुर में हुई। बैठक में निम्न बिंदुओं पर सहमत बनी।

सर्वप्रथम जिले के संगठन पैड पर एक मांग पत्र मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश व मुख्य सचिव वेसिक शिक्षा उत्तर प्रदेश के नाम से रजिस्ट्री की जाए और सचिव द्वारा संगठन को लिखित आश्वासन के सापेक्ष प्रदेश कार्यकारिणी टीम के साथ शिक्षामित्र समस्याओं के प्रति वार्ता कर उसका समाधान किया जाए।जिलाध्यक्ष वृजेश पाण्डेय द्वारा ब्लाकों की मासिक बैठक कर ब्लॉक कार्यकारिणी को सक्रिय करने का निर्देश दिया गया।

महामंत्री पवन कुमार ने ब्लाक कार्यकारिणी के 10-10 सक्रिय महिलाओं की सूची व 11 पुरुषों की सक्रिय सूची जिला कार्यकारिणी को उपलब्ध कराने का प्रस्ताव रखा गया। जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रमोद दूबे द्वारा दीपावली के पहले मानदेय भुगतान के क्रम में ब्लॉक से बिल 3 नवंबर तक जिले पर भिजवाने का प्रस्ताव रखा गया है।जिले की अति आवश्यक मीटिंग में विभिन्न विकास खण्डो के ब्लॉक अध्यक्ष/ पदाधिकारी व जिला पदाधिकारी तथा सक्रिय साथी रामप्रसाद मिश्र, धनंजय यादव, राजदेव यादव, दिलशाद हुसैन, सुनील कुमार सिंह, संत रामपाल, शिवकुमार मौर्य, रामबरन पाल, ज्वाला प्रसाद तिवारी, उदय प्रताप पांडेय, अवधेश तिवारी, शीतला प्रसाद दूबे, मुकेश तिवारी आदि उपस्थित रहे।

चौहान गुट द्वारा 100 लावारिस शवों के तेरहवीं संस्कार में उमड़ा जनसैलाब

* एसडीएम प्रशासन ने दुर्गा जागरण, रामलीला कलाकारों व चैकीदारों को किया सम्मानित

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल चौहान गुट के 100 लावारिस शवों के तेरहवीं संस्कार व सम्मान समारोह कार्यक्रम मे जहां तीन जिले के व्यापारियों का समागम हुआ वहीं मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे एडीएम प्रशासन ने सप्ताह भर के लिए आयोजित दुर्गा जागरण व रामलीला कमेटी के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं को प्रशस्ति पत्र व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। प्रदेश मीडिया प्रभारी एसके सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि 26 अक्टूबर के इस भव्य भंडारा, भोज सम्मान समारोह कार्यक्रम मे जनसैलाब उमड़ पड़ा। जिसमें एडीएम प्रशासन मुख्य अतिथि के रूप मे पहुंचे उनके साथ सीओ व नसीराबाद थाना अध्यक्ष सहित पुलिस टीम भी मौजूद रही। इस मौके पर व्यापार मंडल प्रदेश अध्यक्ष जीसी सिंह चौहान ने क्षेत्र के चौकीदारों को कंबल वितरण भी किया। ज्ञात हो की कार्यक्रम में बीते दिनों दस माह मे 100 लावारिस शवों को जलाने के बाद उनका डलमऊ गंगा घाट में 5 अक्टूबर को अस्थियों का विसर्जन किया गया था। जहां प्रदेश अध्यक्ष ने सभी लावारिस शवों के तेरहवीं संस्कार भोज, भंडारा करने का संकल्प लिया था जिसे जिसे 26 अक्टूबर को पूरा किया गया, कार्यक्रम मे दिन मे भोज के साथ आल्हा गायन सहित रात मे आर्केस्ट्रा कार्यक्रम आयोजित हुआ।

इस मौके पर आसपास के तीन जिले के व्यापारी बंधुओ ने भी हिस्सा लिया। कार्यक्रम में प्रदेश मीडिया प्रभारी एसके सोनी, जिलाध्यक्ष मो0 उमर, जिला मीडिया प्रभारी इम्तियाज अहमद खान, महिला जिलाध्यक्ष प्रतिभा चैधरी, जिला संगठन मंत्री मो0 आरिफ, विद्युत विभाग ठेकेदार नीलेश कुमार सिंह, डा0 शैलेश कुमार सिंह, अरविंद चौधरी, मेजरगंज अध्यक्ष भगवान बक्स सिंह, डा0 पंकज कुमार सिंह, मो0 नजर, महिला संगठन मंत्री कंचन देवी, सरवरी बेगम, युवा जिलाध्यक्ष अरविंद चौधरी आदि मौजूद रहे।

कांग्रेस की सरकार ने कराये चौतरफा विकास कार्य : पंकज तिवारी

जन एक्सप्रेस/रायबरेली। जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा रोहनियां, राही एवं शिवगढ़ ब्लाक में दलित गौरव संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया, साथ ही दलित समाज के सम्मानित व्यक्तियों का कार्यक्रम में सम्मान किया गया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी ने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने चौतरफा विकास कार्य कराये, बिना किसी भेदभाव के गांधी परिवार ने समस्त जनपदवासियों को अपना परिवार माना और यहां के लोगों ने भी गांधी परिवार पर अपना भरोसा कायम रखा, जिलाध्यक्ष ने कहा कि मा. सांसद सोनिया गांधी जी की प्राथमिकता क्षेत्र का विकास करना है, विशेषकर दलित समाज एवं पिछड़े वर्ग का विकास गांधी परिवार का मुख्य उद्देश्य रहा है। कांग्रेस प्रवक्ता महताब आलम ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा चलाये जा रहे दलित गौरव संवाद कार्यक्रम को दलित समाज का भरपूर समर्थन प्राप्त हो रहा है।

अमावां के हरदासपुर पीएचसी पर लगा मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

अमावां के हरदासपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ मेले का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य मेले में सुबह से ही बड़ी संख्या में मरीज उपचार के लिये पहुंचे। सुबह 10:00 बजे से दोपहर के 2:00 बजे तक इस स्वास्थ्य मेला में कुल 150 मरीजों का निशुल्क उपचार हुआ और उन्हें मुफ्त में दवाइयां भी दी गई। डॉ0 अर्चना बघेल ने बताया कि एक ही छत के नीचे स्वास्थ से जुड़ी प्रत्येक सुविधा, जाँच आदि के उद्देश्य से समस्त पीएचसी पर हर रविवार को आरोग्य स्वास्थ मेला आयोजित किए जाने का निर्देश दिए गए है, उन्होंने आम जनमानस से अपील की कि अपने क्षेत्र में आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ मेले में प्राप्त स्वास्थ सेवाओं का लाभ उठाए।

फार्मासिस्ट राजकुमार ने लोगों को चिकित्सीय औषधि निगरानी (टीडीएम), तर्कसंगत दवा का उपयोग, दवा के परिणाम और तुलनात्मक प्रभावशीलता, औषधि चिकित्सा प्रबंधन परिवर्तन की देखभाल सेवाएँ के बारे में जानकारी दी। गुलाम अहमद सिद्दीकी ने बताया की स्वास्थ मेले में मरीजों को विभिन्न सुविधाएं जैसे बुखार समेत मौसमी बीमारियों की जांच, दवा और सभी पैथोलाजी की जांचें,क्षय रोग यानि टीबी की जांच, परिवार नियोजन के अस्थायी साधनों का वितरण, तंबाकू और मद्यपान छोड़ने के लिए परामर्श, शुगर, ब्लड प्रेशर, कमर व घुटना दर्द, जुकाम, बुखार, चर्म व उदर रोग आदि का निवारण किया गया। मेले में डा. वंदना रावत, प्रशिक्षणी गुलाम अहमद सिद्दीकी, फार्मासिस्ट राजकुमार, लैब टेक्नीशियन दिव्यांशु वर्मा, स्टाफ नर्स पूनम, एनएमए सुधीर सिंह तथा अन्य फार्मासिस्ट साथी आमिर, अनुज, लवकुश आदि लोग उपस्थित रहे।

NOTICE: Correction in Date of Birth

I, No JC-705132K Rank SUB Name AJAY KUMAR TIWARI Son of DIWAKAR TIWARI Resident of House No -E7, Awas Vikas Colony, Near Marriage Lawn Hall, Amethi (UP) -227405 do herby solemnly affirm and state on oath as follows:-

(a) That deponent is serving soldier.

(b) That as per my service documents date of birth of my my son/daughter as mentioned below is incorrect and required to be changed/amended:-

S. No	Name of Son/Daughter	Date of Birth in service documents	Date of birth as per Aadhar Card	Date of Birth as Per 10th Class Marks Sheet	Remark (DOB to be amended as under)
1.	Tripati Tiwari	20-12-2006	20-12-2005	20-12-2005	20-12-2005
2.	Sristi Tiwari	20-08-2010	20-03-2007	20-03-2007	20-03-2007
3.	Harsh Tiwari	20-06-2011	20-06-2010	20-06-2010	20-06-2010

(c) That date of birth of my son/daughter as mentioned above is incorrect and required to be changed in my service documents as cited above(actual date of birth) as per his/her/official documents(Educational Certificate, adhar card) and may be read as same for all purposes.

- AJAY KUMAR TIWARI

तापमान

	अधिकतम	न्यूनतम
लखनऊ	39°C	28°C
कानपुर	40°C	30°C
देहरादून	28°C	23°C
नई दिल्ली	40°C	30°C

सीजफायर का मुंहतोड़ जवाब देती है सेना: राजनाथ सिंह

सिख समाज के वीर पूर्वजों ने अपनी वीरता से अफगानिस्तान तक झंडा फहराया था

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह रविवार को लखनऊ के दो दिवसीय दौरे पर हैं। उन्होंने सुबह गुरुद्वारा जाकर माथा टेका। गुरुद्वारा कमेटी द्वारा राजनाथ सिंह को सम्मानित किया गया। सीजफायर पर उन्होंने कहा कि सेना मुंहतोड़ जवाब दे रही और आगे भी देती रहेगी। इस अवसर पर बोलते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि गुरु ग्रंथ साहिब ज्ञान और करुणा भाव का ऐसा सागर हैं, जिसमें गोते लगाकर हर व्यक्ति सही राह प्राप्त कर सकता है। इसमें दिया गया ज्ञान, समय और सीमाओं के बंधन से मुक्त है। निस्वार्थ सेवा शांति और बंधुत्व का संदेश देने वाले श्री गुरु ग्रंथ साहब केवल सिख समाज के लिए ही नहीं बल्कि हर भारतीय समाज के लिए प्रेरणा के स्त्रोत है, श्रद्धा के पात्र हैं। श्री गुरु नानक सामाजिक समरसता के लिए दया, संतोष और त्याग को आधार बनाकर एक ऐसे समाज की कल्पना की थी जो जात-पात ऊंच नीच से ऊपर उठकर और सब की बड़ाई और भलाई के लिए किए जाने वाले कार्यों पर विश्वास करते थे। इतिहास साक्षी है कि सबकी भलाई का ज्ञान देने वाले धर्म की रक्षा के लिए एक बार नहीं बल्कि अगणित बार अतुलनी साहस का परिचय दिया है। भारत और भारतवर्षियों की रक्षा करना, सुरक्षा करना हमारा परम धर्म है। गुरु नानक देव जी ने भी हमें यही प्रेरणा दी है। गुरु साहिबान की प्रेरणा के आगे गुरु के प्रति गहरी हमारी आस्था है। कौन भूल सकता है कि सिख समाज के वीर पूर्वजो ने जिन्होंने अपनी वीरता और साहस से अफगानिस्तान तक झंडा फहराया था, कौन भूल सकता है राजा रणवीर सिंह को जिन्होंने हरविंदर साहिब पर स्वर्ण चक्र लगवाने के साथ ही काशी में भी बाबा विश्वनाथ के मंदिर पर सोने का छत्र लगवाया था। लेकिन बाद में काशी विश्वनाथ का छत्र लूट लिया गया। राजनाथ सिंह ने कहा कि मैं मानता हूं कि अमृतसर के मंदिर का स्वर्ण छत्र आज भी भारतीय संस्कृति की स्वर्णिम समय की याद दिलाता है जिसकी रक्षा के लिए पंजाब की धरती और खालसा पंथ ने महान बलिदान किए है। साथियों सिख समाज सनातन धर्म की रक्षा के लिए भी बहुत कार्य किया है यदि मैं उनका सब की चर्चा करूंगा तो लंबा समय लगेगा। श्री राम जन्मभूमि के लिए भी सिख समाज के योगदान कोई भूल नहीं सकता है। राम जन्मभूमि के लिए सरकारी आंकड़ों के अनुसार, 1 दिसंबर 1858 की पुलिस एफआईआर के अनुसार निहत्थे सिखों ने गुरु गोविंद सिंह जी की जय जयकार करते हुए परिसर पर कब्जा किया था और पूरे मंदिर परिसर में राम-राम लिख दिया था। इस तथ्य के अनुसार यह आंदोलन भी सिखों से ही आरंभ होता है। राजनाथ सिंह ने कहा आज के जमाने में सब हक की बात ज्यादा करते हैं और देने की बात कम करते हैं लेकिन यदि कोई कौम ऐसी है जिसके द्वारा देश के लिए कुर्बान हुए लोग और सेना में जिनका प्रतिशत उनकी जनसंख्या के प्रतिशत से कहीं ज्यादा है तो वह केवल और केवल सिख समुदाय है। यह बात मैं उनको भी बताना चाहता हूं जो यह पूछना चाहते हैं कि सिख समाज का क्या योगदान है। स्वतंत्रता संग्राम में भी सिख समुदाय का महत्वपूर्ण योगदान है। मैं पूछना चाहता हूं ऐसे लोगों से की क्या गुरु गोविंद सिंह जी का और उनके खालसाओं का बलिदान इसका हिस्सा नहीं है ? तेग बहादुर जी का बलिदान जिसके लिए कहा जाता है कि जिन्होंने अपना शीश कटा दिया पर भारत का शीश नहीं झुकने दिया। राजनाथ सिंह ने कहा कि सिख रेजीमेंट के इतिहास से भी मैं अच्छी तरह से परिचित हूं मैं जब भी अपने सेना के जवानों के बीच जाता हूं जब यह नारा दिया जाता है, ÷जो बोले सो निहाल सत श्री अकाल÷ उनके साथ कर मिलकर बोलते हुए जो आनंद की प्राप्ति होती है वह मैं शब्दों में बयां नहीं कर सकता हूं। प्रधानमंत्री मोदी ने गुरु गोविंद सिंह जी के पुत्रों के बलिदान दिवस को ÷वीर बाल दिवस÷ के रूप में पूरे देश में मनाने का फैसला किया है और पूरे देश में मनाया जाता है। भारतीय समाज में सिख समाज ने जो योगदान दिया है यह देश किसी भी सूरत में नहीं भूल सकता है। नए भारत के निर्माण में भी सिख समाज की बहुत प्रभावी भूमिका है।

भारत की यादगार जीत के बाद आतिशबाजी से जगमगा उठा इकाना स्टेडियम

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में विश्वकप 2023 के खेले गए मुकाबले में भारत ने इंग्लैंड पर 100 रनों की यादगार जीत दर्ज की। जीत के बाद स्टेडियम का नजारा देखने वाला था। पूरा स्टेडियम आतिशबाजी से जगमगा उठा। दर्शकों भी झूमते नजर आए। इस मैच को देखने के लिए देश-विदेश से दर्शक आए थे। मुकाबले का मजा लेने के लिए महान खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर के फैन सुधीर भी लखनऊ पहुंचे। उन्होंने कहा कि वह सचिन को मिस करते हैं। भारत-इंग्लैंड के विश्वकप मुकाबले का लुत्फ उठाने के लिए विदेशी दर्शक भी नवाबों के शहर पहुंचे। क्रिकेट दुनिया की दो दिग्गज टीमों के बीच हुए रोमांचक मैच को लेकर इनमें जबदस्त उत्साह दिखा। इनके दिल में तो इंग्लैंड बसा है पर जुबां पर विराट कोहली का नाम था। ऑनलाइन टिकट बुक कराने के बाद टिकट विंडो पर हार्डकॉपी लेने पहुंचे विदेशी दर्शकों के चेहरों पर मुस्कान थी। इंग्लैंड से आए क्रिस ने कहा, उन्हें खिलाड़ी के रूप में विराट कोहली पसंद है। उम्मीद है कि भारत-इंग्लैंड के बीच अच्छा मुकाबला देखने को मिलेगा। क्रिस की मित्र एना के दिल में तो इंग्लैंड की टीम बसी है।

पीड़ित महिला की जमीन पर दबंग जबरन करने पहुंचे कब्जा

* खसरा संख्या 177 पर कब्जा करने के बजाय पीड़ित के खसरा संख्या 179 पर पहुंचे कब्जा करने

जन एक्सप्रेस । आशीष कुमार सिंह



लखनऊ। पारा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम फतेहगंज में दबंग पीड़ित की जमीन पर जबरन करने पहुंचे कब्जा। सरोजनी नगर तहसील क्षेत्र के ग्राम फतेहगंज में पीड़ित श्रीमती पार्वती पत्नी केशव गौतम, सरवन गौतम, छोटेलाल गौतम, मंगल गौतम पुत्रगण मैकू व बुधाना गौतम पत्नी स्वर्गीय दुलीचंद की पुश्तैनी जमीन जिसका खसरा संख्या 179 रकबा 0.379हे0 है जो राजस्व अभिलेखों में उनके नाम दर्ज है, वही इस जमीन की पूर्व में पैमाइश भी हो चुकी है जिस पर पीड़ित काबिज थी, 28 अक्टूबर के दिन में राम लखन गुप्ता, मीना गुप्ता के एक दर्जन अन्य साथी पीड़ित की खसरा संख्या 179 जमीन पर आकर कब्जा करने लगे, जब पीड़ित ने अपनी खसरा संख्या नंबर पर हो रहें पिलर द्वारा अवैध कब्जे को लेकर मना किया तो उक्त लोगों ने खसरा संख्या 177 का आदेश दिखाते हुए कब्जा करने की बात कही, वही पीड़ित का आरोप है की खसरा संख्या 177 जो विवादित है जिसका मामला माननीय सरोजनी नगर न्यायालय में चल रहा है जिसकी पैमाइश 27 अक्टूबर को होनी थी किसी कारण पैमाइश नहीं हो सकी, पर उक्त लोगों ने दबंगई के बल पर अवैध कब्जे की नीयत से पीड़ित की जमीन पर सीमेंट पिलर खड़े कर अवैध रूप से कब्जा करने आए, जिसकी जानकारी क्षेत्रीय पारा पुलिस को दी जानकारी मिलने पर पारा पुलिस ने हो रहें कब्जे को रुकवाया और दोनों पक्षों से क्षेत्रीय लेखपाल को बुलाकर पैमाइश करने की बात कही,? वहीं सह खातेदार बुधाना गौतम पत्नी स्वर्गीय दुलीचंद ने नामजत प्रार्थना पत्र एसीपी काकोरी से करते हुए न्याय की मांग की है, फिलहाल जब तक पैमाइश नहीं होगी तब तक किसी प्रकार कोई कब्जा नहीं होगा।

श्रीराम समग्र स्वास्थ्य प्रबन्धन संस्थान में रोग होंगे दूर, दर्द छूमंतर

बीकेटी के रामपुर देवरई स्थित गायत्री शक्तिपीठ के श्रीराम समग्र स्वास्थ्य प्रबन्धन संस्थान का हुआ लोकार्पण

* वर्तमान में यहां निशुल्क आयुष चिकित्सा सेवा एवं औषधि वितरण किया जा रहा है
* निकट भविष्य में यहाँ आयुष की सभी विधाओं के संचालन के अतिरिक्त नारी जागरण एवं युवाओं के व्यक्तित्व परिष्कार पर कार्य किया जायेगा
* यह संस्थान केन्द्र तथा राज्य द्वारा संचालित आयुष के कार्यक्रमों के लिए मील का पत्थर साबित होगा

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

बीकेटी के रामपुर देवरई स्थित गायत्री शक्तिपीठ प्रांगण में स्थापित श्रीराम समग्र स्वास्थ्य प्रबन्धन संस्थान÷ का लोकार्पण समारोह 28 अक्टूबर को शरद पूर्णिमा के पावन पर्व पर सम्पन्न हुआ। शक्तिपीठ के मीडिया प्रभारी वेद प्रकाश के अनुसार श्रीराम समग्र स्वास्थ्य प्रबन्धन संस्थान में प्राकृतिक चिकित्सा और आयुर्वेद के माध्यम से रोग और दर्द दूर होंगे। वर्तमान में यहां निशुल्क आयुष चिकित्सा सेवा एवं औषधि वितरण किया जा रहा है। निकट भविष्य में यहाँ आयुष की सभी विधाओं के संचालन के अतिरिक्त नारी जागरण एवं युवाओं के व्यक्तित्व परिष्कार पर कार्य किया जायेगा। यह संस्थान केन्द्र तथा राज्य द्वारा संचालित आयुष के कार्यक्रमों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शरद पारधी, कुलपति देव संस्कृति विश्वविद्यालय शान्तिकुंज हरिद्वार विशिष्ट अतिथि पंकज बजाज, सी.एम.डी. एल्डिको योगेश शुक्ल, विधायक बी. के. टी., लखनऊ और पवन कुमार सिंह चौहान, सदस्य विधान परिषद् रहे। अध्यक्षता मेजर वी. के. खरे, मुख्य प्रबन्ध ट्रस्टी, गायत्री परिवार ट्रस्ट, लखनऊ ने की। अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। शिलापट का अनावरण किया गया। अतिथि गण के सम्मान में उन्हें समारोह की स्मृति चिन्ह, युग ऋषि साहित्य, मंत्र चादर आदि भेंट किया गिया। शक्तिपीठ की ओर से रिटायर्ड जज नरेंद्र सिंह रावल और डॉ.ए पी शुक्ल ने अतिथियों का आभार जताया।

करवाचौथ नजदीक आते ही सजने लगे बाजार

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

पति के मंगलकामना और लंबी आयु के लिए करवा चौथ व्रत को लेकर महिलाएं युवतियां बड़ी संख्या में ब्यूटी पार्लरी में पहुँच रही है। बीकेटी, इटौंजा, महोना, अमानीगंज, कुम्हरांवा में कपड़े, ज्वैलरी, चूड़ी इत्यादि की दुकानों में महिलाएं जमकर खरीदारी कर रही है। इससे बाजार में नई रौनक लौट आई है। बाजार में करवा चौथ व्रत के चलते खरीदारी करते नजर आए। विवाहित महिलाएं का महत्वपूर्ण व्रत करवाचौथ है। करवाचौथ पर्व को लेकर ग्रामीण इलाकों तक बाजार गुलजार है। सुहागिनें उत्साह के साथ खरीदारों कर रही है। बाजारों में इन दिनों चहल-पहल बढ़ने लगी है। ज्यादा भीड़ आर्टिफिशियल ज्वेलरी, कपड़ा व गिफ्ट शाप पर देखी जा रही है। आपको बताते चलें कि कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि की 31 अक्टूबर 2023 को रात 9.30 मिनट पर शुरू होगी चतुर्थी तिथि की समाप्ति 1 नवंबर 2023 को रात 9.19 मिनट पर होगी. करवा चौथ व्रत उदयातिथि से मान्य होता है इसलिए इस साल करवा चौथ 1 नवंबर 2023, बुधवार को रखा जाएगा। करवाचौथ पर नई साड़ी खरीदने की परंपरा है। इसलिए कपड़ा बाजार में करवाचौथ को लेकर उल्लास दिख रहा है। इस बार अभी से महिलाएं साड़ी व अन्य सामानों की खरीद करने के लिए निकल रही है। इस बार करवाचौथ 1 नवंबर को है। उन्होंने यह भी बताया कि 1000 से 5000 तक की साड़ी खूब बिक रही है। इसमें अरगंजा बनारसी पैटर्न, टसर सिल्क व ब्रसो की साड़ियां महिलाओं की पहली पसंद है।विक्रेता रिंकू, मदान ने बताया कि प्योर सिल्क, शिफान साड़ियों की अधिक मांग है। लाल रंग पहली पसंद है। महिलाओं को आर्टिफिशियल इयर रिंग व गले के सेट खूब भा रहे है। इयर रिंग व गले की सेट की अधिक डिमांड है। इसलिए अधिकांश महिलाएं आर्टीफिशियल ज्वेलरी को अधिक तरजीह दे रही है। उनके पास 250 से लेकर 1500 रुपये तक की कीमत के आर्टिफिशियल रिंग व 250 रुपये से लेकर 700 रुपये तक गले का सेट उपलब्ध है। इनको महिलाएं खूब पसंद कर रही है। इसके अलावा चूड़ी कंगन की खरीदारी भी जोरो पर है।

बीकेटी इंटर कॉलेज में मनाया गया पुरातन छात्र समागम समारोह

जन एक्सप्रेस । पीयूष द्विवेदी

* बाबू भगवती सिंह के कार्यों को भुलाया नहीं जा सकता: पवन सिंह चौहान

बीकेटी, लखनऊ। बख्शी का तालाब स्थित इंटर कॉलेज में पुरातन छात्र समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के प्रबंधक नागेंद्र कुमार सिंह, कृषि महाविद्यालय के अध्यक्ष डॉ फिदा हुसैन अंसारी एवं इंटर कॉलेज के प्राचार्य डॉ कृष्ण कुमार शुक्ला ने सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्वलित कर प्रारंभ की । सीतापुर विधान परिषद के सदस्य एवं पूर्व छात्र पवन सिंह चौहान ने कॉलेज की उपलब्धियां पर चर्चा की और कहा कि बचपन में इसी कॉलेज से पढ़ पढ़े सीखे और आज हम यहां तक हैं। जो भी विकास दिख रहा है वह बाबू भगवती सिंह ने कराया था। नगर पंचायत बख्शी का तालाब के पूर्व अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह गप्पू ने कहा कि छात्रों के पठन-पाठन के लिए हाल की कमी है इसी वर्ष विद्यालय में एक हाल मै स्वयं बनवाऊंगा। विद्यालय के प्राचार्य डॉ कृष्ण कुमार शुक्ल ने बताया कि बख्शी का तालाब इंटर कॉलेज में 4000 से अधिक छात्र छात्राये शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। बख्शी तालाब क्षेत्र के पूर्व अध्यापक स्वर्गीय धनेश सिंह के पुत्र अरुण कुमार सिंह एवं डॉ आनंद सिंह ने अपने पिताजी के नाम एक कक्ष का निर्माण कराया हैं।

मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में पांच जिलों में 10 जनसभाएं करेंगी मायावती

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती मध्य प्रदेश चुनाव में पांच जिलों में 10 जनसभाओं को संबोधित करेंगी। बसपा की ओर से इसका कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। मध्य प्रदेश के बसपा अध्यक्ष रमाकांत पिप्पल के मुताबिक ये जनसभाएं निवाड़ी, छतरपुर, सतना, दतिया और भिंड में होंगी। बसपा सुप्रीमो छह नवंबर को निवाड़ी व अशोकनगर, सात नवंबर को छतरपुर व सागर दमोह, आठ नवंबर को सतना व रीवा, 10 नवंबर को दतिया व सेंवड़ा और 14 नवंबर को भिंड व मुरैना में जनसभा करेंगी। मालूम रहे कि इससे पहले पार्टी के नेशनल कोआर्डिनेटर आकाश आनंद मध्य प्रदेश में कई कार्यकर्ता सम्मेलनों को संबोधित कर चुके हैं। मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में बसपा गोंडवाना समाज पार्टी के साथ मिलकर चुनाव लड़ रही है।

40 स्टार प्रचारकों के नाम भी घोषित

बसपा ने मध्य प्रदेश चुनाव के लिए 40 स्टार प्रचारकों के नाम की घोषणा भी कर दी है। इनमें बसपा अध्यक्ष मायावती के अलावा उनके भाई आनंद कुमार, रामजी गौतम, आकाश आनंद, रमाकांत पिप्पल, श्रीकांत, मुकेश अहिरवार, भीम राजभर, रमेश डाबर, जियालाल अहिरवार, सुनील बघेल, रुस्तम सिंह, अच्छेलाल कुशवाहा, डीपी चौधरी, भगवती जाटव और भानुप्रताप सिंह गुर्जर समेत मप्र के तमाम नेताओं के नाम शामिल हैं।

क्रिकेट प्रतियोगिता में इन्जीनियर इन चीफ टीम बनी चैंपियन

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

यूपीपीडब्ल्यूडी स्पोर्ट्स क्लब के सचिव पंकज दीक्षित द्वारा अवगत कराया गया पीडब्ल्यूडीस्पोर्ट्स क्लब द्वारा आयोजित विभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता चतुर्थ पीडब्ल्यूडी कप का फाइनल व पांचवा पीडब्ल्यूडी कप का शुभारंभ अरविंद कुमार जैन प्रमुख अभियन्ता विकास एवं विभागाध्यक्ष द्वारा सहारा सीएसडी स्टेडियम लखनऊ में रविवार को किया गया। इस अवसर पर प्रमुख अभियंता ग्रामीण सड़क वी के श्रीवास्तव संजय कुमार श्रीवास्तव, मुख्य अभियन्ता मु.-1, वह मुख्य अभियंता राष्ट्रीय मार्ग परवेज अहमद डिप्लोमा इंजीनियर संघ के अध्यक्ष एन डी द्विवेदी महामंत्री, प्रकाश चन्द्र, प्रान्तीय उपाध्यक्ष, श्रवण कुमार, राजऋर्षि त्रिपाटी, टेक्निकल एसोसिएशन, के महामंत्री के , प्रान्तीय अध्यक्ष मिनीस्ट्रीयल एसोसिएशन, प्रमुख अभियन्ता कार्यालय बीरेन्द्र कुमार, मिनीस्ट्रीयल एसोसिएशन, वृत्तीय कार्यालय के प्रान्तीय अध्यक्ष सुनील यादव चालक संघ के क्षेत्रीय महामंत्री सुभाष क्षेत्रीय अध्यक्ष, चालक संघ, मनोज कुमार रावत वहपीडब्ल्यूडी स्पोर्ट्स क्लब के कमेटी सदस्य सदस्य मैनेजर विनय शुक्ला महामंत्री पंकज यादव कोषाध्यक्ष शिवेश मोहन कमल सिंह अखंड सिंह विवेक यादव विपिन सिंह अभिजीत सिंह सभी लोग उपस्थित रहे 7चतुर्थ पीडब्ल्यूडी क्रिकेट टूर्नामेंट फाइनल मैच में एनसी टीम बनी चैंपियन7 पीडब्ल्यूडी ईएनसी टीम और पीडब्ल्यूडी स्ट्राइकर के बीच फाइनल मुकाबले में ईएनसी टीम न टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया ईएनसी टीम की तरफ 20 ओवर में 193 रन बनाए गए जिसमें सुमित यादव ने शानदार 81 रन की और आदित्य यादव ने 42 रन की शानदार पारी खेली पीडब्ल्यूडी स्ट्राइकर की तरफ से आलोक चौधरी ने तीन विकेट और राहुल सिंह ने दो विकेट लिए जवाब में लक्ष्य का पीछा करने पर पीडब्ल्यूडी स्ट्राइकर की टीम 86 रन पर ऑल आउट हो गई अवनीश कमल अधिकारी और रमेश रावत ने दो-दो विकेट लिए स्ट्राइकर की तरफ से अमन ने 22 रन की पारी खेली सुमित यादव को बेहतरीन पारी के चलते मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया । 20 ओवरों में 194 रन बनाए गोरखपुर की तरफ से सूरज ने 49 और अशोक ने 37 रनों की पारी खेली प्रयागराज की तरफ से चंद्रेश यादव ने दो विकेट लिया जवाब में प्रयागराज की टीम लक्ष्य का पीछा करते 68 रनों पर ऑल आउट हो गई सूरज को शानदार बैटिंग के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।

जुबली इंटर कॉलेज में मॉकड्रिल प्रदर्शन आज

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। नागरिक सुरक्षा विभाग द्वारा कल 30 अक्टूबर को राजकीय जुबली इंटर कॉलेज,सिटी स्टेशन लखनऊ में वृहद स्तर पर ब्लैक आउट मॉकड्रिल का प्रदर्शन सायं 6 बजे से रात्रि 8 बजे तक किया जायेगा।कार्यक्रम में प्रदेश के नागरिक सुरक्षा विभाग के कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। नागरिक सुरक्षा के स्वयंसेवकों को 'निदेशक, नागरिक सुरक्षा प्रशस्ति-पत्र' का वितरण एवं नागरिक सुरक्षा विभाग की वेबसाइट का उद्घाटन भी मंत्री द्वारा किया जायेगा।उत्तर प्रदेश के नागरिक सुरक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव रजनीश गुप्ता ने प्रदर्शन के संबंध में अधिक जानकारी देते हुए बताया कि इस मॉकड्रिल में ब्लैक आउट, जो कि युद्ध के समय जनधन की क्षति को कम करने हेतु क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था को बंद करके की जाती है, का प्रदर्शन किया जायेगा। इसके अतिरिक्त आग बुझाने के तरीके, घायलों को प्राथमिक उपचार देना, भवनों में फंसे लोगों के बचाव के तरीके का प्रदर्शन किया जायेगा। बचाव की आपातकाल विधियों में फोर एंड अफ्ट मेथड, टू हैंडेड सीट, फायरमैन लिफ्ट, ह्यूमन करच,ह्यूमन क्रेडिल इत्यादि तरीकों का प्रदर्शन किया जायेगा। यह ब्लैक आउट मॉकड्रिल लखनऊ में पहली बार नागरिक सुरक्षा द्वारा आयोजित की जा रही है।

जन एक्सप्रेस

सम्पादकीय

दिल्ली की जहरीली हवा में सांस लेना भी हुआ मुहाल

वायु प्रदूषण के स्थानीय स्रोतों में गाड़ियों से निकला धुंआ और धूल, औद्योगिक उत्सर्जन, भवन-निर्माण का धूल और कचरे को खुले में जलाने से और लैंडफिल से निकला धुंआ मुख्य रूप से शामिल है। अब तक की समझ के मुताबिक, सर्दी की शुरुआत के साथ एक्यूआई में होने वाली गिरावट के मूल कारणों में शहर के अपने वायु प्रदूषण के स्रोत और स्थानीय मौसम की परिस्थितयों के अलावा पड़ोसी राज्यों मुख्य रूप से हरियाणा और पंजाब में धान की पराली जलाने से निकला धुंआ भी शामिल है। दरअसल धान पश्चिमोत्तर राज्यों का प्राकृतिक फसल नहीं रहा है।

पिछले एक हफ्तों से, या यूँ कहें कि सर्दी की शुरुआत के साथ ही दिल्ली का वायु प्रदूषण सूचकांक (एक्यूआई) बढ़ता जा रहा है और 22 और 28 अक्टूबर को यह 300 के पार जा पहुंचा यानी 'ख़राब' से 'बहुत ख़राब' की श्रेणी में। कमोबेश यही हाल दिल्ली राजधानी क्षेत्र के अन्य शहरों का भी है जिसमें ग्रेटर नोएडा, फरीदाबाद, गाज़ियाबाद और गुरुग्राम शामिल हैं। हवा की गति में कमी और गिरते तापमान के कारण एक्यूआई में और गिरावट अवश्यसंभावी है। दिल्ली पॉल्यूशन कण्ट्रोल कमिटी के मुताबित वायु प्रदूषण की स्थिति नवंबर के मध्य तक अपने सबसे खराब स्तर पर होगी, यही समय पंजाब और हरियाणा में सबसे ज्यादा धान की पराली जलने का होता है। हालांकि, अभी तक पराली से निकलने वाले धुंए का दिल्ली के वायु प्रदूषण पर प्रभाव का कोई स्पष्ट आंकड़ा इस साल के लिए सामने नहीं आया है। पिछले एक दशक से दिल्ली सबसे प्रदूषित शहर का तमगा लेकर अपनी पहचान छुपाता फिर रहा है। लाख प्रयास के बाद भी इसमें सुधार की कोई सम्भावना नहीं दिखती, धीरे-धीरे यही इस शहर की नियति बनती जा रही है। दिल्ली तो टोकियो के बाद दुनिया का सबसे बड़ा नगर क्षेत्र, भीड़-भाड़ वाला और प्रदूषित शहर बन गया है। सालाना औसत के हिसाब से भी देखें तो दिल्ली वायु प्रदूषण के लिहाज से विश्व का सबसे प्रदूषित शहर है, जहां सालाना औसत एक्यूआइ 200 से ऊपर रहता है। बरसात के बाद तापमान में गिरावट के साथ ही दिल्ली की हवा जहरीली होती चली जाती है और लगभग तीस मिलियन लोग जहरीली हवा में सांस लेने को अभिशप्त हो जाते हैं एक अनुमान के मुताबिक ऐसी हवा में एक दिन सांस लेना दिन भर में बीस सिगरेट पीने के बराबर है। भारत के अन्य शहरों में भी पिछले दशक में वायु प्रदूषण की समस्या बढ़ी है, पर दिल्ली में यह विकराल होती चला गयी। हाल ही में विश्व स्वास्थ संगठन और बॉस्टन स्थित हेल्थ इफ़ेक्ट इंस्टीट्यूट का दुनिया के क्रमशः 1650 और 7000 शहरों पर किये गए दो अलग-अलग अध्ययन में दिल्ली में वायु प्रदूषण का स्तर सबसे ख़राब पाया गया। यहां तक कि सर्वोच्च न्यायालय को टिप्पणी करनी पड़ी कि शहर की हालत नरक से भी ख़राब हो चुकी है। वायु प्रदूषण सूचकांक (0-500) वायु प्रदूषण के स्तर का सूचक है जिसके स्वास्थ्य पर प्रभाव के आधार पर पांच स्तरों में बांटा गया है; अच्छा (0-50), संतोषजनक (51-100), मध्यम (101-200), ख़राब (201-300), बहुत ख़राब (301-400) और खतरनाक (401 और उससे अधिक)। एक्यूआई की गणना आठ प्रदूषकों के आधार पर की जाती है, जिसमें कम से कम तीन की गणना जरुरी है, जिसमें कम से कम एक धूलकण (पार्टिकुलेट मैटर; पीएम10 या पीएम 2.5) होना चाहिए। प्राकृतिक और ग्रामीण क्षेत्रों में एक्यूआई हवा में बड़े धूलकण यानी पीएम10 और प्रदूषित क्षेत्रों और दिल्ली जैसे शहरों में हवा में सूक्ष्म धूलकण यानी पीएम 2.5 द्वारा निर्धारित होता है। हवा में पीएम2.5 की बेतहाशा बढती मात्रा दिल्ली की हवा को स्वास्थ्य की दृष्टि से जहरीला बना देती है। दिल्ली की सालाना वायु प्रदूषण की स्थिति को मुख्य रूप से दो समय काल में बांटा जा सकता है, मार्च से सितम्बर तक और अक्टूबर से फरवरी तक। मार्च से सितम्बर में वायु प्रदूषण का स्तर अच्छा से मध्यम (200 तक) रहता है, वहीं जाड़े की शुरुआत के साथ एक्यूआइ खतरनाक स्तर तक बढ़ जाता है। 2016 में, जिसे लन्दन स्मॉग की तर्ज पर दिल्ली स्मॉग का नाम दिया गया है, में एक्यूआइ का आंकड़ा 999 को भी पार कर चुका था।

एक्सप्रेस आलेख

अगर नैतिक मूल्यों से वास्तविकता में तनिक भी लेनदेन है, तो वह केवल प्रधानमंत्री शब्द लिखें और उस पर न नरेंद्र मोदी की तस्वीर रहे न प्रधानमंत्री जी का नाम रहे, तो देखिएगा कि उनकी तनिक भी रुचि नहीं रहेगी। वह बस सरकारी साधनों से एक बार प्रचार कर लेना चाहते हैं। जो बृहत्तर प्रश्न है, वह यह है कि केवल भाजपा ही यह काम नहीं कर रही है। इंदिरा गांधी ने तो कमिटेड जुडिशरी तक की बात कर दी थी। न्यूट्रल होना चाहिए और न्यूट्रल नहीं है, यह नयी बात नहीं है, लेकिन पहले कहीं एक आंखों की शर्म थी, एक लाज होती थी, अब वो नहीं है। हमने कभी नहीं देखा कि एक ही व्यक्ति को साल दर साल एक्सटेंशन दिया जा रहा है।

मोदी सरकार तोड़ रही है अब तक स्थापित हर प्रतिमान

अमिताभ ठाकुर

इस बात से तो सहमत हुआ जा सकता है कि मौजूदा केंद्र सरकार ने यह स्थिति स्पष्ट कर दी है कि उनके गुनाहों पर किसी को बोलने का हक नहीं है। अगर उनके गुनाह हैं तो कोई बोले नहीं उसके लिए उन्होंने तीन-चार शिकारी कुत्ते भी छोड़ रखे हैं। जबरा मारे, रोवे न देवै की स्थिति है।

लोकसभा चुनाव से ठीक पहले केंद्र सरकार ने एक प्रस्ताव दिया है। इसके जरिए सरकार की 9 वर्षों की उपलब्धि का प्रचार-प्रसार करने के लिए रथ निकाला जाएगा। इसके प्रभारी आइएएस अधिकारी बनाए जाएंगे, ऐसी योजना है। विपक्ष ने सरकार के उस आदेश पर भड़कते हुए नौकरशाही के राजनीतिकरण का आरोप लगाया है, जिसमें केन्द्र के 9 साल के कामकाज की उपलब्धियों को बताने के लिए विकसित भारत यात्रा के जरिए करीब 2.70 लाख पंचायतों तक प्रस्तावित अभियान से जुड़ने के लिए कहा गया है। सरकारी आदेश पत्र के सार्वजनिक होने के बाद सियासत गरमा गई है। विपक्ष इसे नौकरशाही के राजनीतिकरण का प्रयास बता रही है तो भाजपा इसे एक रूटीन काम बता कर जबरन मुद्दा न बनाने को कह रही है। मौजूदा केंद्र सरकार जो है, उसने 2014 में शासन में आने के बाद से ही तमाम स्थापित मान्यताओं को पूरी तरह चकनाचूर कर दिया है और उसी में यह एक और कदम है। मान्यताओं को जो दरकिनार किया गया है, वह निरंतर राजनीतिक लाभ और उद्देश्यों के लिए किया गया है और यह उसी क्रम में एक और कदम है। भाजपा की नरेंद्र मोदीनीत सरकार ने आइएएस अफसरों को, आइपीएस अधिकारियों को और अन्य अफसरों को सीधे-सीधे दो खेमों में बांट दिया है- अपना और पराया, और जॉर्ज डब्ल्यू बुश ने जो कहा था कि जो हमारे साथ नहीं है, वो हमारा विरोधी है, उस तर्ज पर ही काम हो रहा है। मेरे ख्याल से ऐसे न जाने कितने उदाहरण होंगे। ईडी वाले संजय मिश्र का उदाहरण लीजिए। साल दर साल उनका कार्यकाल बढ़ता रहा, आखिरकार सुप्रीम कोर्ट को हस्तक्षेप करना पड़ा। जो राजीव बावा हैं, उनका हरेक साल बढ़ रहा है, एक्सटेंशन हो रहा है। जो अपना है, उसके लिए सारे नियमों की तिलांजलि और जो पराए हैं उनके लिए सारे अंकुश, ये एक पहलू है। दूसरा पहलू ये है कि जो अखिल भारतीय सेवाओं की 1968 की नियमावली है, इसमें स्पष्ट रूप से लिखा है कि जो अखिल भारतीय सेवा के अधिकारी होंगे, वो राजनीतिक तौर पर न्यूट्रल रहेंगे, निष्पक्ष रहेंगे। यह नियमावली का नियम 3 है। इसमें स्पष्ट रूप से अंकित है कि राजनीतिक रुझान वे नहीं रखेंगे, लेकिन मौजूदा सरकार में ये है कि या तो आप हमारे लिए, हमारी पार्टी के लिए काम कीजिए या फिर दंडित होइए। अब अगर कोई आइएएस



अगर मोदी यह घोषणा कर दें कि वह अगला चुनाव नहीं लड़ेंगे, प्रधानमंत्री नहीं बनेंगे और यह रथ चलें तब तो बात ठीक है। अब आप यह चाहते हैं कि आप प्रधानमंत्री भी बने रहें, उससे जुड़ी शक्ति का भी आनंद लें और आइएएस अफसरों को भी रथी-महारथी बनाएं।

ऑफिसर जो रथी और महारथी बनाए गए हैं, इनमें यदि कोई मनाही करेगा तो हो सकता है कि उसे जबरिया रिटायर कर दिया जाए। जोड़तोड़ कर इन सेवाओं का यांत्रीकरण कर दिया गया है, अपने लिए इस्तेमाल करने का एक टूल बना लिया गया है। इस बात से तो सहमत हुआ जा सकता है कि मौजूदा केंद्र सरकार ने यह स्थिति स्पष्ट कर दी है कि उनके गुनाहों पर किसी को बोलने का हक नहीं है। अगर उनके गुनाह हैं तो कोई बोले नहीं उसके लिए उन्होंने तीन-चार शिकारी कुत्ते भी छोड़ रखे हैं। जबरा मारे, रोवे न देवै की स्थिति है। हालांकि, अगर सच्चाई से आकलन करें तो न्याय न केवल होना चाहिए, बल्कि होते हुए दिखना भी चाहिए। वैसे ही, अभी जो रथ निकालने की योजना है, वह चुनावी वर्ष है। जिस तरह मौजूदा सरकार ने गांव-गांव तक जनौषधि केंद्र में नरेंद्र मोदी की तस्वीर लगा रखी है। ये जो रथ चलेंगे, उस पर भी चारों ओर नरेंद्र मोदीजी की ही तस्वीर होगी। अगर मोदी यह घोषणा कर दें कि वह अगला चुनाव नहीं लड़ेंगे, प्रधानमंत्री नहीं बनेंगे और यह रथ चलें तब तो बात ठीक है। अब आप यह चाहते हैं कि आप प्रधानमंत्री भी बने रहें, उससे जुड़ी शक्ति का भी आनंद लें और आइएएस अफसरों को भी रथी-महारथी बनाएं तो वह बात अलग होगी, लेकिन वह अगर आज यह घोषणा कर दें कि प्रधानमंत्री नहीं बनेंगे, पार्टी अलग है, सरकार अलग है, तब तो बात बने। वह कह दें कि वह केवल प्रधानमंत्री हैं देश के, वह चुनाव प्रचार नहीं करेंगे तो रथों पर लगाएं फोटो, कोई आपत्ति नहीं करेगा, लेकिन जब वह डबल रोल में हैं तो विपक्ष आपत्ति करेगा ही। उसकी आपत्ति बिल्कुल जायज है। यह चुनावी मौसम है और इसमें यह उनका चुनावी दांव है, और कुछ नहीं। अगर नैतिक मूल्यों से वास्तविकता में तनिक भी लेनदेन है, तो वह केवल प्रधानमंत्री शब्द लिखें और उस पर न नरेंद्र मोदी की तस्वीर रहे न प्रधानमंत्री जी का नाम रहे, तो देखिएगा कि उनकी तनिक भी रुचि नहीं रहेगी। वह बस सरकारी साधनों से एक बार प्रचार कर लेना चाहते हैं। जो बृहत्तर प्रश्न है, वह यह है कि केवल भाजपा ही यह काम नहीं कर रही है। इंदिरा गांधी ने तो कमिटेड जुडिशरी तक की बात कर दी थी। न्यूट्रल होना चाहिए और न्यूट्रल नहीं है, यह नयी बात नहीं है, लेकिन पहले कहीं एक आंखों की शर्म थी, एक लाज होती थी, अब वो नहीं है। हमने कभी नहीं देखा कि एक ही व्यक्ति को साल दर साल एक्सटेंशन दिया जा रहा है, यह स्थिति पहली बार भाजपा ने ही क्रिएट की है। हमारे साथ ब्यूरोक्रेसी चले, यह उनका लालच रहा है। यह हालांकि जवाहरलाल नेहरू के समय से ही रही है, और शायद वहीं से गड़बड़ी शुरू हुई। उन्होंने तो कई को सीधा आइएफएस भी बना दिया। हां, रथयात्रा का जहां तक सवाल है, तो वह चले और नित नूतन योजनाएं लाएं, लेकिन प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का नाम सरकारी योजनाओं से हटे, यह जरूरी है। उनकी तस्वीर को हटाना चाहिए, जिसको मौजूदा सरकार ने पराकाष्ठा पर पहुंचा दिया है, ताकि सरकारी बातों का बेजां इस्तेमाल न हो सके।

आज का पंचांग

किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।

तिथि:	द्वितिया 22:27 तक
नक्षत्र:	कृत्तिका 28:00 तक
पक्ष:	कृष्ण
वार:	सोमवार
योग:	व्यतिपाता, 17:30
सूर्योदय:	06:34
सूर्यास्त:	17:33
चंद्रमा:	मेष राशि में
राहुकाल:	07:57-09:19
विक्रमी संवत्:	2080
शक सम्वत:	1944
मास:	कार्तिक
शुभ मुहूर्त:	11:42-12:26

जन एक्सप्रेस

हुआ जो धमाका !

कौन इसमें लिप्त।
हो कड़ी पड़ताल ।।
शांत चित्त माहौल में।
किसका ये बवाल ?
हैं जो भुक्तभोगी।
हो उनका उपचार ।।
हो सकती है साजिश।
ना इससे इनकार ।।
हुआ जो धमाका।
ना अब है स्वीकार ।।
विलख रहे हैं लोग।
कौन ज़म्मिेदार ?
ना होंगी बर्दाश्त।
ऐसी अब घटनाएं ।।
जिनकी जहां जगह।
त्वरित वहां पहुंचाए ।।



- कृष्णेन्द्र राय

एक्सप्रेस कविता

अजनबी बस्ती है, अजनबी सा बसेरा,
हवाएं जाएंगी जहां, हमारा वहां सवेरा।
चंद पल के अंधेरों से ओझल नहीं सूरज,
रवि फिर चमकेगा सजेगा नया सवेरा।
नन्ही चिड़ियों का होगा मीठा कलरव,
बसेगा सांवली जिंदगी का रुपहला सवेरा।

तमस नहीं कोई अंतिम
परिणति, नन्हें हाथ लाएंगे
सूरज का सुनहरा चेहरा,
फिर महकेंगे बाग, उपवन
और कलियां, भँवरो के
गुंजन से लजाएगा यौवन
का सवेरा।

संजीव ठाकुर

एक्सप्रेस ज्ञान

व्यक्ति को अपने जीवन परछाई और आईने के जैसे दोस्त बनाने चाहिए, क्योंकि परछाई कभी साथ नहीं छोड़ती और आईना कभी झूठ नहीं बोलता।

एक्सप्रेस स्वास्थ्य

हाई कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करने के लिए करें धनिया के बीज का सेवन, तेजी से मिलेगा फायदा

खानपान से जुड़ी गड़बड़ी और खराब जीवनशैली के कारण शरीर बीमारियों का शिकार हो जाता है। हाई कोलेस्ट्रॉल भी इसी वजह से होता है। शरीर में कोलेस्ट्रॉल बढ़ने के कारण आपको हार्ट डिजीज समेत हार्ट अटैक जैसी गंभीर स्थिति का खतरा रहता है। बैड कोलेस्ट्रॉल नसों में जमा होकर ब्लॉकेज का कारण बनते हैं और इसकी वजह से कई गंभीर समस्याएं हो सकती हैं। शरीर में दो तरह के कोलेस्ट्रॉल यानी फैट होते हैं- एक हाई डेंसिटी लिपोप्रोटीन और दूसरा लो डेंसिटी लिपोप्रोटीन। एचडीएल कोलेस्ट्रॉल गुड कोलेस्ट्रॉल होता है और एलडीएल को बैड कोलेस्ट्रॉल कहा जाता है। शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल बढ़ने की स्थिति को ही हाई कोलेस्ट्रॉल कहते हैं।

हाई कोलेस्ट्रॉल कम करने के लिए धनिया के बीज: जंक फूड्स, फास्ट फूड्स और बैड फैट वाले फूड्स का सेवन और इनएक्टिव लाइफस्टाइल की वजह से हाई कोलेस्ट्रॉल की समस्या का खतरा बढ़ता है। कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल में रखने के लिए डाइट और लाइफस्टाइल दोनों का ध्यान रखना चाहिए। इसे कम करने के लिए नेचुरल चीजों का सेवन फायदेमंद और प्रभावी माना जाता है। आरोग्यं हेल्थ सेंटर के क्लिनिकल डाइटिशियन डॉ. वीडी

त्रिपाठी कहते हैं कि, धनिया के बीज कई औषधीय गुणों से युक्त होते हैं। इसमें मौजूद पोषक तत्व और गुण शरीर में बढ़े हुए बैड कोलेस्ट्रॉल को कम करने के साथ वजन कंट्रोल करने में भी फायदेमंद होते हैं। धनिया के बीज में एंटी-ऑक्सीडेंट और डाइटरी फाइबर की पर्याप्त मात्रा होती है। नियमित रूप से इसका सेवन करने से शरीर में जमा बैड कोलेस्ट्रॉल कम होता है और हार्ट से जुड़ी बीमारियों के जोखिम को कम करने में मदद मिलती है। धनिया के बीज का पानी पीने से आपका वजन कंट्रोल में रहता है और पाचन तंत्र को मजबूत बनाने में मदद मिलती है। यही नहीं धनिया के बीज हार्ट डिजीज और एथेरोस्क्लेरोसिस के खतरे को कम करने में भी मदद करते हैं।

हाई कोलेस्ट्रॉल में कैसे करें धनिया के बीज का सेवन?: हाई कोलेस्ट्रॉल की समस्या में रोजाना धनिया के बीज के पानी का सेवन करना फायदेमंद होता है। सुबह खाली पेट इसका पानी पीने से नसों में जमा बैड कोलेस्ट्रॉल कम होता है और शरीर को हेल्दी रखने में मदद मिलती है। इसे तैयार करने के लिए शाम में दो चम्मच धनिया के बीज एक बड़े गिलास पानी में भिगो दें। सुबह इस पानी को छानकर पिएं। आप चाहें तो इसे उबालने के बाद छानकर भी इसका सेवन कर सकते हैं। नियमित रूप से कुछ दिनों तक ऐसा करने से हाई कोलेस्ट्रॉल कम करने में मदद मिलेगी। इसका सेवन करने से पहले किसी एक्सपर्ट या आयुर्वेदिक डॉक्टर की सलाह जरूर लेनी चाहिए। इसके अलावा जीवनशैली में कुछ बदलाव करके आप कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रण में रख सकते हैं। इसके लिए आप रेग्युलर एक्सरसाइज करें। इससे एचडीएल कोलेस्ट्रॉल के स्तर को बढ़ाने और एलडीएल कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में मदद मिलती है। अगर आप शराब का सेवन करते हैं, तो इसे नियंत्रित करें। रोजाना हाई फाइबर फूड्स, सब्जियां और फलों का सेवन करें। हाई कोलेस्ट्रॉल के लक्षण दिखने पर सबसे पहले डॉक्टर की सलाह लें।

एक्सप्रेस विशेष

वैचारिक भाव-भूमि के प्रसंग

डॉ. दिलीप अग्निहोत्री

चित्रकूट में प्रधानमंत्री ने तुलसी पीठ के जगद्गुरु की तीन पुस्तकों अष्टाध्यायी भाष्य, रामानंदाचार्य चरितम और भगवान श्री कृष्ण की राष्ट्रलीला का विमोचन किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि इससे भारत की ज्ञान परंपरा और मजबूत होगी।

प्रधानमंत्री मानते हैं कि संस्कृत का परिपक्व व्याकरण निहित है। मात्र 14 महेश्वर सूत्रों पर आधारित यह भाषा शास्त्र और सहस्त्र की जननी रही है। भारत के सभी राष्ट्रीय आयाम में संस्कृत का योगदान है। हजारों साल पुराने गुलामी के दौर में भारत की संस्कृति और विरासत को नष्ट करने प्रयास किया गया। गुलामी की मानसिकता वालों का संस्कृत के प्रति वैर-भाव था। जबकि संस्कृत परंपराओं की भाषा है।

कई फोटो अपने में बड़ा भाव और संदेश देने वाले होते हैं। चित्रकूट में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और जगतगुरु रामभद्राचार्य की भेंट के चित्र ऐसे ही हैं। कुछ दिन पहले प्रधानमंत्री मोदी को श्रीराम मंदिर अयोध्या के लोकार्पण का आमंत्रण दिया गया। इसके बाद शुक्रवार को चित्रकूट में मोदी और रामभद्राचार्य की मुलाकात हुई। यह विलक्षण संयोग है। अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त करने में इन दोनों महानुभावों का योगदान उल्लेखनीय है। प्रधानमंत्री ने रामभद्राचार्य की तीन पुस्तकों का विमोचन भी किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि चित्रकूट की पावन और पुण्य भूमि पर मुझे दोबारा आने का अवसर मिला है। यह अलौकिक क्षेत्र है। इसके बारे में हमारे संतों ने कहा है कि चित्रकूट सब दिन बसत प्रभु सिया लखन समेत अर्थात चित्रकूट में प्रभु श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण जी के साथ नित्य निवास करते हैं। उन्होंने चित्रकूट में कांच मंदिर (श्री रघुवीर मंदिर) में दर्शन-पूजन किया। प्रधानमंत्री ने नए सुपर स्पेशलिटी अस्पताल का शुभारंभ किया। चित्रकूट में अरविंद भाई मफतलाल की सौवीं जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में उन पर आधारित डाक टिकट जारी किया। रामभद्राचार्य ने श्रीराम जन्मभूमि पर मंदिर के संबंध में 400 से अधिक प्रमाण सुप्रीम कोर्ट को दिए थे। उन्होंने प्राचीन ग्रंथों के प्रामाणिक उद्धरण प्रस्तुत किये थे। रामभद्राचार्य ने दावे के साथ कहा था कि वाल्मीकि रामायण के बाल खंड के आठवें श्लोक से श्रीराम जन्म के बारे में जानकारी शुरू होती है। यह सटीक प्रमाण है। इसके बाद स्कंद पुराण में राम जन्म स्थान के बारे में बताया गया है। राम जन्म स्थान से तीन सौ धनुष की दूरी पर सरयू माता बह रही हैं। एक धनुष चार हाथ का होता है। आज भी यदि नापा जाए तो जन्म स्थान से सरयू नदी उतनी ही दूरी पर बहती दिखेंगी। अथर्व वेद के दशम कांड के इकतीसवें अनु वाक्य के द्वितीय मंत्र में स्पष्ट कहा गया है कि आठ चक्रों व नौ प्रमुख द्वार वाली श्री अयोध्या देवताओं की पुरी है। उसी अयोध्या में मंदिर महल है। उसमें परमात्मा स्वर्ग लोक से अवतरित हुए थे। ऋग्वेद के दशम मंडल में भी इसका प्रमाण है। तुलसी शतक में कहा गया है कि बाबर के सेनापति व दुष्ट यवनों ने राम जन्मभूमि के मंदिर को तोड़कर मस्जिद का ढांचा बनाया और बहुत से हिंदुओं को मार डाला। तुलसीदास ने तुलसी शतक में इस पर दुख भी प्रकट किया है। मंदिर तोड़े जाने के बाद भी हिंदू साधु रामलला की सेवा करते थे। इस पूरे प्रसंग से रामभद्राचार्य जी की विलक्षण प्रतिभा का अनुमान लगाया जा सकता है। उनका अध्ययन अद्भुत है। इसी के साथ वह समाज के कल्याण में भी समर्पित हैं। जिस शिशु की दो माह बाद ही नेत्र ज्योति चली जाए, उसके लिए जीवन अंधकारमय हो जाता है। लेकिन ऐसे अनेक विलक्षण लोग हैं, जिन्होंने इस अभाव को बाधक नहीं बनने दिया। प्रबल इच्छाशक्ति के साथ उन्होंने अभाव को प्रभाव में बदल दिया। आंखें न होने के बाबजूद अपना जीवन प्रकाशित किया, साथ में समाज को भी रोशनी दिखाई। रामभद्राचार्य ऐसी ही विभूति हैं। नेत्र ज्योति चली जाने से उनके परिवार में चिंता व निराशा थी। शिशु के भविष्य को लेकर बड़ी आशंका थी। तब किसी ने यह कल्पना नहीं की होगी कि एक दिन यह बालक समाज को मार्ग दिखायेगा। श्रीराम भूमि पर उनके तर्क अकाट्य थे। सभी लोग उनके अध्ययन व ज्ञान को देखकर हतप्रभ थे। भारतीय दर्शन व प्रज्ञा का चमत्कार प्रभावित करने वाला था। ज्ञानचक्षु जीवन आलोकित हो जाता है। इसे प्रत्यक्ष देखा जा रहा था। अति विशाल भारतीय वैदिक वांग्मय के अलावा अन्य सभी ग्रन्थों की पृष्ठ संख्या तक उनकी स्मृति में थी। उन्होंने इस विलक्षण ज्ञान को अपने तक सीमित नहीं रखा, बल्कि समाज का भी वह अनवरत मार्गदर्शन कर रहे हैं। विद्या का सतत दान कर रहे हैं। वह विश्वविद्यालय के कुलाधिपति है। इस रूप में वह विद्यार्थियों को शिक्षित करते हैं। वह प्रभावी व ज्ञानवर्धक रामकथा के वाचक हैं। इस रूप में समाज को प्रभु राम की मर्यादा का संदेश देते हैं। वह तुलसीपीठ के संस्थापक और पीठाधीश्वर हैं। चित्रकूट स्थित इस संस्थान के माध्यम से केवल धार्मिक ही नहीं, सामाजिक सेवा के कार्यक्रमों का संचालन किया जाता है। वह चित्रकूट में जगद्गुरु रामभद्राचार्य विकलांग विश्वविद्यालय के संस्थापक कुलाधिपति हैं। यह तब है जब अभाव के कारण सत्रह वर्ष की उम्र तक उनको औपचारिक शिक्षा का अवसर नहीं मिला था। उन्होंने कभी भी ब्रेल लिपि का उपयोग नहीं किया। सत्रह वर्ष की उम्र में ही उनके अनेक ग्रन्थ कंठस्थ हो गए थे। उनका बाईस भाषाओं पर अधिकार है।

स्मार्ट क्लास, लाइब्रेरी, नए जमाने से कदमताल मिलाते अपनी अलग पहचान बना रहा पसगवा का यूपीएस सुखवसा

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

शनिवार को विद्यालय के दीवारों पर खूबसूरत चित्र व स्लोगन, कक्षाओं में टाइल्स लगी फर्श, लाइब्रेरी में पढ़ते बच्चे, दीवार पर लगी एलईडी टीवीज ये किसी कॉन्वेंट स्कूल का जिक्र नहीं बल्कि परिषदीय स्कूल का हाल है। जी हां, उप्र के खीरी जनपद के ब्लाक पसगवां के उच्च प्राथमिक विद्यालय सुखवसा को देखकर एक बार आपको यकीन नहीं होगा, लेकिन ये वास्तविकता है। इस प्राथमिक विद्यालय में साफ-सफाई से लेकर पढ़ाई का स्तर किसी कॉन्वेंट स्कूल से कम नहीं है। विद्यालय के नवाचारों के आलोक में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अभिनव पहल ÷ड्ढद्गह्यह्ल ह्यष्द्धशशद्य शद्ध ह्लद्धद्ग 2द्गद्गद्म÷ के तहत इस सप्ताह का सर्वश्रेष्ठ विद्यालय बनने का खिताब अपने नाम दर्ज किया। शिक्षक नौनिहालों को ब्लैकबोर्ड पर ही नहीं बल्कि प्रोजेक्टर पर ए बी सी डी और क ख ग घ पढ़ाते नजर आ रहे। ऑडियो विजुअल क्लास की मदद से बच्चों को रोचक ढंग से पढ़ाया जा रहा ताकि बच्चों में पढ़ाई के प्रति रुचि तो जगे ही, स्कूलों की ओर से उनका आकर्षण भी बना रहे। हेडमास्टर छत्रपाल भारती बताते हैं कि स्वच्छ माहौल में बच्चों को पढ़ाने के साथ उनके मध्याह्न भोजन की भी मुकम्मल व्यवस्था रहती है। सहायक अध्यापक गीता रानी, शिक्षामित्र पूनम वर्मा प्रधानाध्यापक के नेतृत्व में स्कूल को बेहतर बनाने के लिए की जान से जुटी है।

विद्यालय का नामांकन एक नजर में

- सत्र 2013-14- 202
- सत्र 2014-15-165
- सत्र 2016-16-175
- सत्र 2017-18- 155
- सत्र 2018-19- 182
- सत्र 2019-20- 359
- सत्र 2020-21- 365
- सत्र 2021-22- 395
- सत्र 2022-23- 374
- सत्र 2023-24- 342

विद्यालय की उपलब्धियां

सत्र 2021-22 में वोडाफोन के जिज्ञासा कार्यक्रम मे 15 बच्चों को ?20 हजार प्रति छात्र/छात्रा की दर से छात्रवृत्ति प्राप्त हुई। गत तीन सत्रों से लगातार विद्यालय के बच्चों का राष्ट्रीय विज्ञान खोज अभियान में जिला स्तर पर प्रतिभाग किया। दो बार राष्ट्रीय विज्ञान खोज कार्यक्रम मे विजेता बने। तीन बार बच्चों ने लखनऊ, नैनीताल, व देहरादून का शैक्षिक भ्रमण किया। मीणा मंच की जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मे विद्यालय की 07 बालिकाओं ने आवासीय प्रशिक्षण प्राप्त किया। वर्ष 2023 मे ही विद्यालय मे निर्मित विभिन्न विषयों के बल पर ब्लॉक व जनपदीय प्रतियोगिता मे प्रथम स्थान प्राप्त किया। सत्र 2022-23 मे विद्यालय का एक छात्र राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित स्कॉलरशिप परीक्षा मे चयनित हुआ।

बालिका शिक्षा एवं मीना मंच ने दी विद्यालय को नई पहचान

प्रभारी प्रधानाध्यापक छात्रपाल भारती वर्ष 2013 से विद्यालय मे कार्यरत हैं। वर्ष 2018 मे विद्यालय प्रभारी मिला। विद्यालय मे बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए एक कक्षा कक्ष को मीना कक्ष के रूप मे विकसित किया। मीना मंच के जरिए खासकर बालिकाओं मे नैतिक व सामाजिक मूल्यों का विकास हुआ। ये सब मीना मंच व बालिका शिक्षा के बल पर संभव हो सका है। हर महीने माह के अंतिम शनिवार को केक काटकर बच्चों का जन्मदिन बहुत ही हर्षोल्लास से मनाया जाता है। ग्राम पंचायत से विद्यालय मे पूर्णतः प्रोजेक्टर व सीसीटीवी कैमरों से युक्त लाइब्रेरी को विकसित किया। लाइब्रेरी सहित ज्यादातर विद्यालय कैंपस सीसीटीवी कैमरों की निगरानी मे है।

सुविधाओं से लैस है परिषदीय विद्यालय

सभी कक्षा- कक्षों बरामदा व चबूतरों पे टाइलीकरण है। बच्चों के लिए 12 टोटीयों का मल्टीपल हैंडवाश स्टेशन, पूर्णरूप से सुसज्जित मीना कक्ष व बाल संसद, सांस्कृतिक कार्यक्रमों हेतु सम्पूर्ण म्यूजिक सिस्टम, कक्षाओं व प्रार्थना सभा के लिए 03 पोर्टबले ब्लूटूथ ऑडियो प्लेयर, 01 कंप्यूटर लैपटॉप, 02 ग्यारह इंच के टेबलेट स्मार्ट फोन, जनपद की प्रथम सुसज्जित स्मृति लाइब्रेरी, 04 एंड्राइड स्मार्ट अङ्क से युक्त स्मार्ट क्लास, 02 प्रोजेक्टर, सभी कक्षाओं मे पंखे, गर्मी से बचाव हेतु व स्मार्ट कक्षाओं के संचालन हेतु 02 इन्वेर्टर, व एक 165 वाट का सोलर पैनल, तीन फिट का मछली घर स्टैंड सहित,कैसिओ का म्यूजिक कीबोर्ड व पूरे विद्यालय प्रांगण पे वाई फाई की उपलब्धता।

बदमाशों ने महिला को बंधक बनाकर की लूटपाट, कपड़े की दुकान को किया आग के हवाले

जन एक्सप्रेस । सुनहरा

लखीमपुर खीरी। थाना मितौली क्षेत्र के गांव अवधपुर में स्वामीनाथ की कपड़े की दुकान है। स्वामीनाथ की पत्नी का कहना है कि शनिवार रात उनके घर में बदमाश घुस आए। बदमाशों ने उन्हें बंधक बनाकर चाबी लेकर दुकान खोली और लूटपाट के बाद आग लगा दी।लखीमपुर खीरी के थाना मितौली क्षेत्र में शनिवार रात असलहों से लैस बदमाशों ने घर में घुसकर महिला को बंधक बनाकर लूटपाट की। कपड़े की दुकान से नकदी निकालने के बाद आग लगा दी। आग की चपेट में पड़ोस में स्थित जनसेवा केंद्र आ गया। सूचना मिलने के बाद थाना मितौली पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।थाना मितौली क्षेत्र के गांव अवधपुर में स्वामीनाथ की कपड़े की दुकान गांव के बीचोंबीच स्थित है। दुकान के पास ही टीनशेड डालकर वह रहते हैं। शनिवार रात करीब सवा बारह बजे असलहों से लैस चार से पांच बदमाशों ने घर में घुसकर स्वामीनाथ की पत्नी रेशमा को चाकू और तमंचा दिखाकर बंधक बना लिया। दुकान से लूटी नकदी और लगा दी आग रेशमा ने बताया कि उसके पास से दुकान की चाबी लेकर बदमाशों ने दुकान खोलकर उसमें रखे 43 हजार पांच सौ रुपये नकदी और जेवर निकाल लिए। इसके बाद दुकान में आग लगा दी। आग लगने से स्वामीनाथ के भाई वशिष्ठ का सहज जनसेवा केंद्र भी जल गया। घटना के समय उसके पति स्वामीनाथ गांव में चल रही रामलीला देखने गए थे। आग लगने पर पड़ोसियों ने 112 पुलिस को सूचना दी। मौके पर पुलिस बल साथ पहुंचे सीओ सुबोध जायसवाल और एसओ ने लूट की घटना की जांच शुरू की। पुलिस इस घटना को संदिग्ध मान रही है। पुलिस का कहना है कि बदमाश चोरी करने के बाद बदमाश आग क्यों लगाएंगे। पीड़ित स्वामीनाथ ने बताया कि दुकान में 40 से 45 लाख रुपये का सामान भरा हुआ था, जो सब जलकर राख हो गया।

महिला डांसर के डांस देख आपा खोए शराबियों ने मचाया उत्पात, आयोजक के भतीजे की हत्या

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

गांव बेलिहान में शनिवार रात बर्थडे पार्टी में डांस को लेकर शराबी युवकों ने हंगामा किया। आयोजक के भतीजे ने युवकों का विरोध किया। इस पर विवाद हो गया। रात में किसी वक्त शराबी युवकों ने आयोजक के भतीजे की पीट-पीटकर मार डाला। उसका शव गन्ने के खेत में पड़ा मिला। लखीमपुर खीरी के थाना फूलबेहड़ क्षेत्र में शनिवार रात बर्थडे पार्टी में डांस को लेकर हुए विवाद के बाद बेलिहान गांव निवासी करन की हत्या कर दी गई। उसका शव गांव के बाहर गन्ने के खेत में मिला। घटना की सूचना मिलने के बाद थाना पुलिस गांव पहुंची। एसपी गणेश प्रसाद साहा ने घटनास्थल का जायजा लिया। मृतक के पिता ने आठ नामजद समेत 11 आरोपियों पर हत्या का केस दर्ज कराया है। शनिवार को फूलबेहड़ थाना क्षेत्र के गांव बेलिहान निवासी रामविलास की नातिन का जन्मदिन था। परिजनों ने रात में डांस कार्यक्रम का आयोजन किया। महिला डांसरों को बुलाया गया। रात करीब 10 बजे डांस हो रहा था। पड़ोसी गांवों के लोग भी डांस देखने पहुंचे थे। ग्रामीणों के अनुसार रात करीब 10.30 बजे नशे में धुत कुछ युवक जबरन स्टेज पर चढ़ने लगे। यह देख रामविलास के भतीजे करन पुत्र वेद प्रकाश (18) ने विरोध किया।करन और शराबी युवकों में विवाद होने लगा। वहां मौजूद लोगों ने उस समय तो मामले को शांत करा दिया। बताया गया है कि कुछ देर बाद करन कार्यक्रम से अचानक लापता हो गया। परिजन उसकी खोजबीन करने लगे। न मिलने पर रात में ही सुंदरवल पुलिस चौकी पहुंचे और विवाद की बात बताकर अनहोनी की आशंका जताई। आरोप है कि पुलिस ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया। टालमटोल की।

एसपी ने चौकी पुलिस को लगाई फटकार

रविवार सुबह गांव किनारे गन्ने के खेत में करन का लहूलुहान शव पड़ा मिला। धारदार हथियार से वार कर उसकी हत्या की गई थी। शव देख परिजनों में कोहराम मच गया। हत्या का पता चला तो चौकी और थाना पुलिस पहुंच गई। एसपी गणेश प्रसाद साहा ने भी मौका मुआयना किया। सुंदरवल चौकी पुलिस को जमकर फटकार लगाई। आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी का निर्देश दिया। पुलिस ने मृतक करन के पिता की तहरीर पर गोपालपुर व पिपरा मरोड़ा गांव के भवानी, हंसराज, जयपाल, संदीप, अनूप, शेरू, जुन्नू समेत आठ नामजद व तीन अज्ञात के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की है। प्रभारी निरीक्षक राजू राव ने बताया कि आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

दूसरे दिन भी खीरी में संपन्न हुई व्यवस्थित, निर्विघ्न पीईटी परीक्षा, प्रशासन ने ली राहत की सांस

- पीईटी परीक्षा, 16 परीक्षा केंद्रों पर 8307 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा, 6141 ने छोड़ी परीक्षा

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

जनपद खीरी में रविवार को उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (पीईटी) 16 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में नकलविहीन, शुचितापूर्वक, शान्तिपूर्ण परीक्षा संपन्न हुई। शनिवार को दोनों पालियों में 8307 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। वहीं 6141 ने परीक्षा छोड़ी। नोडल अधिकारी/एडीएम संजय कुमार सिंह ने बताया कि रविवार को उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (पीईटी)-2023 की प्रथम पाली में 16 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित परीक्षा में 7224 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 4146 परीक्षा में शामिल हुए। वहीं 3078 परीक्षा छोड़ी। दूसरी पाली में 7224 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 4161 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। वहीं 3063 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ी। बताते चलें कि शनिवार एवं रविवार को दोनों पालियों में आयोजित पीईटी परीक्षा में एडीएम-एएसपी, एसडीएम-सीओ सहित जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ महेंद्र प्रताप सिंह, सेक्टर मजिस्ट्रेट ने भ्रमणसील एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेट ने परीक्षा केंद्रों पर अपनी देखरेख एवं निगरानी में सकुशल संपन्न कराया।

एडीएम ने भ्रमणशील रहकर देखे परीक्षा केंद्र, दिए निर्देश

रविवार की सुबह एडीएम संजय कुमार सिंह ने परीक्षा केंद्र राजकीय इंटर कॉलेज, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज, अजमानी पब्लिक स्कूल, गुरुनानक इंटर कॉलेज, अजमानी इंटरनेशनल स्कूल सहित विभिन्न स्कूलों का भ्रमणशील रहकर निरीक्षण किया। उन्होंने परीक्षा केंद्रों के केंद्र व्यवस्थापको से नामांकित बच्चों के सापेक्ष उपस्थित एवं अनुपस्थित बच्चों की संख्या जानी। उन्होंने कक्ष निरीक्षकों से परीक्षा उपरांत ओएमआर शीट की सीलिग प्रकिया पूछी एवं कक्ष निरीक्षकों को परीक्षा के सभी कायदे कानून का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों को जरूरी निर्देश दिए।

सकुशल संपन्न हुई पीईटी परीक्षा, डीएम ने दी बधाई

उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (पीईटी) शांतिपूर्ण, नकल विहीन, सकुशल, व्यवस्थित एवं निर्विघ्न संपन्न होने पर जहां एक और प्रशासन ने राहत की सांस ली। वहीं डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने परीक्षा को संपन्न कराने में अहम किरदार निभाने वाले परीक्षा के नोडल अधिकारी, केंद्र व्यवस्थापक, स्टैटिक एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट सहित परीक्षा से जुड़े सभी अधिकारी, कर्मचारी एवं कार्मिको को शुभकामनाएं दी।

रामायण संगोष्ठी के दूसरे दिन तुलसी उद्यान अयोध्या से आए मानस प्रवक्ता ने श्रीराम के जीवन पर डाला प्रकाश

जन एक्सप्रेस । शाजिफ हुसैन

लखीमपुर खीरी। रामायण संगोष्ठी के दूसरे दिन तुलसी उद्यान अयोध्या से आए मानस प्रवक्ता आलोक जी ने भगवान श्री राम के जीवन पर प्रकाश डाला,उन्होंने रामचरितमानस के विभिन्न पक्षों पर चर्चा की।सुंदरकांड के माध्यम से लोगों को समझाया कि हनुमान जी की भक्ति राम के प्रति अटूट थी,इसी विश्वास पर वे सागर पार करके गए। ऐसे ही राम पर हमारी अटूट श्रद्धा होनी चाहिए, तभी हम भवसागर को पार कर सकते हैं।इससे पहले, श्री रामलीला के मंच का शुभारंभ नगर पालिका परिषद अध्यक्ष डा इरा श्रीवास्तव ने बतौर मुख्य अतिथि दीप प्रज्ज्वलन करके किया।मुख्य अतिथि को अंग वस्त्र व प्रतीक चिन्ह देकर नगर पालिका के खाद्य व सफाई निरीक्षक मुरारी लाल सूर्यवंशी मेला अध्यक्ष श्वेता अवस्थी ने सम्मानित किया।रामायण संगोष्ठी के मंच पर चार समाज सेवियों को भी सम्मानित किया गया। जिनमे मां आदिशक्ति फाउंडेशन की अध्यक्ष रेणुका टंडन, धारा फाउंडेशन के संरक्षक मोती सागर बसइय्या, महासचिव ज्ञानेंद्र सक्सेना तथा विश्व हिंदू परिषद के आचार्य संजय मिश्र। शामिल थे। इस मौके पर रामायण संगोष्ठी के मंच पर संयोजक मंडल में सभासद पिंकी देवी श्वेता शर्मा नर्मदा देवी दीपक रस्तोगी बजरंग शर्मा के अलावा नगर पालिका के ईओ संजय कुमार,प्रहलाद सिंह, देवाशीष मुखर्जी, अमित सोनी व मोहित शुक्ल समेत कई लोग मौजूद रहे।

महिला ने दरोगा सहित सिपाहियों पर लगाया छेड़छाड का आरोप

- साहब ! राह चलते पुलिस चौकी के सिपाही मुझे छेड़ते हैं, मेरे शरीर पर हाथ फेरते हैं
- मुझसे कहते हैं एक बार मेरी बात मान जाओ

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

एक महिला के साथ पुलिस के दो सिपाहियों द्वारा छेड़छाड करने का मामला सामने आया है , जिसमें सम्बन्धित चौकी के दरोगा पर भी गम्भीर आरोप लगे हैं । मामला कुकरा चौकी क्षेत्र का है जहां के एक गाँव निवासी महिला ने आरोप लगाया है कि पुलिस चौकी कुकरा पर तैनात दो सिपाही उसके साथ आये दिन अभद्रता करते हैं और झूठे मुकदमें में फंसाने की धमकी भी दिया करते हैं । यहां तक कि दरोगा से शिकायत करने के बाद दरोगा ने पुलिस चौकी पर बुलाया तो दरोगा ने भी उसकी अस्मत के साथ खिलवाड़ करने की कोशिश की।महिला ने बताया कि अपने साथ हुई घटना की शिकायत उसने पहले अपर पुलिस अधीक्षक से की लेकिन, शिकायत करने के बाद सिपाही महिला को और ज्यादा परेशान करने लगे । महिला ने बताया वह अपने रिश्तेदारों की मोटरसाइकिल पर बैठकर अपने गाँव गयी तो रास्ते में सिपाहियों द्वारा गलत नियत से पहले उसके शरीर पर हाथ फेरा और जब मैंने और मेरे रिश्तेदार ने विरोध किया तो सिपाहियों ने रिश्तेदार को बहुत पीटा । सिपाहियों का कहना है कि यदि मैं उनकी बात नहीं मानूंगी तो वह मुझे और मेरे साथ वाले रिश्तेदार को झूठे मुकदमें में फंसा देंगे । कुछ दिन पहले मेरे घर में सिपाही और दरोगा ने काफी तोड़-फोड़ की और मेरे साथ दुष्कर्म करने की कोशिश की । लेकिन, ग्रामीणों के आ जाने पर अपने मंसूबे में कामयाब नहीं हो पाये । उसके बाद एक दिन फिर सिपाही आये और कहने लगे कि चौकी पर दरोगा ने बुलाया है । जब मैं चौकी गयी तो सिपाहियों ने मुझे चौकी इंचार्ज के कमरे में जाने को कहा, जब मैं कमरे के पास गयी तो वह अण्डरवियर में बैठे हुए थे तो मैंने अंदर जाने से इन्कार कर दिया । इस पर दोनों सिपाहियों ने मुझे पकड़ लिया और अंदर ढकेल दिया । इस पर चौकी इंचार्ज ने मेरे साथ अश्लील हरकत करने की कोशिश की तो मैं किसी तरह अपने आपको छुड़ाकर वहां से भागी।महिला का कहना है कि उसे दोनों सिपाहियों और दरोगा से जानमाल का खतरा बना हुआ है।थानाध्यक्ष मैलानी,क्षेत्राधिकारी से लेकर अपर पुलिस अधीक्षक से भी शिकायत की है लेकिन, वह सब दरोगा और सिपाहियों को संरक्षण दे रहे हैं । इस सम्बन्ध में मैंने 19 अक्टूबर को भी पुलिस अधीक्षक से शिकायत की लेकिन, अभी तक मेरी कोई फरियाद न सुनी गयी।

> “ मामले की जांच करवाई जा रही है,जो भी कार्यवाही होगी अवगत कराई जायेगी।
> – नेपाल सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक, लखीमपुर खीरी।

> “ महिला द्वारा जो भी आरोप लगाए जा रहे हैं यह आरोप असत्य व निराधार है,आरोप दबाव बनाने के लिए लगाए जा रहें हैं।
> –मोहित पुंडीर, चौकी इंचार्ज,कुकरा थाना मैलानी।

महारानी सुरथ कुमारी पब्लिक स्टेट ग्राउंड पर होगी प्राचीन श्री रामलीला

जन एक्सप्रेस । सिंगाही खीरी

श्री रामलीला मेला के साथ गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी महारानी सुरथ कुमारी पब्लिक स्टेट फुटबाल टूर्नामेंट सिंगाही के राजा प्रताप इंटर कालेज के फुटबॉल ग्राउंड पर दिनांक 26 नवंबर से शुरू होकर 3 दिसंबर को फाइनल के बाद समाप्त होगा।सिंगाही कस्बे में श्री रामलीला मेला के साथ गत वर्षो की बात इस वर्ष भी महारानी सूरथ कुमारी पब्लिक स्टेट फुटबॉल टूर्नामेंट का आगाज 26 नवंबर 2023 को गतवर्षों की भर्ती होने जा रहा है इस आशय की जानकारी के लिए टूर्नामेंट के महामंत्री सुनील बत्रा के द्वारा कस्बे के इकलौते इंटर राजा प्रताप विक्रम शाह इंटर कॉलेज के प्रांगण में आयोजित की गई बैठक में पिछले वर्ष के टूर्नामेंट के आय व्यय का ब्योरा पेश किया गया। टूर्नामेंट महामंत्री सुनील कुमार बत्रा ने बताया कि महारानी सूरज कुमारी पब्लिक स्टेट फुटबॉल टूर्नामेंट अपना 100 वर्ष पूरा कर चुका है इस बार भी टूर्नामेंट में स्टेट लेवल की इस फुटबाल टूर्नामेंट में आगरा, मथुरा, बनारस, वाराणसी, नेपाल, मऊ, बहराइच, लखनऊ, इलाहाबाद, गोरखपुर व प्रदेश की ज्यादा से ज्यादा टीमों को आमंत्रित किया गया है। बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष मो0 कय्यूम,डा0 एम आर सेठी, पंडित उमाशंकर बक्सी, बिक्रम भल्ला,दिनेश अग्रवाल, रमन जायसवाल,विवेक श्रीवास्तव, मैनूद्दीन अंसारी आदि मौजूद रहे।

राजीव सिंह टेनी बने जोनल रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य

जन एक्सप्रेस । हरदोई

भारत सरकार के अन्तर्गत रेल मंत्रालय के द्वारा 23 अक्टूबर को जारी पत्र के अनुसार भाजपा नेता श्री राजीव कुमार सिंह %टेनी% को जोनल रेलवे सलाहकार समिति का सदस्य नामित किया गया। रेलवे के जोनल समिति का सदस्य नामित किये जाने के बाद भाजपा नेता राजीव सिंह %टेनी% ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी व रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का अभार जताया साथ ही श्री सिंह ने कहा पूर्व सांसद भाजपा नेता नरेश अग्रवाल व उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री सदर विधायक नितिन अग्रवाल के सहयोग व आशीर्वाद से ही वह इस जगह पर पहुंच पाये हैं। श्री सिंह को रेलवे जोनल सलाहकार समिति का सदस्य नामित किये जाने पर पर पार्टी कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। बधाई देने वालों में शिशुपाल सिंह, उदयराज सिंह, पन्ने सिंह, धनञ्जय मिश्रा, रतीराम प्रधान, रामकिशोर कटियार, पुनीत मिश्रा आदि मौजूद रहे।

पाली में रामलीला के प्रथम दिवस एसपी ने पहुंचकर किया पूजन

जन एक्सप्रेस । हरदोई

कस्बा में चल रहे मेला की रौनक धीरे धीरे बढ़ने लगी है। शुक्रवार की रात वृंदावन से आये कलाकारों द्वारा पहले दिन की लीला मंचन से पूर्व पुलिस अधीक्षक के सी गोस्वामी ने रामलीला मैदान पहुंचकर प्रथम पूजन कर भगवान श्रीराम की आरती उतारी, और भगावन का आशीर्वाद लिया। मेला कमेटी द्वारा एसपी का माल्यार्पण कर उनका स्वागत सम्मान किया गया। एसपी केसी गोस्वामी ने कहा मेला कमेटी द्वारा आज के इस दौर में भी अपनी संस्कृति व संस्कारों को जीवंत रखने के लिए जो प्रयास किया जा रहा है वह प्रसंसनीय है। महाऋषि वाल्मीकि द्वारा रचित महाकाव्य रामायण ग्रन्थ पर भी उन्होंने प्रकाश डाला। वाल्मीकि द्वारा रामायण में लिखे गए प्रथम श्लोक को भी उन्होंने संस्कृत में सुनाकर लोगों को उसका अर्थ बताया। वहीं वृंदावन से आई रासलीला मंडली ने लीला के पहले दिन दान लीला का मंचन किया। कलाकारों की सजीव प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। हालांकि लीला का पहला दिन होने के कारण पांडाल में कम श्रोता पहुंचे। कमेटी सदस्य रामू अग्निहोत्री ने बताया कि वृंदावन रासलीला मंडली द्वारा दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक लीला दिखाई जाएगी। शाम 4 बजे से 6 बजे तक स्थानीय कलाकारों द्वारा मेले में लीला होगी। वहीं रात्रि 7 बजे पुनः वृंदावन रासलीला मंडली द्वारा लीला का मंचन किया जाएगा। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस बल व पीएसी को तैनात किया गया है। इस दौरान पूर्व चेयरमैन व मेला कमेटी सदस्य कमलाकांत वाजपेयी, शिवदेव वाजपेयी, नंदकिशोर शुक्ला, अंकित अग्निहोत्री आदि मौजूद रहे।

रंगारंग कार्यक्रम के साथ बाल रामलीला का समापन हुआ

- पूर्व विधायक बब्बू ने आरती पूजन कर शुभारंभ किया

जन एक्सप्रेस । हरदोई

शाहाबाद नगर क्षेत्र में एक पखवाड़े से चल रहे श्री बाल रामलीला का रंगारंग कार्यक्रम के साथ समापन हो गया। श्री बाल रामलीला नाट्य कला मंदिर द्वारा संचालित श्री बाल रामलीला के मंच पर रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ शाहाबाद विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक आसिफ खान बब्बू तथा मेला संयोजक धीरू अवस्थी ने संयुक्त रूप से गणेश जी की आरती पूजन के बाद किया। तत्पश्चात लखनऊ की प्रसिद्ध मल्टी एंटरटेनर म्यूजिकल बैंड ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये। कॉमेडियन अरशद खान ने सभी को अपनी कामेडी से लोटपोट कर दिया। सर्वप्रथम मंच पर नगर के छोटे-छोटे बच्चों ने डांस किया। इसके बाद रंगारंग कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इंडियन आइडल के सत्येंद्र आर्य, अयाज भाई, आर्य गुप्ता, यश गुप्ता, आद्या शर्मा आदि मेहमान कलाकारों ने एक से एक बेहतरीन गीत और कॉमेडी प्रस्तुत कर दर्शकों का मनोरंजन किया। आद्या शर्मा का देश गीत जो शहीद हुए हैं उनकी जरा याद करो कुर्बानी, एक राधा एक मीरा दोनों ने श्याम को चाहा, एक प्रेम दीवानी एक दरश दीवानी खूब सारा गया। इंडियन आइडियल के सत्येंद्र आर्य ने वर्तमान फिल्मों के गानों के ऊपर गीत बनाकर सुनाया जिससे दर्शक ठहाके लगाने पर मजबूर हो गए। अयाज भाई और आर्या गुप्ता ने भी एक से एक बेहतरीन फिल्मी गीतों को सुना कर समां बांध दिया। अरशद खान की गुदगुदाती कॉमेडी खूब पसंद की गई। इसके अतिरिक्त मुस्कान, प्रगति, कुणाल, दीपक,नैतिक, नाव्या, शुभ, परी आदि बाल कलाकारों ने अपना मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। तत्पश्चात इन समस्त बाल कलाकारों को सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में मेला कमेटी के अध्यक्ष चौधरी उमेश गुप्ता ने मेला का समापन करते हुए सभी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर राजेश वर्मा, धीरू अवस्थी, बासु वर्मा, अमरेश द्विवेदी, अखिलेश गुप्ता, आदित्य वर्मा, अभय सिंह सहित बड़ी संख्या में मेला कमेटी के पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे।

सर्राफा व्यापारी के यहां हुई चोरी का अब तक नहीं हुआ खुलासा

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

मैलानी कस्बा मैलानी में शनिवार की रात सर्राफा व्यापारी के यहां हुई चोरी की घटना मैलानी पुलिस के लिए मुसीबत बनी हुई है। पुलिस द्वारा बाईपास पलिया रोड एवं कस्बे की कुछ दुकानों पर लगे सीसी कैमरों में मिले फुटेज के आधार पर दर्जनों संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ करने के बाद भी मैलानी पुलिस के आठ बीत जाने के बाद भी हाथ खाली रहे,पुलिस चोरों के बारे में कोई सुराग हासिल नहीं कर सकी है।बीती शनिवार की रात मैलानी कस्बे के मैन बाजार में हुई चोरी में चोर साढे तीन लाख रुपये के सोने एवं चांदी आभूषण सहित दुकान के सीसी कैमरो का डीवीआर उठा कर ले गये थे,पड़ोस की किराना व्यापारी के यहां ताले तोड़कर चोरी का प्रयास किया गया था वही थोड़ी दूर पर स्थित देसी शराब की दुकान का शटर तोड़कर गल्ले में रखी नगदी एवं वायरलेस कैमरा उखाड़ कर ले गए थे।हालांकि पुलिस अधिकारी जल्द खुलासे की बात कह रहे हैं।चोरी की घटना के बाद से मैलानी पुलिस ने रात्रि गस्त भी बढ़ा दी है।थानाध्यक्ष देवेंद्र गंगवार स्वयं पुलिस बल के साथ रात्रि गस्त का मौका मुआयना करते एवं राहगीरों से पूछताछ करते नजर आ रहे हैं।पुलिस क्षेत्राधिकारी गोला प्रवीण यादव ने पीड़ित व्यापारियों सहित व्यापार मंडल पदाधिकारी से वार्ता कर चोरी की घटना को शीघ्र खुलासा करने का आश्वासन दे रहे हैं।व्यापार मंडल अध्यक्ष पंडित राजेश शर्मा ने बताया कि चोरी की घटना न खुलना मैलानी पुलिस की बहुत बड़ी नाकामी है,कस्बे में हुई चोरी की घटनाओं से व्यापारी भयभीत है,बीती शाम मैलानी आये गोला विधायक अमन गिरी से व्यापारियों ने मिलकर चोरी की घटना खुलवाने की मांग की है।थानाध्यक्ष देवेंद्र गंगवार ने बताया कि चोरों को पकड़ने के लिए सर्विलांस टीम की मदद ली जा रही है,शीघ्र ही चोरी का खुलासा किया जाएगा।

एक सप्ताह पूर्व स्कूल के चपरासी को बंधक बनाकर हुई चोरी का खुलासा

जन एक्सप्रेस । हरदोई

लगभग एक सप्ताह पूर्व कस्बे के एक इंटर कॉलेज में चपरासी को बंधक बनाकर हुई चोरी का पुलिस ने खुलासा किया है।जिसमें नगदी और चोरी गए सामान सहित तीन नाबालिक चोरों को गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया गया ।वहीं एक आरोपी फरार चल रहा है। जानकारी के अनुसार लगभग एक सप्ताह पूर्व बीती 23 अक्टूबर की रांत को कस्बे के शिवम इंटर कॉलेज मे दीवार कूद कर घुसे चोरों ने चपरासी को बंधक बनाकर स्कूल के ऑफिस में रखी अलमारी से 72 हजार रुपए की नकदी व अभिलेख चोरी कर लिए थे। इस मामले में स्कूल के प्रबंधक शिवम यादव ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था ।इसके बाद पुलिस चोरों की तलाश करने में जुट गई थी।रात मे गस्त के दौरान करने गई पुलिस को स्थानीय कस्बे के गर्रा नदी के किनारे बैठे चार नाबालिग दिखाई दिए इतने मे एक मौके से फरार हो गया।वही तीन को हिरासत में लिया गया था ।हिरासत में लिए गए नाबालिकों से पूंछतांछ के दौरान 54,450 रुपए बरामद करते हुए आरोपियों के निशान देही पर श्री देवदार आश्रम इंटर कॉलेज के पास झाड़ियां से आधार कार्ड,पैन कार्ड ,सहित अन्य अभिलेख बरामद किये गए। प्रभारी सुरेश कुमार मिश्रा ने बताया कि गिरफ्तार तीनों आरोपी नाबालिग है। मामले में बिधिक कार्यवाई की जा रही है।

मारपीट में घायल अधेड़ की उपचार के दौरान मौत

जन एक्सप्रेस/कालपी। कदौरा थाना क्षेत्र के ग्राम हांसा में पैसे के लेन-देन के चलते दो गुटों में मारपीट हो गई। जिसमें घायल हुए अधेड़ को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। जहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। कदौरा थाना क्षेत्र के ग्राम हांसा में दशहरा के मौके पर दयाशंकर 50 वर्ष व करन में रुपए के लेनदेन को लेकर विवाद हो गया था। जिस पर करन ने दयाशंकर पर लाठी डंडों से प्रहार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया था। घटना के बाद हड़कंप मच गया था और मौके पर पहुंचे परिजन उसे सीएचसी लेकर गए थे। जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया था। जिला अस्पताल में भी हालत में सुधार न होने पर उसे झांसी ले जाया गया था। जहां पर रविवार की सुबह उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

अनियंत्रित होकर पलटी कार में लगी आग, पांच घायल-एक रेफर

आगरा से पीईटी की परीक्षा देकर उरई लौट रहे थे सभी लोग, देर रात हुआ हादसा

जन एक्सप्रेस । कुठौंद

थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर ग्राम हदरुख के पास अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई, और उसमें भीषण आग लग गई। हादसे में पांच युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें पुलिस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां से एक को मेडिकल कॉलेज झांसी के लिए रेफर कर दिया गया। शहर कोतवाली के मोहल्ला सुशील नगर निवासी मोहित बाथम 40 वर्ष शनिवार की सुबह कार से अपने भाई सुमित बाथम, मुनीश श्रीवास्तव निवासी गिरधान, अशरफ निवासी बजरिया व महेंद्र निरंजन निवासी गुरसराय झांसी को पीईटी की परीक्षा दिलाने के लिए उरई से आगरा गया हुआ था। बताया गया कि परिक्षा देने के बाद देर रात सभी लोग आगरा से उरई लौट रहे थे। तभी जैसे ही जालौन औरैया हाईवे ग्राम हदरुख के पास से गुजरे तभी कार तेज़ रफ्तार की वजह से अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। इतना ही नहीं कार पलटते ही उसमें आग लग गई, और कार धू धू कर जलने लगी। घटना के बाद कार पर सवार सभी लोगों ने किसी तरह कूदकर अपनी जान बचाई। लेकिन हादसे में सभी लोग झुलस गए और साथ ही घायल भी हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और उन्होंने आग पर नियंत्रण पाया। मगर तब तक कार पूरी तरह से जल चुकी थी। फिलहाल पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जिसमें मनीष की हालत नाजुक होने पर उसे झांसी रेफर कर दिया गया।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के मुख्य गेट की नाली खराब, मरीजों को दिक्कत

जन एक्सप्रेस/जालौन। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के मुख्य गेट पर बनी नाली लम्बे समय से खराब है। इसके अलावा गेट नंबर दो बंद होने से अस्पताल के एक ही गेट से मरीजों का आना जाना इसी गेट से होता है। इस गेट नाली टूटी होने के कारण आने वाली मरीजों व गर्भवती महिलाओं को दिक्कत हो रही है। देवनगर चौराहे पर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के मुख्य दरवाजे पर पानी निकासी के लिए नाली बनी हुई है। दरवाजे पर बनी नाली लम्बे समय से खराब पड़ी है। नाली टूटी होने के कारण अस्पताल में रिक्शा या कार से आने वाले मरीजों को दिक्कत हो रही है। दुर्घटना में घायलों को इस नाली से निकलते समय बहुत दिक्कत होती है। इसके साथ ही गर्भवती महिलाओं को यहां से निकलने में झटका लगने से पीड़ा बढ़ जाती है। लम्बे समय से टूटी पड़ी नाली के कारण मरीजों को दिक्कत हो रही है।

फास्ट फॉरवर्ड

एसपी के आदेश पर छेड़छाड़ का मामला दर्ज, आरोपी की तलाश जारी

जन एक्सप्रेस/उरई। थाने से न्याय न मिलने पर पीड़ित महिला ने पुलिस कार्यालय पहुंचकर एसपी से न्याय की गुहार लगाई। जिसमें गांव के ही युवक पर छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया। एसपी के हस्तक्षेप पर पुलिस ने मामला पंजीकृत कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी। कदौरा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने एसपी ईरज राजा को शिकायती पत्र दिया था। जिसमें बताया कि दशहरा के दिन वह अपनी जेठानी से मिल कर देर रात अपने घर जा रही थी। तभी गांव के ही युवक अमर सिंह उसे अकेला समझ कर उसके साथ छेड़खानी करने लगा। जिसका विरोध करते हुए उसने शोर मचाना शुरू कर दिया। महिला के शोर मचाने पर ग्रामीण मौके पर दौड़ पड़े, तभी ग्रामीणों को आता देख आरोपी युवक मौके से भाग गया। जिस पर उसने इसकी सूचना तत्काल 1090 व डायल 112 पर दी। इतना ही नहीं बल्कि दूसरे दिन कदौरा पुलिस को लिखित सूचना दी गई। लेकिन पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही न करने पर उसके भाई ने मुख्यमंत्री के ट्विटर एकाउंट पर शिकायत की थी। पीड़िता ने इसकी शिकायत एसपी डॉ. ईरज राजा से भी की थी। एसपी के आदेश पर कदौरा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ सम्बन्धित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया और आरोपी की तलाश शुरू कर दी।

नगर के तीन वार्डों में बनेगा ओपन जिम, योग के साथ होगा व्यायाम

जन एक्सप्रेस/भटनी/देवरिया। नगर क्षेत्र में रहने वाले लोगों के स्वास्थ्य के प्रति नगर पंचायत प्रशासन गंभीर होता दिख रहा है। योग के साथ-साथ व्यायाम के लिए अब तीन वार्डों में ओपन जिम स्थापित कराने के लिए कवायद शुरू हो गई है। नगर पंचायत प्रशासन ने बहुत जल्द ओपन जिम संचालित होने की बात कही है। इसकी जानकारी पर नगर वासियों ने खुशी जाहिर की है। इसकी लागत करीब पचीस लाख रुपये बताई जा रही है। चेयरमैन ने इसके बाद अन्य वार्डों में भी बहुत जल्द ओपन जिम बनाने की बात कही है।बोर्ड की बैठक के बाद नगर के केवड़ा, रामपुर खुरहुरिया व नकहनी वार्ड ओपन जिम बनाने पर सहमति बनी। ओपन जिम स्थापित कराकर नगर वासियों को टहलने, योगा एवं खेल-कूद के साथ व्यायाम करने की सुविधा प्रदान करने की तैयारी हुई। प्रस्ताव पर मोहर लगने के बाद तीनों वार्डों में ओपन जिम बनाने कवायद शुरू हो गई है। चेयरमैन विजय कुमार गुप्त ने बताया कि नगर वासियों के स्वास्थ्य के प्रति नगर पंचायत प्रशासन गम्भीर है। इसके लिए सभी वार्डों में ओपन जिम का निर्माण कराया जाएगा। बाद में स्थिति देख इसको पार्क का रूप दिया जाएगा। इसी क्रम में तीन वार्डों में ओपन जिम बनाने का कार्य शुरू कराया गया है।

एक महिला समेत 8 इंस्पेक्टर जिले से हुए कार्यमुक्त

जन एक्सप्रेस/देवरिया। एक महिला समेत 8 इंस्पेक्टर को शनिवार को जिले से कार्यमुक्त कर दिया गया है। जिसमें से चार इंस्पेक्टर गोरखपुर , दो-दो इंस्पेक्टर महाराजगंज कुशीनगर जिले के लिए रवाना हो गए। पुलिस लाइन में तैनात इंस्पेक्टर प्रभु दयाल सिंह, श्री प्रकाश, ट्रांसजेंडर सेल के प्रभारी अनिल कुमार पांडे और भाटपार रानी के थानेदार टीजे सिंह को गोरखपुर जिले के लिए कार्यमुक्त किया गया है। यातायात कार्यालय में तैनात इंस्पेक्टर अजय कुमार सिंह और पुलिस लाइन में तैनात निलंबित इंस्पेक्टर मुकेश कुमार मिश्रा को महाराजगंज जिले के लिए कार्यमुक्त किया गया है। वहीं महिला थाने की थानेदार कुमारी प्रियंका मिश्रा और यातायात कार्यालय में तैनात इंस्पेक्टर अवधेश कुमार उपाध्याय को कुशीनगर जिले के लिए कार्यमुक्त किया गया है।

कोटेदार और उसके बेटों पर एससी-एसटी का केस, कोटा निरस्त

जन एक्सप्रेस/देसही/देवरिया। विकास खंड क्षेत्र के पिपरा दौलाकदम गांव के उपेंद्र दुबे कोटेदार हैं। 2017 में गांव के जनार्दन प्रसाद ने डीएसओ से गांव के कोटे से जुड़ी जनसूचना मांगी थी। उसी बात को लेकर कोटेदार और उनके बेटों ने जनार्दन प्रसाद गोंड की पिटाई कर दी थी। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने चार अक्तूबर को कोटेदार और उनके चार पुत्रों पर एससी-एसटी का केस दर्ज कर लिया था। न्यायालय में सुनवाई के बाद तीन साल की सजा हो गई। मामले की जांच के बाद जिला पूर्ति अधिकारी संजय कुमार पांडेय ने 27 अक्तूबर को कोटे की दुकान को निरस्त कर दिया।जिला पूर्ति अधिकारी संजय कुमार पांडेय ने बताया कि पिपरा दौलाकदम गांव के कोटेदार उपेंद्र दुबे और उनके चार बेटों को न्यायालय ने एससी एसटी एक्ट के तहत सजा सुनाई है। इसलिए दुकान के अनुबंध को समाप्त कर दिया गया है।

उमाशंकर के यहां पर बीती रात्रि में चोरों ने बोला धावा

जन एक्सप्रेस/महोबा। थाना पनवाड़ी अंतर्गत मुहल्ला सुभाष नगर पनवाड़ी का पूरा मामला है। अध्यापक उमाशंकर कौशिक के यहां बीती रात्रि में सूनसान पाकर चोरों ने 5 ताले तोड़कर अंदर रखे तिजोरी में जेवरात चोरी करके ले गए। उमाशंकर कौशिक ने बताया कि कल शाम को हम लोग झांसी निकल गए थे और सुबह किराएदारों ने हमको सूचना दी की आपके मकान के ताले टूटे पड़े हुए हैं। तो आनन फानन में हम लोग झांसी से तुरंत ही पनवाड़ी के लिए रवाना हुए, यहां पर आकर देखा तो सही पाया गया मकान में चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया अज्ञात चोरों के द्वारा। इसकी सूचना तुरंत ही थाना प्रभारी निरीक्षक शशि कुमार पांडे को दी तो उन्होंने तुरंत ही रमेश यादव एस आई और स्वयं आकर मौके पर जाकर जांच पड़ताल शुरू कर दी, उन्होंने आश्वासन दिया है कि जल्द से जल्द चोरी का खुलासा किया जाएगा।

ट्रेन से कटकर कृषक ने की आत्महत्या

जन एक्सप्रेस/महोबा। पत्नी तथा भतीजे पर अनियंत्रित टैक्टर चढ़ जाने से अपने आप को दोषी मानते हुए कृषक ने ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली है। वहींदूसरी ओर टैक्टर की टक्कर से घायल पत्नी व भतीजे को परिवारीजनो द्वारा उपचार हेतु झॉसी ले जाया गया है। घटनाक्रम मे पता चला है कि जिले के थाना महोबकण्ठ क्षेत्र के ग्राम रिवई निवासी अशोक कुमार पुत्र कालीचरन उम्र 41 वर्ष शनिवार के रोज टैक्टर से खेत की जुताई कर रहा था अचानक टैक्टर के ब्रेक फेल हो जाने तथा तकनीकी गड़बड़ी आने से खेत पर कृषि कार्य कर रही अशोक की पत्नी व भतीजे को ट्रैक्टर टक्कर मारते हुए निकल गया जिससे उसकी पत्नी तथा भतीजा दोनो गम्भीर रूप से घायल हो गये। घटना को लेकर कृषक अशोक अपने आप को दोषी मानते हुए आत्मग्लानि से भरे होने के कारण उसने झॉसी कानपुर ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली है। घटना की सूचना पर पहॅुची इलाकाई पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे मे लेकर आवश्यक कार्यवाही के उपरांत शव को पोस्टमार्टम हेतु विच्छेदन गृह भेजा है।

शव वाहन पलटने से चालक सहित तीन घायल

जन एक्सप्रेस/महोबा। शव वाहन पलट जाने से चालक भगवती प्रसाद सोनी सहित तीन लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये है सभी घायलो को उपचार हेतु जिला चिकित्सालय मे भर्ती कराया गया है। घटनाक्रम मे पता चला है कि भगवती प्रसाद सोनी शव लेकर कुलपहाड तहसील क्षेत्र के एक गांव जा रहा था ग्राम मुढ़ारी के पास शव वाहन पलट जाने से ड्राईवर भगवती सोनी तथा अन्य दो लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये है। सूचना पर पहॅुची पुलिस ने तीन घायलो को उपचार हेतु जिला चिकित्सालय मे भर्ती कराया है।

दो ट्रकों में आमने-सामने भिड़न्त, ड्राईवर घायल

जन एक्सप्रेस/महोबा। कानपुर सागर राष्ट्रीय राजमार्ग पर ग्राम बरीपुरा मोड पर दो ट्रको मे आमने सामने टक्कर दोनो के ड्राईवर गम्भीर रूप से घायल। घायलो को उपचार हेतु जिला चिकित्सालय मे भर्ती कराया गया है जहॉ प्राथमिक उपचार के बाद झॉसी मेडिकल कालेज के लिए रिफर किया गया है। घटनाक्रम मे पता चला है कि एक ट्रक महोबा से कानपुर की ओर जा रहा था तथा दूसरा ट्रक कानपुर से महोबा की ओर आ रहा था। दोनो ट्रको मे ग्राम बरीपुरा मोड़ पर स्थित आमने सामने टक्कर होने से ड्राईवर इन्द्रजीत निवासी महाराजगंज तथा बाबू निवासी ग्राम गुढा दोनो घायल बताये गये है। घायलो को उपचार हेतु जिला चिकित्सालय मे भर्ती कराया गया था जहॉ उनकी हालत गम्भीर होने पर उपचार हेतु जिला चिकित्सालय मे भर्ती कराया गया है।

चेकडैम में डूबकर पशु चरवाहे की मौत

जन एक्सप्रेस/महोबा। पशु चरवाहे की चेकडैम मे डूबकर मौत हो गयी है। घटना की सूचना पर पहॅुची इलाकाई पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर आवश्यक कार्यवाही के उपरांत पुलिस अभिरक्षा मे पोस्ट मार्टम हेतु विच्छेदन गृह भेजा है। घटनाक्रम मे पता चला है कि जिले के कस्बा चरखारी थाना क्षेत्र के अर्न्तगत ग्राम पचपहरा स्थित खेतो पर अंगद उर्फ भानसिंह उम्र 51 वर्ष निवासी ग्राम ननौरा पशुओ को चरा रहा था दोपहर के समय चेकडैम मे नहाने गये पशु चरवाहे भानसिंह का पैर फिसल गया और तैरना न आने के कारण चेकडैम मे डूबकर मौत हो गयी है। घटना की सूचना पर पहॅुची थाना चरखारी पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर विच्छेदन गृह भेजा है।

चौथे चंबल लिटरेरी फेस्टिवल का पोस्टर जारी, पचनद पर होगा तीन दिवसीय आयोजन

जन एक्सप्रेस । उरई

चंबल साहित्य उत्सव के चौथे संस्करण का आयोजन पंचनदा विशाल जलराशि तट पर किया जा रहा है। चंबल की खोई पहचान उभारने के लिए चंबल साहित्य उत्सव का आयोजन 2020 से होता रहा है। चंबल साहित्य उत्सव का चौथा संस्करण आगामी 16-18 फरवरी को आयोजित होने जा रहा है। सीएलएफ का इस बार का आयोजन चंबल घाटी के बीहड़ों के बीचों-बीच होगा। चंबल, यमुना, सिंध, पहुंज और क्वारी पांच नदियों के विशाल और अनोखे संगम पर अंचल के साहित्यकारों का महाकुंभ लगेगा। इसमें शामिल होने के लिए सभी को खुला निमंत्रण है। चंबल अंचल में साहित्य की एक धारदार परंपरा रही है। साहित्य की इसी धरोहर से प्रेरणा लेते हुए चंबल के बिखरे साहित्य को दस्तावेजीकरण कर समाज के सामने उजागर का यह प्रयास है। साथ ही चंबल और देश-दुनिया के साहित्यकारों के बीच एक सेतु का निर्माण करना भी इस आयोजन का मकसद है। इन्हीं उद्देश्यों के साथ रविवार 29 अक्टूबर को चौथे चंबल लिटरेरी फेस्टिवल का पोस्टर जारी कर दिया गया। इस दौरान डॉ. शाह आलम राना, खालिद नाईक, अजय कुमार, डॉ. कमल कुमार कुशवाहा, सौरभ अवस्थी, कपिल तिवारी, कुलदीप परिहार, आदिल खान, शशिकांत दुबे, देवेन्द्र सिंह परिहार आदि उपस्थित रहे।

कन्या सामूहिक विवाह की बनी रूपरेखा

जन एक्सप्रेस । उरई

आदर्श प्रजापति समा की बैठक रविवार को प्रजापति भवन पटेल नगर में सम्पन्न की हुयी। जिसकी अध्यक्षता सभा के जिला अध्यक्ष राजेश प्रजापति ने की और संचालन मूळचरण प्रजापति ने किया बैठक में कन्या विवाह महायज्ञ को लेकर चर्चा हुई। जिसमें प्रजापति सामूहिक कन्या विवाह महायज्ञ वसन्त पंचमी को रूरा कमसेरा के बीच काशी विश्वनाथ मन्दिर बम्बी के पास कराने हेतु रजिस्ट्रेशन/ पंजीयन 1 नवंबर से 20 जनवरी तक कराने का निश्चय हुआ। विवाह रजिस्ट्रेशन कराने के लिये कार्यक्रम संयोजक आनन्द भगत रूरा, जिला उपाध्यक्ष अशोक कुमार जैलर्स जालौन एवं जिला महामंत्री मूलचरण प्रजापति चुर्खी ,प्रजापति भवन उरई से सम्पर्क करें। बैठक के उपरान्त अनिल प्रजापति के बड़े सुपुत्र नवीन कुमार की सड़क दुर्घटना में मृत्यु एवं जिला अध्यक्ष के चचेरे भाई रामप्रकाश प्रजापति गोरा की हृदय गति रुक जाने के कारण मृत्यु हो गई । जिसके लिये आदर्श प्रजापति समा द्वारा प्रजापति भवन में शोक सभा की गई।

इस मौके पर दमाराम प्रजापति चौथ, लक्ष्मीकान्त प्रजापति एडवोकेट वागी, पूर्वेश कुमार प्रजापति धनौरा, श्रीनारायण प्रजापति बहादुरपुर, शिवरतन मसगया, चतुर्भुष प्रजापति हरदोई आदि लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

विसर्जन में खूब बजाया डीजे, 17 संचालकों पर केस दर्ज

जन एक्सप्रेस । सलेमपुर, देवरिया

प्रतिमा विसर्जन के दौरान मानक से ज्यादा आवाज पर डीजे बजाने पर 17 डीजे संचालकों के विरुद्ध केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने यह कार्रवाई कोतवाल की तहरीर की है। इसके बाद से डीजे संचालक सकते में हैं। हालांकि, विसर्जन जुलूस में बालाओं का डांस कराने वाले पूजा आयोजकों पर पुलिस अब भी मेहरबान बनी हुई है।नगर में हर वर्ष दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दिन लाखों की भीड़ रहती है। पिछले वर्ष के अपेक्षा इस बार भीड़ अधिक होने की संभावना पहले से ही थी। इसको लेकर पुलिस-प्रशासन ने कोतवाली में तीन बार पूजा आयोजकों और डीजे संचालकों के साथ पीस कमेटी की बैठक कर विसर्जन जुलूस के दौरान डीजे और आर्केस्ट्रा पर प्रतिबंध लगाया था। बैठक में आयोजकों ने पुलिस प्रशासन की बातों पर सहमति जताई, लेकिन विसर्जन के दौरान खूब मनमानी की। तेज आवाज में डीजे बजाने व मुख्य मार्ग अवरूद्ध करने के मामले में कोतवाल उमेश कुमार बाजपेई ने तहरीर देकर बताया कि 25 व 26 अक्तूबर को वह कांस्टेबल अंकित यादव व गणेश कन्नौजिया के साथ सरकारी वाहन से टाउन एरिया सलेमपुर बाजार में शांति-व्यवस्था कायम करने के लिए ड्यूटी कर रहे थे। इस दौरान दुर्गा प्रतिमा के पीछे ट्रैक्टर ट्राली, ट्रक-ट्रेलर, डीसीएम वाहन पर मंच बनाकर आर्केस्ट्रा नर्तकियों से अश्लील नाच गाना कराया जा रहा था।सार्वजनिक रूप से नर्तकियों द्वारा अश्लील गाने व भद्दे-भद्दे इशारे किए जा रहे थे। जिसे देखकर मेले में आई हुईं महिलाएं व लड़कियां शर्म से अपना सिर झुका ले रही थीं। इन नर्तकियों के साथ डीजे मालिक, संचालक भी अश्लील नाच-गाना स्टेज पर चढ़कर कर रहे थे। इनके द्वारा काफी संख्या में डीजे साउंड बाक्स का प्रयोग कर अत्यधिक ध्वनि से गाना बजाया जा रहा था।

मेले में आए अधिकांश लोग ध्वनि प्रदूषण से घबराकर अपने कानों पर हाथ रखकर सड़क के किनारे हट जा रहे थे।

जनता के बीच मेले में हाथी व घोड़ों को भी काफी संख्या में निकाला गया था। संचालकों व मालिकों को समझाने का काफी प्रयास किया गया, लेकिन मानने को तैयार नहीं हुए। इनके कार्यक्रम में सड़क पर आवागमन बाधित हो गया था।

वामा सारथी, उ0प्र0 पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वावधान में खेल प्रतियोगिता का आयोजन

जन एक्सप्रेस । महोबा

पुलिस अधीक्षक श्रीमति अपर्णा गुप्ता के निर्देशन मो उत्तर प्रदेश पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन के कार्यक्रम के अंतर्गत रिजर्व पुलिस लाइन में आवासीय परिसर के बच्चों की 100-200 मीटर की दौड़ तथा कुर्सी दौड़ तथा जलेबी दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया जिसमें आवासीय परिसर के बच्चों द्वारा बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया गया। इस अवसर पर रिजर्व पुलिस लाइन के अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

जनपदीय पुलिस द्वारा चलाया गया स्वच्छता अभियान

जन एक्सप्रेस । महोबा

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में आज रविवार को महोबा पुलिस के समस्त थानों, कार्यालयों एवं पुलिस लाइन में स्वच्छता अभियान चलाकर थाना कार्यालय, बैरक, थाना परिसर, प्रशासनिक भवन, मेस, परिसर एवं विशेषकर खाली पड़े स्थानों पर बेतरतीब उगी हुई घास को काटा गया व गंदगी की साफ सफाई की गयी। थानों पर कार्यरत कर्मियों द्वारा थाना परिसर के साथ-साथ बैरकों, मालखाना, मेस, थाना कार्यालय की साफ-सफाई के साथ शस्त्रों की सफाई भी की गयी साथ ही अभिलेखों को सुव्यवस्थित तरीके से रखा गया तथा आमजनमानस को भी स्वच्छता का सन्देश देकर स्वच्छता के प्रति जागरुक किया गया।

भाजपा सरकार ने महिलाओं को बनाया सशक्त : भूपेंद्र सिंह

जन एक्सप्रेस । बनकटा/देवरिया

रविवार को बनकटा विकासखंड मुख्यालय पर भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा के द्वारा नारी शक्ति वंदन सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष भाजपा भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि केंद्र की मोदी एवं उत्तर प्रदेश की योगी सरकार महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए तमाम प्रकार की योजनाओं को संचालित कर रही हैं। जिसके कारण निश्चित रूप से देश एवं प्रदेश की महिलाओं के चेहरे पर खुशी दिखाई दे रहा है। महिला आरक्षण बिल महिलाओं को सशक्त बनाने में कारगर साबित होगा। महिला आरक्षण बिल अब तक के भारतीय लोकतंत्र में मोदी सरकार का सबसे बड़ा और ऐतिहासिक निर्णय है। इस कानून के माध्यम से महिलाओं को लोकसभा एवं विधानसभा में 33त्न आरक्षण देने का रास्ता साफ हो गया है। क्षेत्रीय सांसद रविंद्र कुशवाहा ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के माध्यम से उत्तर प्रदेश की योगी सरकार बालिकाओं के जन्म के पश्चात से उनको रूपए 15000 की राशि 6 किस्तों में प्रदान करने का कार्य कर रही है। इस योजना के माध्यम से बालिकाओं को सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा सरकार के द्वारा दी जा रही है। जिला पंचायत अध्यक्ष पंडित गिरीश चंद तिवारी ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत निर्धन कन्याओं की शादी संपन्न करने का कार्य उत्तर प्रदेश की योगी सरकार कर रही है। इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक जोड़े पर सरकार के द्वारा 51 हजार रुपए खर्च किया जा रहा है। क्षेत्रीय विधायक सभाकुंवर कुशवाहा ने कहा कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत देश के लगभग 11 करोड़ गरीब महिलाओं को निशुल्क गैस कनेक्शन (गैस सिलेंडर, चूल्हा एवं रेगुलेटर) उपलब्ध कराया गया है। कार्यक्रम को भाजपा नेता जयनाथ कुशवाहा गुड्डन, ब्लॉक प्रमुख बिंदा कुशवाहा, भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष भारती शर्मा, भाजपा की जिला मंत्री निर्मला गौतम, सीमा कुशवाहा, माला देवी ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन भाजपा नेता संतोष पटेल ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से बृजेश धर दूबे, बलवीर सिंह दादा, सत्येंद्र पांडेय, सुरेश तिवारी, शशि रंजन तिवारी, राहुल प्रताप सिंह, गुड्डू गोस्वामी, राजन कुशवाहा, सरिता देवी, साधना देवी, ममता देवी सहित भारी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

बुंदेली समाज 1 नवंबर को मनाएगा काला दिवस

प्रधानमंत्री को 34वीं बार अपने खून से खत लिखेंगे बुंदेले

जन एक्सप्रेस । महोबा

बुंदेलखंड को दो टुकड़ों में बांटकर 1956 में भारत के नक्शे से मिटाने वाली तारीख एक नवंबर को बुंदेली समाज काला दिवस के रूप में मनाएगा एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को रिकार्ड 34वीं बार अपने खून से खत लिखकर नेहरू सरकार की उस ऐतिहासिक भूल को सुधार कर पुनः बुंदेलखंड राज्य बहाली की मांग करेंगे। महोबा के साथ-साथ झांसी, बांदा, चित्रकूट व फतेहपुर आदि जिलों में भी बुंदेले काला दिवस मनाएंगे। बुंदेलखंड राज्य बहाली की मांग को लेकर 2018-19 में आल्हा चैक पर 635 दिन अनशन कर चुके बुंदेली समाज के संयोजक तारा पाटकर ने बताया कि एक नवंबर बुंदेलखंड के इतिहास का सबसे अधिक त्रासदीपूर्ण दिन है। उस दिन को हम बुंदेले कभी नहीं भूल सकते।

बुंदेलखंड के आधे हिस्से को मध्यप्रदेश और आधे हिस्से को उत्तर प्रदेश में बांट दिया गया। इतना ही नहीं प्रभु श्री राम की तपोभूमि धर्मनगरी चित्रकूट के दो टुकड़े कर दिये गये। दो राज्यों के बीच फंसे चित्रकूट का विकास अवरुद्ध हो गया। उन्होंने बताया कि आजादी के बाद देश की 564 रियासतों को मिला कर अखंड भारत में जो 14 राज्य बनाए गए, उनमें हमारा बुंदेलखंड राज्य भी एक था लेकिन नेहरू सरकार ने पहले 1948 में बुंदेलखंड और बघेलखंड को मिलाकर विन्ध्य प्रदेश बनाया। फिर 1956 में मध्यप्रदेश का निर्माण कर बुंदेलखंड के दो टुकड़े कर दिये और भारत के नक्शे से मिटा दिया। तभी से हमारा बुंदेलखंड दो राज्यों के बीच में पिस रहा है और विकास की मुख्य धारा से कट गया। तारा पाटकर ने बताया कि एक नवंबर को हम बुंदेले आल्हा चैक स्थित अंबेडकर पार्क में काले कपड़े पहनकर प्रदर्शन करेंगे।

चरखारी विधायक ने पिता के साथ मुख्यमंत्री से मिलकर क्षेत्रीय समस्याओं से सम्बंधित छः सूत्रीय ज्ञापन सौपा

जन एक्सप्रेस । महोबा

पिता पुत्र ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर क्षेत्रीय समस्याओं के साथ- साथ हमीरपुर जनपद के कस्बा राठ स्थित ब्रम्हानंद महाविद्यालय को विश्व विद्यालय बनाये जाने बावत ज्ञापन सौपा है। ज्ञातव्य हो कि चरखारी विधायक बृजभूषण राजपूत तथा उनके पिता पूर्व सांसद गंगाचरण राजपूत दोनो पिता पुत्र ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकाल कर राठ स्थित स्वामी ब्रम्हानंद महाविद्यालय को विश्व विद्यालय बनाये जाने के अतिरिक्त अन्य छः सूत्रीय मांग पत्र सौपा है। हालाकि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा पिता पुत्र द्वारा सौपे गये ज्ञापन पर कोई सकारात्मक प्रतिक्रिया व्यक्त नही की है। चरखारी विधायक बृजभूषण राजपूत ने अपने लेटर पैड मे लिखित आधा दर्जन समस्याओं मे मुख्य रूप से ग्राम पंचायत बेलाताल व पनवाड़ी को नगर पंचायत का दर्जा दिलाये जाने का उल्लेख किया है। पत्र मे कहा है कि ग्राम पंचायत बेलाताल व पनवाड़ी को नगर पंचायत घोषित किये जाने जिसकी फाइल कम्पलीट बताई और कहा कि कैबिनेट से स्वीकृति होना शेष है। उक्त ग्रामो की आबादी 20 हजार बताई गयी है। इसके अतिरिक्त कुलपहाड़ तहसील मे कृषि मण्डी शीघ्र निर्माण कराये जाने, चरखारी कस्बे मे स्वीकृत स्पोटर्स का बजट स्वीकृत किये जाने। चैथी मांग के रूप मे चरखारी क्षेत्र के अस्पतालों मे चिकित्सको की नियुक्ति तथा विद्यालयों मे अध्यापको की कमी की भरपाई किये जाने बावत मुख्यमंत्री से याचना की है। ज्ञापन मे यह भी उल्लेख किया है कि इस समय किसानों की जुताई, बुबाई का सीजन चल रहा है कृषको को बिजली कनेक्शन की अवधि बढाये जाने तथा ग्रामीणों क्षेत्रो मे बेतहाशा हो रही विद्युत कटौती पर रोक लगाये जाने तथा चरखारी और कुलपहाड़ क्षेत्र मे पिछले दिनो बलात्कार जैसे जघन्य अपराध की घटित हुई तीन घटनाओ के आरोपियो पर गैंगस्टर लगाये जाने की कार्यवाही कराये जाने की मांग रखी है।

तराई से विलुप्त होता जा रहा काला नमक का धान

सरकारी उपेक्षा और महंगाई बनी बड़ा कारण

जन एक्सप्रेस। अशोक उपाध्याय/ राजकुमार

बहराइच। नेपाल से लगे तराई के जिलो में अरसा पूर्व काला नमक धान की खेती बड़े पैमाने पर की जाती थी। प्रत्येक किसान लघु, मध्यम वर्ग और जमींदार सभी अपनी हैसियत के मुताबिक काला नमक धान की रोपाई करते थे। उस समय खेती जैविक खाद (गोबर, कंपोस्ट) से फसल तैयार की जाती थी। उस समय किसान रासायनिक खाद और कीटनाशक उपयोग में नहीं लेते थे। कीटनाशक के स्थान पर नीम की पत्ती और उसका तेल का प्रयोग फसल से कीट नियंत्रण के लिए करते थे। जिस कारण काला नमक धान के खेत से खुशबू पूरे इलाके में फैलती थी। खेतों के पास से निकलते ही उसकी भीनी भीनी खुशबू से मन भर जाता था। लेकिन अब खेतों के आसपास से गुजरने पर रासायनिक खाद या फिर कीटनाशक दवाइयों की खुशबू नाक में भर जाती है।

उत्तर प्रदेश में तराई के जिलों खासकर पीलीभीत, लखीमपुर, बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर काला नमक धान की खेती के लिए लंबे अरसे से अपनी पहचान बनाए हुए हैं। करीब तीन दशक पूर्व लघु, मध्यम वर्गीय मिलाकर किसानों के साथ जमींदार लोग भी काला नमक धान की खेती बड़े शौक से करते थे। लघु और मध्यम वर्ग के किसान भले ही अपने कृषि योग्य भूमि में थोड़ा हिस्सा ही सही काला नमक धान की रोपाई अवश्य करते थे। काला नमक धान और श्याम जीरा धान की अपनी अलग पहचान होती थी। काला नमक धान माही छोटा और गोल दाने का होता है। जबकि श्याम जीरा धान पतला और लंबा होता है। फिलहाल श्याम जीरा तो किसानों के खेतों में अब दिखाई भी नहीं पड़ता थोड़ी बहुत रुझान है। किसानों के खेतों में थोड़ी मात्रा में काला नाग धाम ने अपनी हनक बना रखी है। किसान अपनी हैसियत के मुताबिक खेतों में इन दोनों धानों की रोपाई करते थे। सबसे खास बात यह है कि इस धन की रोपाई करने से पहले किसान कंपोस्ट और जैविक खाद का उपयोग करते थे। इसके बाद धान की रोपाई की जाती थी। फसल तैयार होते ही फसल नाश करने वाले कीटाणु बहुतायत मात्रा में खेतों में जमा हो जाते थे। फिलहाल उस समय रासायनिक खाद और कीटनाशक दवाइयां पर्याप्त मात्रा में ना तो उपलब्ध होती थी और ना ही मिलती थी। इसलिए फसल को नुकसानदायक कीटाणु से बचाने के लिए किसान नीम की पत्ती का घोल और नीम के तेल का छिड़काव करते थे। धीरे-धीरे फसल तैयार होने लगती थी। जब धान की फसल तैयार होने लगती थी तो उसकी खुशबू आसपास के दूर दराज इलाकों तक पहुंचा करती थी। इसी से लोग अंदाजा लगा लेते थे कि पास के किसान ने अपने खेत में काला नमक धान लगाया है। धान की फसल पकने के बाद उसकी खुशबू और ज्यादा दूर तक अपना प्रभाव दिखाती थी।

महंगा होने के कारण काला नमक चावल अब शौकीनों की थाली तक ही सीमित रह गया है। आम आदमी काला नमक चावल के स्वाद से वंचित हो चुका है। चावल महंगा होने के कारण खरीद कर खा नहीं सकता। यदि किसान हाइब्रिड धान के स्थान पर काला नमक धान की पैदावार करने के लिए तैयार भी होता है तो उसे अच्छी कीमत नहीं मिलती। अब उसकी आदत हाइब्रिड धान के उत्पादन और उसके उपभोग के लिए पड़ गई है। हाइब्रिड धाम उत्पादित करने के बाद किस को अच्छी कीमत मिल जाती है।

सिद्धार्थनगर जिले में ही मिलता है बीज

किसान अखिलेश पांडे बताते हैं कि अब किसान का रुझान काला नमक धान के उत्पादन से धीरे-धीरे कम होता जा रहा है। इसका कारण है की सरकारी क्रय केंद्र पर ना तो इसकी खरीद होती है और ना ही उचित कीमत मिलती है। धान का बीज भी लोग बचा नहीं पाते हैं। प्रत्येक वर्ष धान का बीज सिद्धार्थनगर जिले से लाना पड़ता है। इसके साथ ही रोपाई के दौरान दो-तीन बार जुताई करनी पड़ती है। कई बार सिंचाई करनी पड़ती है। इसके बाद उर्वरक और कीटनाशक का पर्याप्त मात्रा में उपयोग करना जरूरी है। ऐसा न करने पर कट फसल नष्ट कर देते हैं। उन्होंने बताया कि यह धान हाइब्रिड धान की अपेक्षा तैयार होने में काफी समय लेता है और कई बार सिंचाई करनी पड़ती है। यही कारण है कि लागत बहुत आती है। जबकि कम पैदावार होने के कारण मुनाफा भी कम होता है।

2024 में भाजपा का देश से करेंगे सूपड़ा साफ: पंडित समरजीत

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के दिशा निर्देशन में समाजवादी जनसंपर्क यात्रा को सपा प्रदेश कार्यालय से नरेश उत्तम पटेल द्वारा समाजवादी झंडा दिखाकर समाजवादी संस्कृति प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव दिव्यांग पंडित समरजीत को किया रवाना पंडित समरजीत ने कहाकि समाजवादी पार्टी को लोकसभा 2024 में सपा को विजय श्री दिलाने के लिए पूर्वांचल के कई जनपदों का करेंगे दौरा, गांव गांव समाजवादी नीतियों तथा विचारों को लोगों के बीच बताएंगे तथा गांव गांव संघर्षरत सपा कार्यकर्ताओं से करेंगे मुलाकात, सपा कार्यकर्ताओं में भरेंगे जोश। 2024 में भाजपा का देश से करेंगे सूपड़ा साफ। प्रथम चरण में उत्तर प्रदेश के जनपद लखनऊ, बाराबंकी, अयोध्या, सुल्तानपुर, अमेठी, प्रतापगढ़, इलाहाबाद, मिर्जापुर, भदोही, बनारस, गाजीपुर, बलिया, मऊ, आजमगढ़, जौनपुर, अंबेडकर नगर का करेंगे दौरा।

अलग-अलग स्थानों पर 6 युवक और 2 बच्चियों को जल पुलिस व एसडीआरएफ ने रेस्क्यू कर बचाया

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

अयोध्या धाम में सुबह लगभग 07:30 बजे सरयू स्नान घाट पर पूर्णमासी के दूसरे दिन लाखों की भीड़ होने की वजह से संत तुलसीदास घाट पर नहाते वक्त पैर फिसल जाने के कारण बहाव की तेज धारा में आ जाने से काफी गहराई में चले जाने पर प्रियांशु राय पुत्र गुड्डू राय उम्र 22 वर्ष लगभग व दूसरे शिवशरण विश्वकर्मा पुत्र दूधनाथ विश्वकर्मा पता थाना शाहपुर जनपद गोरखपुर मेनसीटी के रहने वाले हैं जो संत तुलसीदास घाट(कच्चा घाट)पर स्नान के दौरान गहरे पानी में चले जाने के कारण डूबने लगे जिनको ड्यूटी पर तैनात जल पुलिस प्रभारी रुबे प्रताप मौर्य, कांस्टेबल नित्यानंद यादव, कांस्टेबल लालमणि, कॉन्स्टेबल अखिलेश यादव, कांस्टेबल सचिन पाल एवं स्थानीय नाविक पंकज माझी, मुकेश माझी, अनूप माझी शामिल रहें वही दूसरी घटना 09:15 पर पंकज कुमार पुत्र सतेन्द्र कुमार जो स्नान करते समय पैर फिसलने के करण डूबने लगे

जिनको ड्यूटी पर तैनात एसडीआरएफ की टीम पीसी रमेश मिश्रा के नेतृत्व में कांस्टेबल अनूप श्रीवास्तव, आरक्षी शैलेंद्र यादव समय रहते जल पुलिस की पूरी टीम तत्काल तत्परता दिखाते हुए बिना अपनी जान की परवाह किये तत्काल गहरे पानी में रेस्क्यू कर दोनों युवको को सुरक्षित बाहर निकाला लगभग 10:00 बजे विजय प्रताप सिंह पुत्र चंद्र प्रताप सिंह पता कुटुंबनगर थाना पिसावा जनपद सीतापुर निवासी है जो पानी में लगे हुए बैरिकेटिंग पर चढ़कर पैर फिसलने की वजह से गहरे पानी में गिरने के कारण डूबने लगे समय रहते जल पुलिस की टीम ने रेस्क्यू कर बचाया वहीं पर शिवम् सिंह पुत्र राम नाथ सिंह उम्र 20 वर्ष पता कटहा थाना तरबगंज जनपद गोंडा का निवासी है जो बैरिकेटिंग पर चढकर पैर फिसलने से गहरे पानी में गिरने की वजह से डूबने लगे थे जल पुलिस उसको भी सुरक्षित बाहर निकाला और पुराने सरयू पुल के पूरब मनीष कुमार प्रजापति पुत्र राम नयन प्रजापति उम्र 30 वर्ष पता झुंगिया बाजार थाना चिलुआ ताल जनपद गोरखपुर का रहने वाला है जो तैरने की वजह से डूबने लगा जिसे एसडीआरएफ के जवानों ने सकुशल बचाया एसडीआरएफ के प्रभारी रमेश मिश्रा, आरक्षी विनोद कुमार, आरक्षी मोहित कुमार, आरक्षी अजीत सिंह, आरक्षी ललित कुमार, आरक्षी राजन कुमार व राज गुलाबचंद मांझी का सहयोग रहा करीब 2:30 बजे कच्चा घाट का मामला 2 बच्चियां रिद्धि पुत्री आनंद कुमार उम्र लगभग 8 वर्ष व दूसरी समृद्धि पुत्रीआनंद कुमार उम्र लगभग 6 वर्ष पता गोरेडीह जनपद गोरखपुर की निवासी हैं जो सरयू नदी में स्नान के दौरान अचानक जल की तेज धारा बहने की वजह से पैर फिसल जाने के कारण गहरे पानी में चले जाने से डूब रही थी जिन्हें तत्काल समय रहते हुए जल पुलिस की टीम ने सकुशल बचा कर बाहर निकाला और उनके परिवार को सुपुर्द किया ड्यूटी पर तैनात तेज तर्रार कांस्टेबल नित्यानंद यादव व स्थानीय नाविक प्रदीप मांझी, शाक्य सिंह मौर्य जिन्होंने कूदकर कुशलता के साथ बचाकर बाहर लाया और उनके परिवार वालों ने जल पुलिस की बहुत बहुत धन्यवाद शुभकामनाएँ दी अयोध्या मे जल पुलिस युनिट की तैनाती से अक्सर डूबते लोगों को बचाने में समर्थ होने के साथ लोगों में सुरक्षा की भावना को भी बढ़ावा मिलता है जल पुलिस की इस साहसिक कार्य से जनपद अयोध्या ही नहीं आस- पास के अन्य जनपदों के साथ साथ पड़ोसी जनपदों में भी जमकर सराहना किया जा रहा है जल पुलिस युनिट को बधाइयाँ दी और उत्साह वर्धन किया जिससे स्थानीय लोगों में हर्ष व खुशी का वातावरण बना हुआ है।

वही देश पर राज करेगा जो पाण्डे, पुरोहित समाज की बात करेगा: देवेंद्र शर्मा

जन एक्सप्रेस। अयोध्या



रामनगरी अयोध्या में आज जोशी ब्राह्मण महासभा उत्तर प्रदेश की कार्यकारिणी की बैठक आरजी पैलेस में आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र कुमार शर्मा रहे। जबकि विशिष्ट अतिथि प्रदेश अध्यक्ष रमेश चंद्र शर्मा रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री अयोध्या तीर्थ पुरोहित धर्मार्थ सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष के राजेश महाराज ने किया।

कार्यक्रम के संयोजक पांडे पुरोहित समाज अयोध्या धाम के अध्यक्ष दुर्गेश पांडे रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि देवेंद्र कुमार शर्मा ने कहा कि पांडेय पुरोहित समाज का गौरव ऐतिहासिक रहा है। श्री शर्मा ने कहा कि जो भी सरकार पांडेय पुरोहित समाज के हित को की बात करेगा।वही देश पर राज करेगा उन्होंने इस दौरान समाज के लोगों को संकल्प दिलाया कि सामाजिक बुराइयों को खत्म करो। शिक्षा पर जोर दे और आगे मिलकर एकजुट होकर बढ़ाने का प्रयास करें। पुरोहित समाज को जोड़ कर राजनीति में पकड़ बनाए।

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे राजेश महाराज ने कहा कि हम सभी मिलकर एक नई मिसाल कायम करेंगे जबकि इसके संयोजक दुर्गेश पांडेय ने बताया कि पांडेय तीर्थ पुरोहित समाज सभी धार्मिक नगरी में एकजुट होकर काम करेगा। समाज को जोड़ने का काम करेगा।

उन्होंने कहा कि शिक्षा बहुत जरूरी है। इसलिए समाज युवाओं को सही शिक्षा दिलाएं। इस दौरान कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों का माला पहनाकर व स्मृति चिन्ह ने देकर अयोध्या पुरोहित समाज की ओर से सभी का स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम में अयोध्या जिला अध्यक्ष जेपी शर्मा, संतराम पांडे, विनोद पांडेय, राजेश पांडे, महगू लाल पांडे, शंभू नाथ पांडे, कामराज पांडेय, महामंत्री ओम प्रकाश पांडे, सुनील पांडे, शुभम पांडेय, प्रदीप पांडे, नीरज शर्मा, निर्मल पांडेय, रंजीत पांडेय, छोटू पांडे सहित अयोध्या के सभी पांडे पुरोहित समाज के लोग उपस्थित रहे।

घरेलू बिजली की खपत ज्यादा, लेकिन बिल व्यापारी ज्यादा देते हैं: कंछल

जन एक्सप्रेस। बहराइच

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की बैठक सिविल लाइन्स स्थित रामेन्द्र देव सिंह के आवास पर हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष कालिका प्रसाद गुप्ता ने की। बैठक के मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष बनवारीलाल कंछल रहें। बैठक में व्यापारियों की समस्याओं को लेकर व्यापारी नेता विनय मित्तल ने प्रदेश अध्यक्ष से विद्युत समस्याओं को लेकर चर्चा की। प्रदेश अध्यक्ष का कहना था कि घरेलू बिजली ज्यादा उपयोग होती है परन्तु बिजली का बिल दुकानदारों/ व्यापारियों को ज्यादा देना पड़ता है, (कामर्शियल बिल व घरेलू बिल सामान्य की जाए), विद्युत जटिलताओं को समाप्त किया जाए। विद्युत विच्छेदन एवं संयोजन में सम्मिलिकरण किया जाए, ऑनलाइन व्यवसाय को समाप्त करने के लिए भी मांग की गई, और व्यापारियों के दुकान के सामने खड़ी होने वाली गाड़ी आदि चालान होती है, इसको रोका जाए इसकी भी मांग उठाई गई। प्रदेश अध्यक्ष के द्वारा यह आश्वासन दिया गया कि सभी की मांगों को सम्बंधित विभाग से चर्चा करके पूर्ण कराया जाएगा। बैठक में नितिन गुप्ता, अरविंद गुप्ता, लक्ष्मण पाण्डेय, शक्ति वैश्य, सिद्धार्थ, नीतीश गुप्ता, अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के बहराइच जिलाध्यक्ष उमा शंकर गुप्ता समेत आदि तमाम व्यापारी उपस्थित रहें।

सीएमओ ने आयुष्मान भव मेले का किया निरीक्षण, दिए दिशा-निर्देश

* दो स्वास्थ्य केंद्रो के निरीक्षण में 30 कर्मी मिले अनुपस्थित वेतन रोकने के निर्देश

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर

जनपद बलरामपुर के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर मुकेश कुमार रस्तोगी ने रविवार को समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आयुष्मान भव स्वास्थ्य मेलों का आयोजन किया। उन्होंने दो सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रो का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण में 30 स्वास्थ्य कर्मी अनुपस्थित पाए गए जिनका वेतन रोकने का निर्देश दिया गया है।

जानकारी के अनुसार 29 अक्टूबर को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने आयुष्मान भव मेले तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जोकहिया व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उतरौला का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां उपस्थित चिकित्सको व अन्य कर्मियों को निर्देशित किया कि आयुष्मान भव मेले का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाय जिससे इन मेलों का लाभ जनसमुदाय को प्राप्त हो। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उतरौला व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जोकाहिया में आयोजित आयुष्मान भव मेले का निरीक्षण किया। आज जनपद में आयोजित आयुष्मान भव मेले में कुल 5962 लाभार्थियों को स्वास्थ्य सेवा प्रदान किया गया। सीएमओ ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उतरौला व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जोकाहिया बलरामपुर का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण में चिकित्सकों समेत कुल 30 स्वास्थ्य कर्मी अनुपस्थित पाए गए। सीएमओ द्वारा सभी अनुपस्थित कर्मियों के वेतन रोकने के निर्देश दिए गए हैं।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ रस्तोगी ने 1 नवम्बर से 10 नवम्बर 2023 तक चलने वाले डिफ्थीरिया टीकाकरण अभियान की समीक्षा भी किया।

कहा कि सभी ब्लॉक इकाई समय से डिफ्थीरिया टीकाकरण अभियान का माइक्रोप्लान बना कर जिला मुख्यालय को भेज दें, जिससे इस अभियान की जनपद स्तर पर नियमित रूप से समीक्षा किया जा सके। निरीक्षण के समय डी पी एम शिवेंद्र मणि त्रिपाठी, अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उतरौला, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जोकाहिया सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।

शिक्षामित्र संघ अयोध्या मंडल के मंडलीय उपाध्यक्ष बनाए गए राम तीरथ बानौधिया

जन एक्सप्रेस/अयोध्या। उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ जनपद अयोध्या की प्रांतीय संघ के निर्देशन पर आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए संघ के जिला अध्यक्ष दुर्गेश मिश्र ने अपने प्रस्ताव पर और मंडलीय अध्यक्ष अयोध्या विजयधर के अनुमोदन पर संगठन के वरिष्ठ साथी मिल्कीपुर के ब्लॉक अध्यक्ष रहे जिला महामंत्री पद पर सुशोभित रहे राम तीरथ बानोधिया को जनपद अयोध्या से मंडलीय उपाध्यक्ष मंडल अयोध्या का बनाया गया।

इस अवसर पर दर्जनों की संख्या में मौजूद शिक्षामित्र संघ पदाधिकारी गण जिला कार्यकारिणी महामंत्री राम दर्शन यादव, ब्लॉक अध्यक्ष क्रमशः आशुतोष प्रताप सिंह, विजय कुमार रणजीत तिवारी, राम शंकर, मोहम्मद, मोबीन रामकरन भारती, आशीष श्रीवास्तव, संतोष पांडेय सहित बड़ी संख्या में लोगों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर सविता सिंह, बबीता पांडेय, नरेंद्र प्रताप सिंह, राकेश सिंह, विजय कुमार चौधरी, श्रीमती अंशु, राम कैलाश लोधी, संदीप चौरसिया, जनक नंदिनी, मीरा देवी, संजय कुमार, चंद्र प्रकाश सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

प्राचार्य ने विद्यालयों का दौरा कर नई शिक्षा नीति पर किया चर्चा

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के एमएलके पीजी कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर जेपी पांडे ने तराई क्षेत्र में स्थापित कई विद्यालयों में भ्रमण कर वहां मौजूद अध्यापको के साथ नई शिक्षा नीति को लेकर विचार विमर्श किया। जानकारी के अनुसार एमएलके पीजी कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर जनार्दन प्रसाद पांडे ने श्रावस्ती लोकसभा क्षेत्र के कई विद्यालयों का भ्रमण किया । उन्होंने वहां के प्रधानाचार्य तथा अध्यापकों के साथ बैठक करके शैक्षिक मुद्दों पर चर्चा किया । साथ ही आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में पूर्ण बहुमत से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पुनः सरकार बनाने के लिए विचार विमर्श किया । प्राचार्य ने मोहनलाल रामलाल इंटर कॉलेज शिवपुरा, सदुरु शिक्षा निकेतन रमनगरा तथा श्रीमती मीरा देवी पटेल मेमोरियल कन्या इंटर कॉलेज बहादुरगंज सहित कई विद्यालयों का भ्रमण किया । उन्होंने विद्यालयों के प्रधानाचार्य और शिक्षकों के साथ शैक्षिक मुद्दों पे चर्चा किया और आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के निमित जनसमपर्क करके 2024 में पनः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने के लिए समर्थन मांगा।

सर्व ब्राह्मण महासभा महिला प्रकोष्ठ शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

शहर के मंगलम गेस्ट हाउस में सर्व ब्राह्मण महासभा महिला प्रकोष्ठ का शपथ ग्रहण समारोह का हुआ आयोजन कार्यक्रम सांस्कृतिक गायन के साथ शुरू हुआ। कार्यक्रम की आयोजक अध्यक्षा नीरजा त्रिपाठी व श्रीमती सुधा पाठक ने मुख्य अतिथि नम्रता पाठक व विशिष्ट अतिथि महापौर गिरीशपति त्रिपाठी का अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर किया स्वागत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा सर्व ब्राह्मण महासभा महिला प्रकोष्ठ पदाधिकारी व कार्यकारिणी ढेर सारी शुभकामनाएं मेरे द्वारा संगठन के लिए जो सहयोग होगा वह हम करेंगे। महिला प्रकोष्ठ के शपथ ग्रहण समारोह में नारी शक्ति ने एक बार फिर हुंकार भरी है, महिला आरक्षण को लेकर नारी शक्ति ने पीएम मोदी व सीएम योगी की जमकर तारीफ किया है,अयोध्या पहुंची डिप्टी सीएम बृजेश पाठक की पत्नी व भाजपा नेत्री नम्रता पाठक ने कहा कि हम प्रधानमंत्री को धन्यवाद देते हैं जिन्होंने महिला बिल पास करवाया है, 33त्न महिला महिलाओं को आरक्षण देकर उनका सम्मान बढ़ाया है, आज महिलाएं घर से निकलकर के बाहर आ रही हैं, एक दूसरे की मदद करके समाज में अपना स्थान बना रही है, भाजपा ने महिलाओं को संरक्षण दिया है उनको किसी नेता के पास बैठने में डर नहीं लगता, महिलाएं निडर हैं,भाजपा के जो भी नेता है वह महिलाओं को अपनी बहन की तरह मानते हैं, महिलाओं को आदर्श मानते हैं, सम्मान देते हैं, इज्जत देते हैं, हर जगह महिलाओं को पूजा जाता है और यह कहते हैं जहां महिलाओं का सम्मान होता है वही देवता वास करते हैं,यही कारण है भाजपा में महिलाएं अधिक है क्योंकि उनको सम्मान मिलता है,सर्व ब्राह्मण महासभा महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय संयोजक डा नीति शर्मा ने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने 70 साल काम किया लेकिन महिलाओं के लिए कुछ नहीं किया, जब मोदी की सरकार आई तो सबसे पहले महिलाओं के सम्मान के लिए काम किया, उनको शौचालय दिया, कांग्रेस सरकार ने कभी महिला बिल को पास नहीं होने दिया, स्वामी प्रसाद मौर्य जैसे नेता सनातन धर्म पर टिप्पणी करते हैं, रामचरितमानस पर अभद्र टिप्पणी करते हैं, 140 करोड़ जनता का सौभाग्य है कि पीएम मोदी और सीएम योगी जैसे नेता मिले हैं, 500 वर्ष की लड़ाई के बाद अब राम लला अपने भव्य मंदिर में विराजमान होने जा रहे हैं, धारा 370 से निजात मिली है, मुस्लिम महिलाओं को तीन तलाक से निजात मिली है, इस समय कैबिनेट में महिलाओं की फौज है, हर जगह महिलाओं को स्थान दिया जा रहा है, आज महिलाएं सुरक्षित महसूस कर रही हैं, दरअसल आज सर्व ब्राह्मण महासभा महिला प्रकोष्ठ की मनोनीत महिला सदस्यों ने शपथ ली है।

सड़क किनारे पड़े नवजात शिशु को अस्पताल पहुंचाया

जन एक्सप्रेस/बहराइच। बहराइच-नानपारा मार्ग पर थाना रामगांव क्षेत्र में बीती रात तुलसीपुर चौराहे के पास एक प्रीमेच्योर नवजात शिशु पड़ा पाया गया। थाना राम गांव की पुलिस द्वारा इस नवजात शिशु को तत्काल एक महिला आरक्षी के साथ जिला मुख्यालय स्थित महिला चिकित्सालय के शिशु वार्ड आईसीयू में भर्ती कराया गया। इसकी सूचना मिलने पर बाल कल्याण समिति (बेंच का मजिस्ट्रेट) के अध्यक्ष सतीश कुमार श्रीवास्तव ने संरक्षण अधिकारी शिविका मौर्य के साथ शिशु आईसीयू वार्ड पहुंचकर वहां इस फीमेल चाइल्ड के स्वास्थ्य के संबंध में ड्यूटी पर मौजूद मिले चिकित्सक से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। सीडब्लूसी अध्यक्ष ने तत्काल राजकीय महिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं ऑन ड्यूटी चिकित्सक (शिशु आईसीयू) को इस नवजात शिशु की उपयुक्त दवा इलाज के साथ आहार एवं जीवन रक्षा हेतु हर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

तालाब से मिट्टी निकालने गई दो बालिकाओं की डूबने से मौत

जन एक्सप्रेस। बहराइच

जिले के रिसिया थाना क्षेत्र अंतर्गत बहबोलिया महादा गांव निवासी दो बालिकाएं शनिवार को गांव स्थित तालाब से मिट्टी निकालने के लिए गई थीं। मिट्टी निकालते समय एक बालिका तालाब में डूबने लगी। उसे बचाने के प्रयास में दूसरी बालिका भी डूब गई।? ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद दोनों के शव तालाब से निकाले। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

रिसिया थाना क्षेत्र के बहबोलिया महादा गांव निवासी रजिया (10) पुत्री सूफियान और मौसमी (11) चचेरी बहनें थीं। शनिवार दोपहर में घर की पुताई के लिए दोनों मिट्टी निकालने के लिए गांव स्थित तालाब गयी थीं। तालाब में मिट्टी निकालते समय रजिया का पैर फिसल गया, वह पानी में डूबने लगी। जिस पर मौसमी उसे बचाने के लिए आगे बढ़ी, लेकिन कुछ देर में मौसमी भी पानी में डूब गई। काफी देर तक दोनों बालिकाएं घर नहीं पहुंची तो परिवार के लोगों ने तलाश शुरू की।

तलाश के दौरान तालाब में दोनों के शव मिले। जिस पर परिवार में मातम छा गया। पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। थाने की ?पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के बारे में एसडीएम सदर प्रिंस वर्मा ने कहा कि रिसिया थाना क्षेत्र के ग्राम बहबोलिया गांव में दो बालिकाओं के मौत की सूचना मिली है।

इफको के विपणन निदेशक ने किया केला, धान और गन्ना की फसल का निरीक्षण

जन एक्सप्रेस/बहराइच। इफको के विपणन निदेशक ने जरवल में किसानों के खेतों में लगी केला, धान और गन्ना की फसल का निरीक्षण किया। इफको नैनो यूरिया और नैनो डीएपी उर्वरक का प्रयोग करने से किसानों के खेतों में केले व अन्य फसलें लहलहा रही है। उन्होंने किसानों से वार्ता कर समस्या जानी। इफको संस्था के विपणन निदेशक नई दिल्ली योगेंद्र कुमार, राज्य विपणन प्रबंधक अभिमन्यु राम,उप महा प्रबंधक (विपणन) एसपी सिंह, उप क्षेत्र प्रबंधक, इफको सर्वजीत वर्मा, योगेश वर्मा एफएसए के साथ बहराइच के जरवल में लगी केला, गन्ना और धान की फसलों को देखने किसानों के खेतों में पहुंच गए। किसान संजय श्रीवास्तव और कृष्ण कुमार के खेत में लगी केले की फसल देखी। केले की फसल में किसानों ने इफको की नैनो यूरिया और नैनो डीएपी उर्वरक का प्रयोग किया था।

एक करोड़ खाली हैं सरकारी पद, क्यों नहीं हो रही भर्ती: सांसद

- जनसंवाद के दौरान सांसद वरुण गांधी ने व्यवस्था पर उठाए सवाल
- दो दिवसीय दौरे पर आए सांसद ने रविवार को पूरनपुर क्षेत्र में की जनसभा

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

सांसद वरुण गांधी ने अपने दो दिवसीय दौरे के दूसरे दिन रविवार को पूरनपुर ब्लॉक क्षेत्र में जनसंवाद आदि कार्यक्रमों को संबोधित किया। इस दौरान सांसद ने कहा कि गांव के लोगों ने हमेशा मेरा और मेरी मां का सहोयाग किया जिसे कभी भुलाया नही जा सकता। यह जिला उनका परिवार है। उन्होंने किसान आंदोलन का जिक्र करते हुए कहा कि दिल्ली में जब आंदोलन हुआ था, जिसमें 500 से अधिक किसान शहीद हुए थे। कोई भी सांसद उनके दुख, दर्द सुनने नहीं पहुंचा और न ही कोई उनके पक्ष में बोला। लेकिन देश का एकलौता सांसद हूं, जिसने उन पीड़ित किसानों के लिए आवाज उठाई। सांसद ने कहा कि आज एक करोड़ सरकारी पद खाली हैं, आखिर ऐसा क्यो हैं, भर्ती क्यों नहीं की जा रही है। मौजूदा समय में गांव-गांव में बेरोजगारी है। लोग अपने परिवार को छोड़कर 500 किलो मीटर कमाने जाते हैं। सांसद ने कहा कि अस्पताल में अगर कोई सेठ पहुंच जाए तो उसकी खिदमत में सब लग जाते हैं। बेड मिल जाता है, लेकिन अगर गरीब दवा लेने जाए तो उसकी कोई भी नहीं सुनता हैं। उसको फर्श पर इलाज होता है। लोन व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए सांसद ने कहा कि बड़ा दुर्भाग्य है कि करोड़ पतियों को आसानी से लोन मिल जाता है, लेकिन एक आम आदमी को लोन के लिए चक्कर लगाने पड़ते हैं। रिश्तव देनी पड़ती है, ऐसा क्यो। संविदा कर्मचारियों के हक में बोलते हुए सांसद ने कहा कि यह जो आशा, आंगनबाड़ी, शिक्षा मित्र हैं, खून के आंसू रो रहे हैं। नियमित करने, मानदेय बढ़ने की बात तो की जाती है पर होता कुछ नही। नई नौकरी नहीं दी जा रही हैं। प्राइवेट संस्थाओं के माध्यम से भर्ती की खानापूर्ति की जा रही है, जब चाहे रखे जब चाह हटा दें। यह व्यवस्था इस देश में चल रही है। मैं इस तरह की राजनीति? के खिलाफ हूं, जिसमें आम आदमी की अनदेखी की जा रही हो। आजादी के इतने साल हो गए, लेकिन आज भी आम आदमी को दबकर अधिकारी और पुलिस से अपनी बात रखनी पड़ती है। यह तो अंग्रेजों के जमाने में होता था। लेकिन अब यहां हो रहा है, ऐसा क्यो। न तो अधिकारी सुनते हैं और न ही अन्य जिम्मेदार। सांसद वरुण गांधी ने कहा कि भारता माता की सही मायनों में तभी जय होगी जब सारे संतानों की इज्जत एक समान होगी। सांसद बोले कि मैंने कभी भी समझौत की राजनीति नहीं की है। मैने हमेशा सिद्धांतों की राजनीति की है। वह अकेले ऐसे सांसद है, जिसने 15 साल में सांसदी का एक भी रुपया नहीं लिय। घर और कोई भी सुख सुविधा नहीं ली, एक भी गाड़ी नहीं ली। पीलीभीत में न तो कोई जमीन, न ही मकान लिया। बाकी ऐसे लोग भी हैं जिनको एक बार मौका मिलता है उनका हुलिया बदल जाता है। गाड़ी बदला जाती है, घर बड़े हो जाते हैं। ऐसे लोग बाद में कॉलोलियों काटते हैं। यह सब चोरी नहीं है तो क्या है। लेकिन मैंने आज ईमानदारी की राजनीति की है और साधारण जीवन जी रहा हूं। कोविड कॉल के दौरान पीलीभीत वासियों के लिए ऑक्सीजन के साथ ही दवा, भोजन आदि की व्यवस्था की। यह पीलीभीत हमारा है और हम पीलीभीत के है। पीलीभीत के लोगों से मुझे बहुत प्यार है। जनसभा के बाद सांसद ने आनंद वर्मा के घर जाकर शोक संवेदन व्य?क्ति की। कार्यक्रम के दौरान कमलकांत, राजू आचार्य, नवीन अलख, बलजीत सिंह, दीपक पाण्डेय, सूरज शुक्ला, रंजीत सिंह, पप्पू सिंह, राहुल पांडेय बूटा, अगमवीर, ओमपाल, शिवकुमार, ध्रुव सिंह, आशीष आदि मौजूद रहे।

सांसद ने बांटे टेबलेट

सांसद वरुण गांधी ने गुलाबटांडा में जनसभा के बाद राजकीय पॉलीटे?क्निक में छात्र-छात्राओं को टेबलेट वितरण किए। इसके बाद कलीनगर, मैनाकोट, मल्लपुर न्यूरिया, करेलिया, पिपरिया संतोष, नवदिया सुखदासपुर, दयालपुर, लक्ष्मीपुर, जमुनिया, बांसखेड़ा, रानीगंज आदि जनसभाएं कीं। सुबह में सांसद ने शंकर सॉल्वेंट पर जनसमस्याएं सुनी और उनके निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। सांसद शहर में पूर्व सभासद लियाकत उस्मानी के घर भी गए और उनकी पत्नी के निधन हो जाने पर अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त की।

हाईवे की झाड़ियों से निकलकर चोखापुरी पंहुचा बाघ

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

पूरनपुर। शायद पीटीआर का जंगल बाघ को रास नहीं आ रहा है। इसलिए उसने आबादी क्षेत्र में ही अपना डेरा डाल रखा है। करीब पखबाड़ा भर से बाघ रिहायशी इलाके और माधोटांडा-खटीमा मार्ग पर देखा जा रहा है। इससे क्षेत्र के लोगों में खौफ है। वन विभाग की टीम उसकी निगरानी कर रही है। शनिवार को गांव चोखापुरी के खेत में उस वक्त लोगों ने बाघ देखा जब ट्रैक्टर-हैरों से खेत की जोताई हो रही है। उसे देख खलबली मच गई। जानकारी पर लोग एकत्र हो गए। उनके शोर मचाने पर बाघ झाड़ियों से होते हुए गन्ने के खेत में जाकर छिप गया। क्षेत्रवासियों ने दहशत का पर्याय बन चुके बाघ को जंगल में खदेड़ने या पकड़ने की मांग उठाई है।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व के जंगल से बाहर निकले बाघ ने कलीनगर तहसील क्षेत्र के गांव पिपरिया संतोष के पास माधोटांडा-खटीमा मार्ग की झाड़ियों को अपना ठिकाना बना लिया है। करीब पंद्रह दिन से उसकी मौजूदगी बरकरार है। वन विभाग द्वारा दो मृत पशुओं को जमीन में गड्डा खुदवाकर दफन कराया गया। ताकि बाघ जंगल में चला जाए लेकिन ऐसा नहीं हुआ। वह शिकार की तलाश में माधोटांडा-खटीमा मार्ग को भी रोजाना क्रास करता है। इस दौरान सड़क से आवागमन प्रभावित होता है। सड़क किनारे की झाड़ियों में बाघ के डर से लोग देर सबेर सड़क से गुजरने को भी कतराते रहते हैं। एक दिन पहले शुक्रवार को बाघ पिपरिया संतोष के पास से करीब तीन सौ मीटर दूर गांव चोखापुरी की आबादी में पहुंच गया था। अगले दिन शनिवार को भी उसकी मूवमेंट उसकी जगह पर देखा गया। गांव के कुछ लोग ट्रैक्टर-हैरों से खेत की जोताई कर रहे थे। इस दौरान मेड़ किनारे बाघ दिखाई दिया। इससे उनमें खलबली मच गई। आस-पड़ोस के खेतों में मौजूद लोग भी पहुंच गए। ग्रामीणों के शोर मचाया लेकिन काफी देर तक बाघ खेत में ही बैठा रहा। इसके बाद वह झाड़ियों से होते हुए एक गन्ने के खेत में चला गया। लोगों का कहना है कि बाघ दहशत का पर्याय बन चुका है। इससे लोग खेतों में कृषि कार्य भी नहीं कर पा रहे हैं। आरोप है कि वन विभाग सिर्फ उसकी निगरानी कर रहा है। उसे जंगल में खदेड़ने या पकड़ने की कवायद नहीं की जा रही है। इससे क्षेत्र के लोगों में वन विभाग के खिलाफ आक्रोश पनप रहा है। वन एवं वन्यजीव प्रभाग पूरनपुर के रेंजर पियूष श्रीवास्तव का कहना है कि आबादी क्षेत्र में मौजूद बाघ की निगरानी पीटीआर व सामाजिक वानिकी की टीम कर रही है। उसे जंगल में भेजने का टीम द्वारा हर संभव प्रयास किया जा रहा है।

पीलीभीत के लापता युवक का शव रामलीला रेलवे क्रॉसिंग के पास तालाब से हुआ बरामद हुई शिनाख्त

- शिनाख्त के बाद विशाल कश्यप के परिवार में कोहराम मच गया परिवार जनों का रो रो कर बुरा हाल हैं

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

जनपद के सटे गांव चिड़िया दाह के विशाल पुत्र गोपाल कश्यप उम्र 21 वर्ष जो की ई रिक्शा चालक है वह 26 अक्टूबर को समय करीब शाम 6:00 बजे से अपने नीले रंग का ई-रिक्शा यूपी 26 टी 9615 लेकर घर से निकला था जो काफी समय बीत जाने पर भी वापस नहीं आया तब प्रार्थी के परिवार में मिलकर तलाश शुरू की किंतु प्रार्थी का कोई भी पता नहीं लगा सभी रिश्तेदारों एवं मिलने वालों से जानकारी प्राप्त की लेकिन कोई सुराग नहीं मिला परिवार के लोगों ने सुनगढ़ी थाने जाकर गुमसुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई लेकिन कोई सुराग न मिलने के बाद 28 अक्टूबर को रामलीला क्रॉसिंग के पास तालाब से विशाल कश्यप पुत्र रामगोपाल कश्यप का शव बरामद हुआ। पुलिस ने इसकी सूचना मृतक विशाल कश्यप के परिवार वालों को दी। सिनाख्त के बाद विशाल कश्यप के परिवार में कोहराम मच गया परिवार जनों का रो रो कर बुरा हाल हैं। वही सुनगढ़ी एसओ आशुतोष रघुवंशी ने जानकारी देते हुए बताया की विशाल कश्यप का शव रामलीला रेलवे क्रॉसिंग के पास तालाब से बरामद हुआ हैं। शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया हैं।पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

शौचालय घोटाला में प्रधान और सचिव की भूमिका संदिग्ध

- डीपीआरओ ने जांच कर डीएम को प्रेषित की रिपोर्ट
- पूर्व में आंवटित शौचालयों का सत्यापन होने बाद होगी कार्रवाई

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

पूरनपुर। मुख्यमंत्री पोर्टल पर हुई शौचालय घोटाला की शिकायत पर जाँच के बाद मामले ने तूल पकड़ा।जाँच अधिकारी ने शौचालय घोटाला मामले में प्रधान व सचिव की संदिग्ध भूमिका का हवाला देकर उच्चधिकारियों को रिपोर्ट प्रेषित की है।मामला उजागर होने के बाद से जिम्मेदारों में खलबली मची हुई है।

विकासखण्ड पूरनपुर की शारदा पार हजारा क्षेत्र की ग्राम पंचायत सिद्धनगर निवासी राजन पांडेय ने बीते दिनों मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई गई शिकायत में बताया था कि प्रधान ने गाँव के लगभग दो सौ से अत्यधिक लाभार्थियों को सुलभ शौचालय योजना का प्रथम व दूसरी किस्त खातों में पहुँचने के पश्चात सरकारी पैसों का ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की सांठगांठ से आपस में बंदरबांट कर लिया।धरातल पर शौचालय ना बनाकर कागजों में पूर्ण दिखाया गया। शिकायत कार्यालय पत्रांक संख्या 4701 पर दिनाँक 25 अक्टूबर को गाँव मे पहुँचकर जाँच करने के निर्देश दिए गए थे। जिसपर गांव में पहुँचे सहायक विकास अधिकारी पंचायत अजय देवल व कंसल्टिंग इंजीनियर मकबूल ने जाँच के बाद रिपोर्ट जिला पंचायती राज अधिकारी सतीश कुमार को 26 अक्टूबर की पत्रांक संख्या 4748 जाँच आख्या में अवगत कराया की उन्होंने गाँव मे जाँच के दौरान बर्ष 23-24 में शौचालय लाभार्थी सिमरन कौर पत्नी अमरजीत सिंह, प्रभावती पत्नी राजेश, सुनील,सुरेन्द्र चौहान के घरों में पूर्व से ही बना पुराना शौचालय मिला साथ ही गाँव के सैकड़ों लाभार्थियों के घरों में पूर्व से ही स्वयं का शौचालय बना हुआ मिला, जबकि आवंटित धनराशि के स्वरूप नए शौचालय बना नहीं मिला। जाँच के बाद ग्राम प्रधान महेन्द्र सिंह व सचिव की शौचालय घोटाले में संदिग्ध भूमिका दर्शाकर जाँच रिपोर्ट उच्चधिकारियों को प्रेषित की गई है। सिद्धनगर गाँव मे हुए लाखों रुपयों के सरकारी शौचालय के घोटाला में कार्रवाई तय मानी जा रही है।

फास्ट फॉरवर्ड

जिलाध्यक्ष ने सुनी मन की बात, कार्यकर्ताओं में भरा जोश

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। पिलकिछा रोड स्थित एक निजी प्रतिष्ठान पर रविवार को पहुंचे भाजपा के वाराणसी जिला अध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा ने कार्यकर्ताओं संग प्रधानमंत्री के मन की बात सुनी। आयोजित सभा में सरकार की उपलब्धियां बताते हुए उपस्थित कार्यकर्ताओं में मिशन 2024 फतह के लिए जोश भरा। श्री विश्वकर्मा ने कहा कि सिर्फ भाजपा एक मात्र पार्टी है जो सबका साथ, सबका विकास, और सबका विश्वास के सिद्धांत पर जाति पाति और धर्म मजहब से उठकर विकास का काम कर रही है। जिसका परिणाम है आज का भारत पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्वगुरु बनने के नजदीक खड़ा है। देश ही नही विश्व स्तर पर भारत को एक नयी पहचान मिली है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को उत्साहित करते हुए कहा कि आप ही पार्टी के आधार स्तंभ हो। मिशन 2024 की विजय सिर्फ पार्टी ही नहीं देश के लिए आवश्यक है। जिसके लिए सभी कार्यकर्ता घर घर पहुंच लोगों को पार्टी के प्रति जागृत करें। इस मौके पर रविकांत विश्वकर्मा,बंशबहादुर पाल, राधेश्याम विश्वकर्मा,चंद्रशेन यादव, प्रेमचंद्र तिवारी, विशाल गौतम,राजू सिंह,शरद मिश्रा,अमरेश निषाद आदि लोग मौजूद रहे। आयोजक रंगीले विश्वकर्मा ने आगंतुकों के प्रति आभार प्रकट किया।



राजस्थान से युवक का शव घर लाए जाते ही मचा कोहराम

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। राजस्थान के अलवर में सड़क दुर्घटना में मृत युवक का शव रविवार को घर लाया गया। शव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। दोपहर में शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। क्षेत्र के तारगहना गांव निवासी 30 वर्षीय राजित राम बिंद पुत्र घुटकू बिंद राजस्थान के अलवर में एक निजी कंपनी में काम करता था। 26 अक्टूबर को मार्निंग वॉक के दौरान किसी वाहन की चपेट में आकर राजित घायल हो गया था। अलवर के एक निजी अस्पताल में उसका उपचार चल रहा था। घटना के तीसरे दिन शनिवार की भोर में उसकी मौत हो गई। वहां रह रहे गांव के अन्य लोगों ने राजित का शव लेकर घर पहुंचे। शव देख मृतक की पत्नी बेसुध हो गई। परिजनों का करुण क्रंदन देख ग्रामीणों की आंखें भर आई। मृतक दो भाइयों में बड़ा था। छोटा भाई मंजीत अभी पढ़ाई कर रहा है। मृतक को दो बेटा और एक बेटी है। उसकी मौत से बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया।

पति के खिलाफ आत्महत्या को उकसाने का केस दर्ज

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। खुटहन थाना क्षेत्र के लग्गूपुर गांव में बीते 21 अक्टूबर की रात संदिग्ध परिस्थिति में फांसी पर झूल हुई विवाहिता की मौत के मामले में पुलिस ने मृतका की माता की तहरीर पर पति के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज कर लिया है। आरोपित फरार बताया जा रहा है। गांव निवासी अतुल पुत्र नंदलाल गौतम का विवाह लगभग 30 वर्ष पूर्व बदलापुर थाना क्षेत्र के दुगौली गांव निवासी रामजुगुन गौतम की पुत्री सुनीता के साथ हुआ था। उसके दो किशोरवय पुत्र अजय और अहम तथा एक चौदह वर्षीय पुत्री अंजली है। घटना के दिन किसी बात को लेकर पति पत्नी में कहा सुनी हो गई थी। पड़ोसियों के मुताबिक देर रात तक दोनों में नोक झोंक होती रही। गुस्से में सुनीता घर के कमरे में घुस भीतर से कुंडी लगा लिया। सुबह जब दिन चढ़ने तक वह बाहर नहीं निकली तो कमरे का दरवाजा तोड़ भीतर देखा गया तो उसका शव साड़ी के फंदे के सहारे हवा में झूल रहा था। मृतका की माता शांति देवी की तहरीर पर पुलिस ने पति के खिलाफ आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

चंद्रमणि पाण्डेय शिवसेना के जिला प्रमुख मनोनीत

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। जौनपुर के व्यास नगर कॉलोनी निवासी चंद्रमणि पाण्डेय को शिवसेना प्रदेश प्रमुख अभय द्विवेदी ने जिला प्रमुख मनोनीत किया है। प्राप्त समाचार के अनुसार उत्तर प्रदेश शिवसेना (शिन्दे गुट) की एक आवश्यक बैठक अयोध्या स्थित प्रदेश कार्यालय पर आहूत की गई। जिसमें भारतीय स्टेट बैंक से सेवा निवृत्ति के पश्चात धर्म रक्षा आन्दोलन के माध्यम से हिंदू धर्म की रक्षा हेतु कई कानूनी व सामाजिक संघर्षों को देखते हुए इनके योगदान से प्रभावित होकर चंद्रमणि पाण्डेय को जौनपुर जनपद के जिला प्रमुख के पद पर मनोनीत किया गया। उक्त सूचना पर काफी संख्या में कार्यकर्ताओं ने उनके आवास पर पहुंचकर उन्हें बधाई दिया व प्रसन्नता व्यक्त की। उक्त अवसर पर विकास पाण्डेय, विजय बहादुर सिंह, राम नगीना यादव, अतुल शुक्ला, आर पी श्रीवास्तव, सुशील तिवारी, अरुण तिवारी, शिवम प्रजापति, मोहित कश्यप, संदीप गुप्ता, अवधेश यादव, मनोज कुमार गुप्ता, राहुल चौबे, संतोष कुमार यादव सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

भूमि विवाद में घायल सतीश सिंह की इलाज के दौरान तीन माह बाद हुई मौत

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

मछलीशहर। कोतवाली क्षेत्र के देवरिया गांव में पुराने जमीनी विवाद में हुए जानलेवा हमले में घायल सतीश सिंह की इलाज के दौरान ट्रामा सेन्टर वाराणसी में तीन माह बाद मौत हो गई है।पुलिस ने मामले में नामजद पांच आरोपियो को गिरफ्तार किया है। उक्त गांव निवासी जगन्नाथ यादव और अशोक सिंह के परिवार के बीच काफी दिनों से जमीनी विवाद चल रहा है।29जुलाई को उक्त भूमि पर ट्रैक्टर द्वारा सतीश सिंह जुताई करवा रहे थे तभी जगन्नाथ यादव को सूचना मिली तो आक्रोशित जगन्नाथ, ऋषिकेश ,जयसिंह ,पंधारी ,प्रेमचंद्र अपने साथियों के साथ मौके पर पहुंचे,लाठी डंडा और धारदार हथियार से हमला बोल दिया।हमले में सतीश सिंह (62) घायल होकर गिर गए।सूचना मिलते ही सतीश सिंह के परिवार से उनके भाई अशोक कुमार सिंह (65)अरुण कुमार सिंह (45),सतीश सिंह का पुत्र शिवप्रकाश(35) भी मौके पर आ पहुंचे।ट्रैक्टर चालक विनोद कुमार सिंह(42) भी बीच बचाव करने लगे।उक्त सभी घायलों को सी एच सी मछलीशहर में लाकर भर्ती कराया जहा से डाक्टर ने सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। वहा से सतीश सिंह के सिर में गंभीर चोट आने से हालत नाजुक देख वाराणसी के ट्रामा सेन्टर भेजा गया जहा तीन माह बाद इलाज के दौरान रविवार की भोर में सतीश सिंह ने दम तोड़ दिया है।रविवार को सुबह ही घटना की जानकारी होते ही घर पर कोहराम मच गया है।मामले में ट्रैक्टर चालक विनोद कुमार सिंह की तहरीर पर पुलिस ने बलवा ,जानलेवा हमला समेत अन्य धाराओं में जगन्नाथ समेत उनके पांच समर्थको को नामजद और तीन अज्ञात पर मुकदमा दर्ज किया है।जिसमे अमरनाथ(65)पुत्र द्वारिका प्रसाद ,ऋषिकेश(35)पुत्र जागरन्नाथ ,धीरज(19)पुत्र अमरनाथ,जयसिंह यादव(25)पुत्र हरिनाथऔर जगन्नाथ को गिरफ्तार कर लिया है।

कांग्रेसियों ने मनाई पूर्व मंत्री लक्ष्मीशंकर यादव की पुण्यतिथि

- विकास के अग्रदूत थे लक्ष्मीशंकर यादव: राकेश मिश्रा

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

भारतीय संविधान निर्मात्री सभा के सदस्य, प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष स्व.लक्ष्मीशंकर यादव के 28 वी पुण्यतिथि विशुनपुर चौराहे पर स्थापित लक्ष्मीशंकर की प्रतिमा पर कांग्रेसियों ने माल्यार्पण ,हवन पूजन कर विधिवत मनाया। इस दौरान कांग्रेस पार्टी के जिला उपाध्यक्ष राकेश मिश्रा ने कहा कि स्व. लक्ष्मीशंकर संविधान सभा में सदस्य,अंतरिम संसद में सदस्य, छ- बार विधायक के रुप में देश प्रदेश को अपनी सेवाएं दी। स्व. यादव ने प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री के रुप में स्वास्थ्य, सहकारिता,एवं लोकनिर्माण व सिंचाई के क्षेत्र में क्रांतिकारी कार्य किया है। श्री मिश्र ने आगे कहा कि विकास के अग्रदूत लक्ष्मीशंकर जी ने जौनपुर जनपद सहित पूरे प्रदेश में सड़कों का जाल बिछा दिया था। कांग्रेस पार्टी के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी एवं लक्ष्मीशंकर यादव के पुत्र विजय यादव ने कहा कि पूज्य पिताजी राजनैतिक संत थे, उन्होंने विभिन्न पदों पर रहते हुए समाज और प्रदेश का विकास समान रुप से बिना भेदभाव से किया था, शिक्षा के क्षेत्र में उनकी कार्य करने की विशेष रुचि रहती थी। इस मौके पर कांग्रेस पार्टी के युवा नेता रत्नेश यादव, विपिन शर्मा ओम प्रकाश यादव, विश्राम राय,अशोक यादव, दलसिंगर यादव, ठाकुर प्रसाद यादव, राजेंद्र प्रसाद मिश्रा, कमलेश रजक प्रधान,पप्पू सिंह, आलोक तिवारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

युगों तक याद किए जाएंगे समाजसेवी पंडित अजीत शुक्ल: अरुण भारद्वाज

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

महान संत आशुतोष महाराज के कृपा पात्र शिष्य श्री ब्राह्मण सेवा समिति के प्रदेश उपाध्यक्ष समाजसेवी पंडित अजीत शुक्ला की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्री ब्राह्मण सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष पंडित अरुण भारद्वाज एडवोकेट एवं पत्रकार तथा डॉक्टर अनिल शुक्ला ने अजीत शुक्ला का भावपूर्ण स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। श्रद्धांजलि समारोह की अध्यक्षता राज्य मंत्री गन्ना विकास एवं चीनी मिले संजय सिंह गंगवार के पूर्व शहर विधायक प्रतिनिधि प्रख्यात कवि नोटरी अधिवक्ता अविनाश चंद्र मिश्रा ने अध्यक्षता की कुशल संचालन अधिवक्ता लाल बहादुर वर्मा ने किया। अविनाश चंद्र मिश्रा ने अजीत शुक्ला का स्मरण करते हुए कहा। सूनी सूनी है महफिल तुम्हारे बिना। श्रद्धांजलि समारोह में अजीत शुक्ला की धर्मपत्नी मधुबाला शुक्ला, प्रतिभा शुक्ला रघुवीर चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष पत्रकार अरुण भारद्वाज एडवोकेट, महामंत्री श्रीमती संतोष भारद्वाज, कोषाध्यक्ष विवेक दीक्षित, बरेली डीएम एवं कमिश्नर न्यायालय की जिला शासकीय अधिवक्ता राजस्व श्रीमती सीमा दीक्षित एडवोकेट, शिवांश शुक्ला, सुलेखा शुक्ला, अनेद्र शुक्ला, विद्वान शिक्षिका रेनू तिवारी, इरा चतुर्वेदी, मधु वर्मा, अक्षांश शुक्ला, गौरांश वर्मा, संयुक्त बार अध्यक्ष धीरेंद्र मिश्रा, आशिया फातिमा, निशात अनवर, सहित नगर के गणमान्य नागरिकों ने अजीत शुक्ला को श्रद्धांजलि अर्पित की समाजसेवी अजीत शुक्ला का जन्म कलेक्ट्रेट के सेवानिवृत्ति स्वर्गीय सुरेंद्रनाथ शुक्ला एवं माता स्वर्गीय नारायणी देवी शुक्ला के धर्म परायण परिवार में हुआ।

महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में मिलेगी मदद: मनोरमा मौर्य

- चित्रा ब्यूटी पार्लर मेकअप एकेडमी का अध्यक्ष ने किया उद्घाटन

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

चित्रा ब्यूटी पार्लर मेकअप एकेडमी खेतासराय का शुभारंभ रविवार को नगरपालिका परिषद जौनपुर की अध्यक्ष श्रीमती मनोरमा मौर्य ने फीता काटकर किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि प्रतिस्पर्धा के इस दौर में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में इस कला का खास महत्व है। शहर से लेकर गांव तक महिलाओं को जीवन का नया रास्ता दिखाने आत्मनिर्भर बनने में इसके माध्यम से प्रेरणा मिलती है। अध्यक्ष श्रीमती मौर्य ने कहा कि समाज में कुछ नया करने के लिए ब्यूटी पार्लर, मेकअप एकेडमी का खास योगदान है। इसके सहारे कॉस्मेटिक, जनरल स्टोर, गिफ्ट कॉर्नर जैसी तमाम दुकानों के सहारे रोजगार के नए आयाम मिलते हैं। सखी वेलफेयर फाउंडेशन की संस्थापक अध्यक्ष श्रीमती प्रीति गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि ग्रामीण अंचल में महिलाओं को इस तरह का एक सम्मानजनक व्यवसाय शुरू करने से काफी मजबूती मिलती है। खेतासराय के पूर्व चेयरमैन पुत्र भाजपा नेता रूपेश गुप्ता उर्फ मोनू ने मुख्य अतिथि का स्वागत करने के बाद उपस्थित जनों को प्रोत्साहित करते हुए उनका हौसला बढ़ाया। संस्थान के अधिष्ठाता आनंद जायसवाल रिंकू, सलोनी जायसवाल ने अध्यक्ष श्रीमती मनोरमा मौर्य, प्रीति गुप्ता को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान प्रभु श्री रामचंद्र का प्रतीक स्वरूप राम मंदिर चिन्ह भेंट कर समानित किया। प्रदेश के पूर्व पंचायती राजमंत्री स्वर्गीय पतिराज के प्रतिनिधि रहे छोटे लाल जायसवाल ने भी इस कार्यक्रम की सराहना किया। मुख्य आथिति का स्वागत करने वालों में साहू समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष अनिल गुप्ता, जौनपुर फोटोग्राफर एसोसिएशन के अध्यक्ष कृष्णा कुमार गुप्ता किशन , डॉ चन्द्रजीत मौर्य, अभिषेक यादव गुड्डू, राम सकल मौर्य, विवेक मौर्य, नगर विकास राज्य मंत्री गिरीश चंद्र यादव के अनुज दूधनाथ यादव, रवि बरनवाल, शैलेंद्र राजभर, स्नेह लता जायसवाल, संदीप मौर्य मुन्ना सर्वेश जयसवाल बंटी मुख्य रहे। कार्यक्रम के अंत में दुर्गा प्रसाद जायसवाल ने उपस्थित जनों के प्रति आभार जताया।

जिलाधिकारी ने विधायक संग बदलापुर महोत्सव स्थल का किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

विधायक बदलापुर श्री रमेश चंद्र मिश्रा के साथ जिलाधिकारी अनुज कुमार झा द्वारा बदलापुर महोत्सव की तैयारियों का जायजा लिया गया। इस दौरान जनपद स्तरीय अधिकारियों को बदलापुर महोत्सव को सफल बनाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। सल्तनत बहादुर इंटर कालेज में आगामी 7, 8 व 9 नवम्बर को आयोजित होने वाले बदलापुर महोत्सव की तैयारियों को लेकर शनिवार की देर सायं मा0 विधायक जी और जिलाधिकारी द्वारा निरीक्षण किया गया। इस दौरान वाहन पार्किंग, सुरक्षा व्यवस्था, मंच, बैरिकेडिंग, अतिथि कक्ष, विवाह मंडप, वीआईपी गैलेरी, लाइटिंग आदि व्यवस्थाओं की विस्तार से जानकारी ली गयी। जिलाधिकारी ने समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश दिया कि सामूहिक विवाह के सम्बंध में 3 नवंबर 2023 तक लाभार्थियों का सत्यापन कराते हुए अन्य सभी तैयारियां पूर्ण कर ली जाए साथ ही विवाह प्रमाण पत्र जारी करने की

व्यवस्था सब रजिस्ट्रार के द्वारा की जाए। बेसिक शिक्षा विभाग के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं कृषि विभाग के द्वारा गोष्ठी का आयोजन किए जाने के निर्देश भी दिए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि एंबुलेंस एवं चिकित्सको की ड्यूटी लगाई जाए। मिशन शक्ति के तहत भी कार्यक्रम आयोजित किए जाने के निर्देश जिलाधिकारी के द्वारा दिए गए। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि पूरी जिम्मेदारी के साथ महोत्सव को सफल बनाये। सभी विभागों के द्वारा स्टाल लगा कर सरकार की योजनाओं की जानकारी लोगों को दे साथ ही उनके प्रार्थना पत्र लेते हुए ऑनलाइन करने की भी व्यवस्था मौके पर ही की जाए। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शैलेंद्र सिंह, परियोजना निदेशक जयकेश त्रिपाठी, उपजिलाधिकारी अर्चना ओझा, क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार सिंह, तहसीलदार राकेश कुमार, बीडीओ बदलापुर धर्मेंद्र द्विवेदी, बक्शा रतन सिंह, वैभव सिंह, ईओ आस्था पाठक आदि मौजूद रहे।

पीईटी परीक्षा के दूसरे दिन भी पकड़ा गया एक मुन्नाभाई

* मूल अभ्यर्थी केंद्र के बाहर था मौजूद
* पुलिस दोनों को पकड़ कर लाई कोतवाली

जन एक्सप्रेस फॉलो अप
दीप कृष्ण शुक्ला

उन्नाव। दो दिवसीय पीईटी परीक्षा के दूसरे दिन भी एक मुन्नाभाई मूल अभ्यर्थी की जगह परीक्षा देते पकड़ा गया। अभ्यर्थी समेत दोनों को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए संबंधित धाराओं में कार्रवाई की है। बता दें कि उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड की पीईटी परीक्षा का रविवार दूसरा दिन था। यह परीक्षा शहर के 14 परीक्षा केंद्रों में दो पालियों में संपन्न हुई। सुरक्षा के कड़े इंतज़ाम और जांच पड़ताल के बावजूद साल्वर परीक्षा केंद्रों में दाखिल हुए। शनिवार को एक साल्वर व एक नकलची पकड़ा गया था। रविवार को भी एक मुन्ना भाई शहर के न्यू एरा स्कूल में बनाए गए परीक्षा केंद्र में पकड़ा गया। इस केंद्र में दूसरे दिन की पहली पाली में मूल अभ्यर्थी विवेक कुमार पुत्र अजय कुमार निवासी तरवाई बिगहानी जनपद प्रयागराज के स्थान पर चंदन पुत्र राम विलास विश्वकर्मा निवासी सिंगारघाट थाना सोरसा जिला नालंदा प्रांत बिहार परीक्षा देते पाया गया। कक्ष निरीक्षक ने प्रवेश पत्र को फोटो से शक्ल मिलान करने पर संदेह हुआ तो उसने इसकी जानकारी वहां मौजूद पुलिस कर्मियों को दी। पूछताछ में उसने सच्चाई बता दी। साथ ही बताया कि मूल अभ्यर्थी केंद्र के बाहर मौजूद है। जिस पर पुलिस ने उसे भी दबोच लिया और कोतवाली ले आई। सीओ सिटी आशुतोष कुमार ने बताया की शहर के न्यू एरा स्कूल में बने परीक्षा केंद्र में मूल अभ्यर्थी की जगह साल्व परीक्षा देते पाया गया। साल्वर समेत मूल अभ्यर्थी को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। दोनों पर अभियोग पंजीकृत कर आईपीसी की धारा 419, 420, 467, 468, 471 व 6/7 उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम की कार्रवाई की गई है।

पीईटी परीक्षा में पकड़े गए दो सॉल्वर, 25 हजार में दूसरे के स्थान पर दे रहा था परीक्षा

कुसुम्भी स्टेशन के समीप एक महिला का क्षतविक्षत शव मिला

जन एक्सप्रेस। नवाबगंज, उन्नाव

अजगैन कोतवाली क्षेत्र में कुसुम्भी स्टेशन के समीप एक महिला का क्षतविक्षत शव पड़ा मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पंहुची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भेजा। महिला की शिनाख्त नही हो सकी है।

जानकारी अनुसार अजगैन कोतवाली के कुसुम्भी स्थित रेलवे स्टेशन के समीप लखनऊ कानपुर रेलवे लाइन पर रविवार सुबह एक महिला का क्षतविक्षत शव पड़ा होने की जानकारी पर ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। स्टेशन के पास मौजूद लोगो ने बताया की महिला सुबह करीब आठ बजे से स्टेशन पर बैठी थी और अचानक राप्तीसागर एक्सप्रेस ट्रेन के आगे कूद कर आत्महत्या कर ली।

कोतवाली प्रभारी अवनीश सिंह ने बताया कि रात्तिसागर एक्सप्रेस ट्रेन से महिला कटी है। दुर्घटना में महिला का सिर क्षतिग्रस्त हो गया। जिससे उसकी शिनाख्त नही हो सकी है। महिला के शव को पोस्टमार्टम हाऊस के लिये भेजा गया है।

संदिग्ध हालात में साधु वेशधारी का फंदे से लटका मिला शव

* पत्नी ने पड़ोसी गांव निवासी युवक पर लगाया हत्या का आरोप
* रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी : पुलिस

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

बिहार थाना क्षेत्र में खेत में कुटी बनाकर रह रहे साधुवेष धारी वृद्ध का शव संदिग्ध हालातों में खेत के बगल में खड़े आम के पेड़ पर रस्सी के फंदे से लटका मिलने से सनसनी मच गई। परिजनों ने पड़ोसी गांव निवासी लोगों पर जमीन के लिए हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया जिसमें हैंगिंग से मौत की पुष्टि हुई है। बिहार थाना क्षेत्र के ठोकरेपुर गांव का रहने वाला विश्राम यादव (70) गांव के बाहर अपने ही खेत में कुटिया बनाकर रहता था। साधु वेष धारी विश्राम खुद ही खाना बनाकर खाता था। रविवार सुबह खेतों की ओर गए ग्रामीणों ने उसका शव उसी कुटिया के बगल में खड़े आम के पेड़ पर रस्सी के फंदे से शव लटका देख परिजनों को सूचना दी। मृतक की पत्नी रामकली के मुताबिक दो साल पहले गांव के ही एक विवाद के मामले में पुलिस ने उसे और उसके बेटे को जेल भेज दिया था। उसी समय का फायदा उठाकर पड़ोसी गांव छेदाखेडा के रहने वाले रामनारायण लोधी ने पति को बरगलाकर कर डेढ़ बीघा जमीन का आठ लाख रुपये में अपने नाम लिखवा ली थी। लेकिन सौदे की रकम पति को नहीं दी थी। वह सिर्फ भरण पोषण के लिए थोड़े थोड़े रुपए दे रहा था। आरोप है कि पति के रुपये मांगने पर उन लोगों ने उन्हें मारकर फंदे से लटका दिया। सूत्रों के मुताबिक मृतक की जेब से सुसाइड नोट मिला है। जबकि मृतक अनपढ़ था। लेकिन पुलिस कुछ भी बताने से इंकार कर रही है। मृतक के तीन बेटे और दो बेटी हैं। सभी का विवाह हो चुका है। एसओ बिहार शिवप्रकाश पांडेय ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। परिजन हत्या का आरोप लगा रहे हैं। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

फास्ट फॉरवर्ड

रेलवे ट्रैक पर मिला युवती का क्षत विक्षत शव, शिनाख्त नहीं

जन एक्सप्रेस/उन्नाव। कानपुर-लखनऊ रेल रूट पर कुसुंभी रेलवे स्टेशन के निकट एक 25 वर्षीय युवती का क्षत विक्षत शव पड़ा मिलने से हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने जांच की। मौके पर पहुंचे उपनिरीक्षक उबैश अली के मुताबिक शव के शिनाख्त का प्रयास किया गया लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। युवती ने फिरोजी व नीले रंग का सलवार सूट पहन रखा था इसके साथ लाल रंग का हेयर बैंड लगाए हुए है। उसके दोनों हाथ में कलावा होने से हिंदू होने का अनुमान लगाया जा रहा है। मृतका पहनावे से अविवाहित और क्षेत्रीय प्रतीत हो रही है। युवती का दाहिना हाथ और सिर बुरी तरह क्षतिग्रस्त होने से पहचान में दिक्कत आ रही है। शिनाख्त के लिए सोशल मीडिया की मदद ली जा रही है। फिलहाल पुलिस ने शव मोर्चरी में रखवा दिया है।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

जन एक्सप्रेस/उन्नाव। अजगैन थाना क्षेत्र के नेवाजीखेडा गांव में घर से सामान लेने निकाले युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस ने घायल को सीएचसी पहुंचाया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया। अजगैन थाना क्षेत्र के नेवाजीखेड़ा गांव निवासी आनंद (28) पुत्र छोटा शनिवार को देर शाम घरेलू सामान लेने के लिए बाइक लेकर घर से निकला था। रास्ते में बगहरी चौराहे के पास अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे आनंद गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों ने उसे उपचार के लिए नवाबगंज सीएचसी पहुंचाया जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना से मृतक की पत्नी शिवानी व 6 वर्षीय बेटा रो रोकर बेहाल है। घटना की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

किशोरी ने फंदे से लटक कर दी जान

जन एक्सप्रेस/उन्नाव। अचलगंज थाना क्षेत्र के सुपासी गांव में रविवार दोपहर किशोरी ने घर के अंदर छत की कुंडे से फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली। उसे फंदे से लटका देख परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।
अचलगंज थाना क्षेत्र के सुपासी गांव की रहने वाली प्रियांशी (17) पुत्री अशोक कुमार कोरी ने रविवार को दोपहर करीब 12 बजे कमरे में अंदर से कुंडी बंद करके छत में लगे कुंडे से दुपट्टे के फंदे के सहारे लटककर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों की सूचना पर मौके पर पहुंचे चौकी प्रभारी बदरका रविशंकर मिश्रा ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घटना को लेकर परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

जुआरियों को हार जीत की बाजी लगाते किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव। कोतवाली प्रभारी चंद्रकांत सिंह ने बताया कि एसपी के निर्देश पर शनिवार रात दरोगा ज्ञान सिंह, कां0 सनी कुमार, सचिन कुमार, गिरीश कुमार, प्रशांत हमराहियों के साथ गश्त पर थे, तभी मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने गजिया खेड़ा गांव में छापेमारी की। जहां पुलिस ने दल नारायणपुर निवासी रुपेश निषाद उर्फ पहलवान, बाबा कुटी कटहा दल नारायणपुर निवासी सुनील कुमार निषाद, गजिया खेड़ा निवासी कैलाश निषाद, पपरिया निवासी राजू पासी व साहब लाल गौतम को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उनके पास से ताश के पत्ते और 7380 रुपये बरामद किये। पुलिस ने सभी के खिलाफ कार्यवाही कर कोर्ट भेजा है।

युवक को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर मार, दर्दनाक मौत

जन एक्सप्रेस/नवाबगंज, उन्नाव। घर से सामान लेने निकाले युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस ने युवक को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी अनुसार नवाबगंज विकासखण्ड के गांव नेवाजीखेड़ा निवासी आनंद पुत्र छोटा उम्र 28 वर्ष शनिवार देर शाम बाइक से घरेलू सामान लेने घर से निकला था। इस दौरान बगहरी चौराहे के समीप अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। ग्रामीणों ने घायल युवक को नवाबगंज स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी पर मृतक की पत्नी शिवानी व उसके 6 वर्षीय बेटे का रो रोकर बुरा हाल है। परिजन किसी प्रकार की कानूनी प्रक्रिया से इनकार कर स्वास्थ्य केंद्र से शव लेकर चले गए।

मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन

जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव। राजधानी मार्ग स्थित न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज में मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में एलोपैथिक के डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण किया गया। मरीजों को दवा बांटी गई। इसके अलावा डॉ0 एस एस सिंह ने भी मरीजों को परामर्श देने के साथ ही दवाइयां बांटी। इसके साथ ही अन्य डॉक्टरों ने भी मरीजों का परीक्षण किया। डॉक्टरों ने बताया कि मेले के दौरान 52 मरीजों का परीक्षण किया गया और उन्हें दवाइयां बांटी गई है। जिसमें चर्म रोग, लीवर पेट से संबंधित, सांस, मधुमेह, उच्च रक्त चाप, खून की कमी, गर्भवती महिलाएं शामिल हैं। वहीं मेले में आये खांसी, जुकाम, बुखार के मरीजों की जांच की गई।

विद्यालय में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव। आनंद नगर स्थित शिवम कान्वेंट स्कूल में रोटरी क्लब गंगाघाट द्वारा एक विद्यालय में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। जहां नगर के स्कूलों में पढ़ने वाले साढ़े तीन सौ बच्चों ने भाग लिया। इस दौरान बच्चों ने अपनी प्रतिभा दिखाते हुये तमाम प्रकार के चित्र बनाये। बच्चों के चित्र देख मौजूद लोगों ने उनकी सराहना की। रोटरी क्लब अध्यक्ष अमित मिश्रा ने बताया कि प्रतियोगिता में करीब 350 बच्चों ने भाग लिया है। उनके द्वारा बनाई गई चित्र आकृति को निर्णायक मंडल द्वारा परखा जायेगा। जिसके बाद बच्चों को पुरस्कृत किया जायेगा। इस मौके पर अंकुर शुक्ला, रितेश मिश्रा, विवेक गुप्ता, रवि शुक्ला, अतुल दीक्षित, डा. अनिल शुक्ला आदि लोग मौजूद रहे।

अवैध शराब के खिलाफ अभियान जारी, 346 लीटर कच्ची बरामद

* दो शराब तस्कर गिरफ्तार, 10 मुकदमें कराए दर्ज

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

त्योहारों को ध्यान में रखते हुए अवैध शराब के खिलाफ आबकारी विभाग व पुलिस की संयुक्त लगातार जारी है। इसीक्रम ने संयुक्त टीम छापेमारी कर 346 लीटर अवैध शराब बरामद करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही अलग अलग थानों में अभियोग भी पंजीकृत कराए गए हैं।
जिला आबकारी अधिकारी करुणेन्द्र सिंह के पर्यवेक्षण पुरवा और मौरावां क्षेत्रों में संयुक्त टीम ने असरेंदा, जनवारन खेड़ा व खानपुर मे मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर 125 लीटर कच्ची शराब बरामद की। इस दौरान टीम ने लगभग 350 किग्रा लहन महुआ व दो भट्ठी भी नष्ट कराई। किया गया। कार्रवाई के दौरान सोनी पत्नी मुकेश व चाँदनी पत्नी अखिलेश निवासीगण खानपुर थाना मौरावां को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम की कार्रवाई की गई। आबकारी निरीक्षक बांगरमऊ राज लक्ष्मी ने बेहटा मुजावर के बेल्थरा गांव में दबिश के दौरान 56 लीटर कच्ची शराब बरामद कर दो अभियोग दर्ज कराए। आबकारी निरीक्षक बीघापुर प्रतिभा सिंह बिहार थाना क्षेत्र के नेवती दबिश देकर 45 लीटर कच्ची शराब बरामद कर एक अभियोग पंजीकृत कराया।
आबकारी निरीक्षक सफीपुर पीपी टंडन जमल्दीपुर गांव से 40 लीटर कच्ची शराब बरामद कर एक मुकदमा दर्ज कराया। आबकारी निरीक्षक हसनगंज कुमार गौरव सिंह ने अजगैन के कुशुम्भी व लुधौरा में दबिश 80 लीटर कच्ची शराब बरामद कर चार अभियोग पंजीकृत कराए। साथ ही एक क्विंटल 100 महुआ लहन भी मौके पर नष्ट कराया।

सड़क हादसे में वृद्ध की मौत, बेटे समेत तीन घायल

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

* ब्रेकर पर धीमी हुई कार में अज्ञात वाहन ने पीछे से मारी थी टक्कर
* सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के मात्र के पास हुई घटना

सफीपुर कोतवाली क्षेत्र में हरदोई मार्ग पर माथर गांव के पास रविवार दोपहर स्पीड ब्रेकर पर धीमी हुई कर में अज्ञात वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी। घटना में कार सवार वृद्ध की मौत हो गई जबकि उसके बेटे सहित तीन लोग घायल हो गए। घायलों को सीएचसी गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।
हरदोई जिले के थाना कासिमपुर के गांव गौरी फखरुद्दीनपुर निवासी शकील (52), छोटे भाई बबलू (38) पुत्रगण जलील मुंबई में रहकर गैराज चलाते हैं। उसी गैराज में कासिमपुर थानाक्षेत्र के ही गांव खजोहना निवासी शकील का मौसेरा भाई सलीम (60) अपने बेटे अकीब (18) के साथ काम करते हैं। चार नवंबर को सलीम के मौसेरे भाई वसीम का निकाह होना है। उसी में शामिल होने सभी मुंबई से पुष्पक एक्सप्रेस से उन्नाव स्टेशन पहुंचे। वहां परिवार का ही राजू पहले से कार लिए खड़ा था। कार में बिठाकर वह हरदोई जा रहा था।हरदोई मार्ग पर सुबह करीब आठ बजे कोतवाली क्षेत्र के माथर गांव में बने स्पीड ब्रेकर पर कार की गति धीमी होने पर पीछे से अज्ञात वाहन ने उसमें टक्कर मार दी। घटना में कार सवार सभी चारो घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस सभी घायलों को सीएचसी लाई। गंभीर हालत में सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। लेकिन सलीम ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। कार चला रहा राजू बाल-बाल बच गया। कोतवाल श्यामनारायण सिंह ने बताया कि अज्ञात वाहन की टक्कर से कार सवार वृद्ध की मौत हुई है। जबकि उसका बेटा और अन्य परिजन घायल हो गए थे। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

शिवराजपुर के खेरेश्वर धाम से लेकर गंगा तट तक लगी लाइटे 10 दिनों से जलना बंद

* योगी सरकार का लगभग 40लाख रुपया खर्च अंधेरा का अंधेरा, अधिकारी मौन

जन एक्सप्रेस। बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के शिवराजपुर कस्बे से गंगा तट तक जाने वाली सड़क पर एक तरफ प्रदेश सरकार के नेता बड़े बड़े दावे करते नजर आते है किंतु दूसरी तरफ उनके दावे फेल नजर आ रहे है खेरेश्वर मंदिर धाम से लेकर गंगा तट तक सरकार की तरफ से कई लाख रुपए की लागत से पिछले माह स्ट्रीट लाईट लगवाई गई थी। लाइटों को जलते एक माह नही बीत सका है पिछले कई दिनों से लाईट बंद पड़ी होने से लोगो के लिए चर्चा का विषय बना हुआ है जो होता फोटो खींचना और वहां खड़े होकर बातें करता और चला जाता है । प्रदेश सरकार की तरफ से लाखो रुपए की धनराशि खर्च कर शिवराजपुर खेरेश्वर मंदिर धाम से लेकर गंगा तट तक दूधिया स्ट्रीट लाईट लगावाई गई थी जिससे देर शाम और प्रातः सुबह गंगा स्नान करने वाले श्रद्धालुओ के लिए रोशनी से गुजरकर गंगा स्नान करके पूजा अर्चना करते थे। मंदिर कमेटी के मनोज गोस्वामी व ग्रामीण जितेंद्र, शिवम , नीरज, रवि, निर्मल शुक्ला आदि ने बताया की पिछले 10 दिनों से लाइट बंद पड़ी है लेकिन अभी तक किसी अधिकारी ने लाईट चालू करवाने के विषय में नही सोच सके है न ही टेक्निकल जांच कराई गई है जिससे फॉल्ट सहित अन्य उपकरण फूकने की जानकारी मिल सके।

शिवराजपुर मे तैनात रहे बिजली विभाग के प्राइवेट लाइन मैन की अस्पताल मे मौत

जन एक्सप्रेस। बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर तहसील क्षेत्र मे बिजली विभाग में सैकड़ो प्राइवेट कर्मी काम कर रहे हैं । जब कोई घटना दुर्घटना हो जाती है तो बिजली विभाग अपने हाथ खींच लेती है कहती है हमारा आदमी नहीं है रात के समय में जब कोई लाइन फाल्ट होती है । तो बिजली विभाग के अधिकारी प्राइवेट कर्मी को फोन कर पैसे का आफर देकर लाइन सही कराते हैं । शिवराजपुर बिजली घर मे प्राइवेट लाइनमैन के साथ पिछले 4 माह पूर्व एक घटना घटी थी। कानपुर अस्पताल में जिंदगी और मौत से जूझ रहा था बीती रात 4 माह बाद उसकी मौत हो गई जिसमें फीडर से संबंधित पाठकपुर गाँव में खंभे पर चढ़कर लाइन ठीक करते समय करंट की चपेट में आने से झुलसे लाइनमैन की चार माह बाद उपचार के दौरान शनिवार को मौत हो गई।
फॉल्ट ठीक करते समय चपेट में आकर झुलासा था। शिवराजपुर आपूर्ति सबस्टेशन से जुड़े फीडर से संबद्ध पाठकपुर गांव में शटडाउन लेकर बिजली का काम दोदेपुर गाँव निवासी लाइनमैन 22 वर्षीय राहुल कर रहा था। अचानक से बिजली आ जाने पर तेज करंट लगने से वह नीचे गिर गया था। उसे अस्पताल ले जाया गया जहां से हालत गंभीर देख कानपुर रेफर किया गया था। चार महीने बाद कल शनिवार को राहुल ने दम तोड़ दिया था। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। बिजली विभाग के प्राइवेट कर्मचारी और क्षेत्रीय लोगों में रोष व्याप्त है कि प्राइवेट कर्मचारी को किसी तरह से परिवार के भरण पोषण के लिए मुआवजा मिलना चाहिए।

ऐतिहासिक दंगल जुड़वा जमौली में सिपाही ने कुश्ती जीत युवाओं का बढ़ाया हौसला

जन एक्सप्रेस। हरिनाथ सिंह

बिल्हौर बिल्हौर तहसील के ऐतिहासिक दंगल डुड़वा जमौली में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भारत के कोने-कोने से नामी पहलवान कुश्ती लड़ने आए इसी बीच कानपुर कमिश्नरेट की उत्तरी पूरा चौकी में तैनात मूल रूप से जिला मथुरा कस्बे के भूतेश्वर के निवासी राजेंद्र सिंह फौजी पुत्र तुलसीराम फौजी की ड्यूटी डुड़वा जमौली गांव में लगी थी तभी वही आयोजित हो रहा था दंगल कहते हैं कि दंगल प्रेमियों की चाहत पहलवानों के जज्बे को लड़ने से नहीं रोक सकती ऐसा ही कुछ दृश्य उस समय देखने को मिला जब एक उन्नाव जिला का नामी पहलवान अखाड़े में उतरा और उसके जोड का कोई पहलवान ना कुश्ती लड़ने को राजी हुआ तभी ड्यूटी पर तैनात बिल्हौर थाने की उत्तरीपुरा चौकी के दीवान राजेंद्र सिंह फौजी ने आगे बढ़कर हाथ मिलाया और काफी देर दोनों पहलवानों के बीच चली कुस्ती चर्चा का विषय बना रहा आखिरकार राजेंद्र सिंह फौजी दीवान ने उन्नाव निवासी पहलवान को पटखनी देते हुए जीत हासिल कर ली क्षेत्र की जनता का दिल जीत लिया और पुलिस के गौरव की बात भी क्षेत्रीय लोग करने लगे ड्यूटी समाप्त होते ही उत्तरी पूरा चौकी पहुंचे राजेंद्र सिंह फौजी का चौकी इंचार्ज सतीश चंद्र यादव सब इंस्पेक्टर सत्यम सिंह चौहान सत्यवीर इंद्र नरेश धर्मपाल महेंद्र आदि पुलिसकर्मियों व क्षेत्रीय जनता ने मुंह मीठा कराया और सभी पुलिसकर्मियों ने बधाई दी।

शंकरपुर रामलीला में सीता की खोज और सुग्रीव मिलन का हुआ मंचन

जन एक्सप्रेस। शुक्लागंज, उन्नाव

* वन वन भटक रहे राम और लक्ष्मण का हनुमान से मिलन के दृश्य का मंचन किया गया

अशोक वाटिका श्री राम लीला पंचायती समिति की ओर से शंकरपुर गांव में कराई जा रही। रविवार को सीता की खोज और सुग्रीव मिलन का आयोजन हुआ। जहां रावण द्वारा सीता माता के हरण के उपरांत उनकी खोज में वन वन भटक रहे राम और लक्ष्मण का हनुमान से मिलन के दृश्य का मंचन किया गया। श्रीमुख पर्वत के समीप पहुंचने पर सुग्रीव द्वारा हनुमान को ब्राहमण के रूप में राम लक्ष्मण के पास भेजा जाता है कि वनवासी के रूप में यह दो योद्धा कौन हैं। हनुमान को जब इस बात का पता चलता है कि यह उनके इष्ट राम हैं तो वह उनके चरण पकड़ लेते हैं और उन्हें वानर राज सुग्रीव के पास ले जाते हैं। यहां सुग्रीव ने अपनी व्यथा सुनाई। इस पर राम सुग्रीव को बालि से युद्ध करने के लिए कहते हैं और खुद वध करने की बात कहते हैं। जब बालि और सुग्रीव के बीच गदा युद्ध होता है तो सुग्रीव बालि से पिट कर भाग जाता है। राम के पास लौट कर उन्हें खरी-खोटी सुनाता है। इसके बाद सुग्रीव सीता माता की तलाश करने का वादा भूल जाता है। लक्ष्मण किशकिंधा पहुंच कर सुग्रीव को भला बुरा कहते हैं। सुग्रीव, हनुमान, अंगद और जामवंत सहित राम के पास पहुंच कर क्षमा मांगते हैं और सीता माता की तलाश में निकल जाते हैं।

ये मौजूद रहे

इस मौके पर नरेन्द्र बाबा, दीपनरायण, अनुराग बाजपेयी, आयुष, विशाल, ऐश्वर्य अवस्थी, श्याम दुलारे, अभिषेक, विष्णु नरायण मिश्रा, अतुल अवस्थी आदि मौजूद रहे।

आपातकालीन एम्बुलेंस सेवा 108 ग्रामीणों के लिए साबित हो रही वरदान

जन एक्सप्रेस। नवाबगंज, उन्नाव

सरकार की आपातकालीन एम्बुलेंस सेवा 108 ग्रामीणों को समय पर इलाज उपलब्ध कराने में मददगार साबित हो रही है। विकासखण्ड के भीतरेपार गांव में देर शाम अचानक एक वृद्धा अचेत हो गई।आनन फानन परिजन उसे लेकर सीएचसी पहुंचे। जहां चिकित्सक ने वृद्धा को नाजुक हालत के चलते जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सूचना पर पहुंची 108 एम्बुलेंस ने तत्काल वृद्धा को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। नवाबगंज विकासखंड क्षेत्र के गांव भीतरेपार में शुक्रवार देर शाम कलावती पत्नी रामबाबू उम्र 65 वर्ष अचानक शिथिल होकर गिर पड़ी। जानकारी पर आनन फानन परिजनों ने उसे नवाबगंज सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने पैरालिसिस का अटैक होने का अंदेशा बताते हुए जिला अस्पताल रेफर किया। परिजनों ने जिला अस्पताल पहुंचने के लिए आपातकालीन सेवा 108 पर कॉल करके मदद मांगी। सूचना पर एम्बुलेंस लेकर पहुंचे चालक राहुल कुमार व ईएमटी सुधीर कुमार ने मरीज को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया। आपातकालीन एम्बुलेंस सेवा के ईएमई नीरज मौर्या ने बताया कि सरकार की मंशानुरूप मरीजों को समय से सेवा उपलब्ध कराने के लिए एम्बुलेंस कर्मियों को समय समय पर दिशा निर्देश दिए जाते हैं तथा समय समय पर इनकी चेकिंग भी की जाती है। बताया कि वृद्धा को समय रहते इलाज मिलने से हालत में सुधार है।

सूचना

सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि अभियुक्तगण सोनू पुत्र स्व0 अमन, रवि पुत्र स्व0 अमन उर्फ जितेन्द्र निवासी ग्राम बढावल थाना डेरापुर कानपुर देहात सम्वन्धित मुकदमा अपराध संख्या 830/22 7 धारा 363/366 भा0द0वि0 थाना कल्यानपुर कानपुर नगर माननीय न्यायालय अपर मुख्य महानगर मजिस्ट्रट कक्ष सं0-2 कानपुर नगर से अन्तर्गत धारा 82 सीआरपीसी व N.B.W जारी किये गये है। 7 अभियुक्तगण सोनू पुत्र स्व0 अमन, रवि पुत्र स्व0 अमन उर्फ जितेन्द्र अभी तक फरार चल रहे है। प्रकाशन किया जा रहा है। प्रकाशन की सूचना पाकर अभियुक्तगण माननीय न्यायालय अपर मुख्य महानगर मजिस्ट्रट कक्ष सं0-2 कानपुर नगर मे जल्द से जल्द हाजिर हो अन्यथा अग्रिम कार्यवाही अमल में लायी जायेगी ।

मीट एट आगरा : 2000 करोड़ के संभावित कारोबार की रखी आधारशिला

- लेदर इंडस्ट्री के समागम में 12791 विजिटर्स की सहभागिता से ऐतिहासिक बना तीन दिवसीय फेयर
- आखिरी दिन एग्जीबिटर्स की विदाई के बीच सामने आये कारोबार के शानदार आंकड़े

जन एक्सप्रेस। आगरा

तीन दिन सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे के बीच महज चौबीस घंटे का कारोबारी वक्त, जिसमें रखी गई 2000 करोड़ के संभावित कारोबार की आधारशिला, मीट एट आगरा पन्द्रहवें संस्करण के अमृतकलश से निकला यह कारोबारी आंकड़ा, आगरा की जमीं को तीन दिन के लिए आर्थिक राजधानी साबित करने वाला रहा। रविवार को गांव सिंगना पर फेयर के आखिरी दिन एफमेक अध्यक्ष पूरन डावर ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि सरकार निर्यात के जिस लक्ष्य को लेकर चल रही रही है आज उसे भारत महज अचीव ही नहीं कर रहा बल्कि इंडस्ट्री तेज गति से आगे बढ़ते हुए स्वयं को वर्ल्ड लीडर साबित करने के लिए अग्रसर है। इस फेयर में जो आकड़े सामने आये हैं वह निश्चित रूप से तेजी से आगे बढ़ती देश की अर्थव्यवस्था की ओर इशारा है। इस मौके पर लघु उद्योग निगम के उपाध्यक्ष राकेश गर्ग, जीआई विशेषज्ञ पद्मश्री रजनीकांत द्विवेदी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

एग्जीबिटर्स को सर्वश्रेष्ठ स्टॉल के लिए किया गया पुरस्कृत

- सर्वश्रेष्ठ स्टॉल डिज़ाइनिंग कॉम्पोनेन्ट – मनीष धवन (एमआर लेदर / शैली ट्रेडर्स
- सर्वश्रेष्ठ स्टॉल मशीनरी – नागराज (संगीता एंटरप्राइजेज)
- सर्वश्रेष्ठ इनोवेटिव प्रोडक्ट – शैलेश पाठक (स्टॉक ऑन केमिकल)
- सर्वश्रेष्ठ नवोन्मेषी उत्पाद – साक्षी बजाज / मनोज बजाज (सिल्वर रोज़)

शाम तक आते रहे विजिटर्स

तीन दिन के इस फेयर में रविवार को अंतिम दिन शाम 6 बजे तक 12791 विजिटर्स ने प्रतिभाग किया। एफमेक के सुधीर गुप्ता ने बताया कि सुबह से लेकर देर शाम तक लगातार विज़िटर्स का आना जारी रहा। कुल 220 एग्जीबिटर्स जिन पर 170 कंपनियों के उत्पाद पेश किये गए। जिनमें 4511 रजिस्टर्ड बिजिनेस विजिटर्स ने भाग लिया। इनमें भविष्य के उद्यमियों की संख्या भी ख़ास रही, कुल 3723 ऐसे लोग आये जो आने वाले वक्त में जूता उद्योग की कड़ी बन सकते हैं।

आंकड़े जो आये सामने

12791
कुल एग्जीबिटर्स

220
एग्जीबिटर्स

4212
रजिस्टर्ड बिजिनेस विजिटर्स

2000
करोड़ रूपये कुल संभावित कारोबार लगभग

यह सच है कि इस फेयर में सीधे तौर पर खरीददारी नहीं होती है लेकिन आने वाले विंटर सीजन में फुटवियर और कम्पोनेट सेक्टर की डिमांड के अनुसार संभावित कारोबारी आंकड़े एक बड़ी फिगर के रूप में सामने आ रहे हैं, हम उत्साहित हैं कि मीट एट आगरा में तीन दिनों में लगभग 2000 करोड़ के कारोबार की बुनियाद रखी गई जो निश्चित रूप से तेजी से भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था की रफ़्तार की ओर इशारा है।
–पूरन डावर, अध्यक्ष, एफमेक

मीट एट आगरा के इस आयोजन ने एक छत के नीचे उद्यमियों को देश और दुनिया की नवीनतम तकनीक से खुद को जागरूक करने का अवसर दिया है यह फुटवियर इंडस्ट्री के लिए एक प्रकार से वरदान कह सकते हैं इस प्रकार के आयोजन कारोबार को बूम देने के साथ अर्थव्यवस्था को गति देने में सहायक होते हैं।
– गोपाल गुप्ता, अध्यक्ष, ऑर्गनाजिंग कमेटी

लगभग 13 फ़ीसदी कंपाउंड एनुअल ग्रोथ रेट के साथ भारत में फुटवियर उद्योग 8 गुना बढ़ने की उम्मीद है जबकि फिलहाल विश्व में फुटवियर उद्योग 2.8 फ़ीसदी कंपाउंड एनुअल ग्रोथ रेट के साथ बढ़ रहा है जबकि भारत में अभी 9.8 फ़ीसदी कंपाउंड एनुअल ग्रोथ रेट के साथ बढ़ रहा है।
– राजीव वासन, महासचिव, एफमेक

इस आयोजन में निश्चित रूप से फुटवियर ट्रेड का समागम देखने को मिला, मीट एट आगरा ने इस साल अपनी ऐतिहासिक सफलता हासिल की है। यह आयोजन ने ट्रेड से जुड़े लोगों को न सिर्फ नवीन तकनीक से परिचित कराया वल्कि नए उद्योग लगाने के प्रेरित भी किया है।
– ललित अरोरा, सचिव, एफमेक

मुख्य रूप से हुए शामिल

एफमेक के चंद्रशेखर जीपीआई, रैम्बल के सुबेन्दु, परफेक्ट पैकर्स के विकास महाजन, अंकुर महाजन, स्पेरीन कंपाउंडिंग के शिवम शर्मा, सीएस आहूजा ओवरसीज के विजय आहूजा, अभिषेक मिश्रा, ईसीजीसी लि. के आशीष वर्मा, विकास इकोटेक के भूपेन्द्र सिंह, केएलजे ग्रुप से विनय गुप्ता, डीएसएम सोल्स के कपिल पलवार, अल्बर्टो टोरेस्टी के अर्पित ग्रोवर, आईसीआईसीआई बैंक राजेंद्र सिंह, पुनित गोयल, ईगल फोर्जिंग्स अनिल शर्मा, आरबीएस इंटरलाइनिंग क्लॉथ के आर बच्चू सिंह, विजयपाल, अमर नाथ एंड संस के कपिल मगन, वाईकेके जैन इंटरनेशनल के अतुल जैन इस दौरान मुख्य रूप से मौजूद रहे।

सम्पन्न हुआ श्री रामानुग्रह धाम स्थापना दिवस समारोह

जन एक्सप्रेस । मुंबई

कानपुर परम पूज्य महामंडलेश्वर स्वामी विनय स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज द्वारा स्थापित श्री रामानुग्रह धाम ईश्वरीगंज कानपुर के स्थापना दिवस समारोह पर आयोजित 21 अक्टूबर से 28 अक्टूबर तक चलने वाली श्रीमद्भागवत कथा महापुराण के कथा व्यास परम पूज्य आचार्य श्री अप्रमेय प्रपन्नाचार्च जी महाराज ने समापन अवसर पर मानव जीवन के सूत्र बताते हुए कहा कि पानी को कितना भी गर्म कर लें पर वह थोड़ी देर बाद अपने मूल स्वभाव में आकर शीतल हो जायेगा। इसी प्रकार हम कितने भी क्रोध में, भय में अशांति में रह लें थोड़ी देर बाद बोध में, निर्भयता में और प्रसन्नता में हमें आना होगा

क्योंकि यही हमारा मूल स्वभाव है। इतना ऊर्जा सम्पन्न जीवन परमात्मा ने हमें दिया है स्वयं का तो क्या लाखों लाखों लोगों का कल्याण करने के निमित्त भी हम बन सकते है। जरुरत है स्वयं की शक्ति और स्वभाव समझने की। सबसे बड़ी अगर जीवन पथ में अगर कोई बाधा है तो वह है निराशा। हम थोड़ी देर में ही परिस्थिति के आगे घुटने टेककर उसे अपने ऊपर हावी कर लेते हैं। किसी संग दोष के कारण, किन्ही बातों के प्रभाव में आकर निराश हो जाना, यह संयोग जन्य स्थिति है। आनंद , प्रसन्नता, उत्साह, उल्लास और सात्विकता मूल स्वभाव तो हमारा यही ही है। आज शरद पूर्णिमा के पुनीत पर्व पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया इस अवसर पर उपस्थित सम्मानित साधु संतों हनुमत धाम पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर स्वामी डा.केशवानंद जी महाराज, म.म.स्वामी श्री गीतानंद जी महाराज म.म.स्वामी श्री कृष्ण दास जी महाराज.पूज्य स्वामी उदितानंद ब्रह्मचारी जी महाराज, पूज्य स्वामी बालयोगी अरुण चैतन्यपुरी जी महाराज स्वामी आशुतोष गिरी जी महाराज,साध्वी आनंद भारती जी को अंगवस्त्र एवम् प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह में राजेश अग्निहोत्री, अंकुर अग्निहोत्री, पं.दिनेश अवस्थी, राकेश दीक्षित एवम् अनेकों स्थानीय वरिष्ठ समाजसेवियों, भक्तप्रेमियो की उपस्थिति रही

पीएम के मन की बात का 106वां एपिसोड

मेक इन इंडिया को बढ़ावा दें, त्योहारों में सामान छोटे दुकानदारों से खरीदें

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को रेडियो प्रोग्राम मन की बात के 106वें एपिसोड में वोकल फॉर लोकल का मंत्र दिया। प्रधानमंत्री ने कहा- कुछ ही दिनों में दिवाली का त्योहार आने वाला है। मेरी देशवासियों से अपील है कि वो मेड इन इंडिया सामान ही खरीदें। प्रधानमंत्री ने कहा- 31 अक्टूबर को सरदार वल्लभ भाई पटेल का जन्मदिन है। इस दिन गुजरात के केवड़िया में एक कार्यक्रम तो होगा ही। साथ ही दिल्ली में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत देशभर से इकट्ठा गई मिट्टी से अमृत वाटिका का निर्माण किया जाएगा। पीएम ने कहा- इस महीने की शुरुआत में गांधी जयंती के अवसर पर दिल्ली में खादी की रिकॉर्ड बिक्री हुई। यहां कनॉट प्लेस में, एक ही खादी स्टोर में, एक ही दिन में, डेढ़ करोड़ रुपए से ज्यादा का सामान लोगों ने खरीदा। आपको एक और बात जानकार भी बहुत अच्छा लगेगा, दस साल पहले देश में जहां खादी प्रोडक्ट्स की बिक्री बड़ी मुश्किल से 30 हजार करोड़ रुपए से भी कम की थी, अब ये बढ़कर सवा लाख करोड़ रुपए के आसपास पहुंच रही है। पीएम ने कहा- साथियों, आज मैं अपना एक और आग्रह आपके सामने दोहराना चाहता हूं और बहुत ही आग्रहपूर्वक दोहराना चाहता हूं। जब भी पर्यटन या तीर्थाटन पर जाएं तो वहां के स्थानीय कलाकारों द्वारा बनाए गए उत्पादों को जरूर खरीदें। यात्रा के कुल बजट का जितना हो सके, उतना हिस्सा लोकल सामान पर खर्च करें। प्रधानमंत्री ने कहा- हर त्योहार की तरह इस त्योहार पर भी वोकल फॉर लोकल का हिस्सा बनें। ऐसा सामान से अपने घर को सजाएं, जिसमें देशवासी के पसीने की सुगंध हो। वोकल फॉर लोकल सिर्फ त्यौहारों तक सीमित नहीं रखनी है। ये भावना दीवाली तक ही नहीं रखनी है। और दीवाली पर सिर्फ सोशल मीडिया के लिए दीए नहीं खरीदने हैं। ऐसे प्रोडक्ट खरीदते वक्त हमारे देश की शान यूपीआई से ही पेमेंट करें। ऐसी खरीदारी करते समय सेल्फी लें और उसे नमो ऐप पर शेयर करें, वो भी मेड इन इंडिया फोन से। पीएम मोदी ने मन की बात में लोगों से अपने आस-पास रहने वाले खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने की अपील की है। उन्होंने कहा- हमारा देश में स्पोर्ट्स में परचम लहरा रहा है। पिछले दिनों एशियन गेम्स के बाद पैरा एशियन गेम्स में भी भारतीय खिलाड़ियों ने जबरदस्त कामयाबी हासिल की है। इन खेलों में भारतीयों ने 111 मेडल जीतकर इतिहास रच दिया है। मेरी आप सब से प्रार्थना है आपके गांव में, अगल-बगल में, ऐसे बच्चे जिन्होंने इस खेलकूद में हिस्सा लिया है या विजयी हुए हैं, आप सपरिवार उनके पास जाइए। उनको बधाई दीजिए।

31 को मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का समापन होगा

मैंने पिछले दिनों देश के हर गांव से, हर घर से मिट्टी संग्रह करने का आग्रह किया गया था। हर घर से मिट्टी संग्रह करने के बाद उसे कलश में रखा गया और फिर अमृत कलश यात्राएं निकाली गईं। देश के कोने-कोने से एकत्रित की गयी ये माटी, ये हजारों अमृत कलश यात्राएं अब दिल्ली पहुंच रही हैं। यहां दिल्ली में उस मिट्टी को एक विशाल भारत कलश में डाला और इस पवित्र मिट्टी से दिल्ली में अमृत वाटिका का निर्माण होगा।

जयंती के दिन युवा भारत संगठन की नींव रखी जाएगी

31 अक्टूबर का दिन हम सभी के लिए बहुत विशेष होता है। इस दिन हमारे लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जन्म जयंती मनाते हैं। हम भारतवासी, उन्हें कई वजहों से याद करते हैं और श्रद्धापूर्वक नमन करते हैं। सबसे बड़ी वजह है – देश की 580 से ज्यादा रियासतों को जोड़ने में उनकी अतुलनीय भूमिका। दो दिन बाद 31 अक्टूबर को एक बहुत बड़े राष्ट्रव्यापी संगठन की नींव रखी जाएगी। इस संगठन का नाम है मेरा युवा भारत। मेरा युवा भारत की वेबसाइट भी शुरू होने वाली है। सभी देश के नौजवान, सभी बेटे-बेटी इसकी वेबसाइट पर रजिस्टर करें और विभिन्न कार्यक्रम के लिए साइन अप करें। 31 अक्टूबर को पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि भी है। मैं उन्हें भी श्रद्धांजलि देता हूं।

विजयनगरम जिले में दो ट्रेनों की टक्कर, तीन की मौत, 10 लोग घायल

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

आंध्र प्रदेश के विजयनगरम जिले में दो ट्रेनों की टक्कर हो गई है। हादसे में 10 लोग घायल बताए जा रहे हैं। मंडल रेल प्रबंधक ने बताया कि विशाखापत्तनम-पलासा पैसेंजर ट्रेन और विशाखापत्तनम-रायगढ़ा पैसेंजर ट्रेन के बीच टक्कर हो गई। हादसे में तीन कोच क्षतिग्रस्त हुए हैं। 10 लोग घायल बताए जा रहे हैं। बचाव अभियान जारी है। सहायता और एम्बुलेंस के लिए स्थानीय प्रशासन और एनडीआरएफ को सूचित किया गया है। दुर्घटना राहत ट्रेनें घटनास्थल पर पहुंच चुकी हैं। कुछ रिपोर्ट में तीन लोगों की मौत होने का भी दावा किया जा रहा है। आंध्र प्रदेश के सीएम वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने दुर्घटना पर दुख व्यक्त किया और अधिकारियों को घायल लोगों को सहायता प्रदान करने का आदेश दिया।

नार्को टेररिज़्म देश के लिए काफ़ी घातक और हानिकारक है : समीर वानखेड़े

जन एक्सप्रेस। अंकित मिश्रा

मुंबई। गोरेगांव में स्लम इलाके में आईआरएस अधिकारी समीर वानखेड़े का आगमन होते ही बच्चों से लेकर बुजुर्गों को लगा कि उनका हीरो एवं बेटा आया है। समीर वानखेड़े ने कहा कि देश की प्रमुख समस्या आतंकवाद और ड्रग्स है। जब यह दोनों मिल जाता है तो उसे नार्को टेररिज़्म कहते है। नार्को टेररिज़्म देश के लिए काफ़ी घातक और हानिकारक है। वानखेड़े गोरेगांव पूर्व स्थित अशोक नगर में साई लीला फाउंडेशन द्वारा नशामुक्त विषय पर आयोजित परिसंवाद में बोल रहे थे। वानखेड़े ने अपने अनुभवों को साझा किया एवं विभिन्न सवालों पर सीधा ज़बाब दिया। आरटीआई कार्यकर्ता अनिल गलगली ने कहा कि ऐसे अधिकारियों के साथ समाज को खड़े रहने की जरुरत है। जनजागृति से ही नशामुक्त समाज की संकल्पना सफल होगी। आरपीआई नेता चंद्रशेखर कांबले ने गोरेगांव की तरह अन्य स्थानों पर ऐसे आयोजनों के लिए पहल करने का आश्वासन दिया। आयोजक रश्मी उपाध्याय एवं श्रद्धा कदम ने सभी का स्वागत किया।

हेमंत पाटिल ने सांसद पद से इस्तीफा दिया

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई। महाराष्ट्र के हिंगोली से सांसद हेमंत पाटिल ने रविवार को सांसद पद से इस्तीफे का एलान कर दिया। उन्होंने कहा कि वह मराठा समुदाय के साथ एकजुटता दिखाने के लिए इस्तीफा दे दे रहे हैं। दरअसल, नौकरियों और शिक्षा में मराठा आरक्षण की मांग को लेकर राज्य में आंदोलन चल रहा है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में शामिल पाटिल यवतमाल में पत्रकारों से बात कर रहे थे। कथित तौर पर उनसे लोकसभा सदस्य के रूप में इस्तीफा देने का आग्रह किया था।

'गंभीर कोविड-19 पीड़ित लोग न करें अत्यधिक परिश्रम'

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली। जिन लोगों को पहले कोविड-19 का गंभीर सामना करना पड़ा था, उन्हें हार्ट अटैक (दिल का दौरा) और कार्डियक अरेस्ट से बचने के लिए एक या दो साल तक खुद पर अधिक जोर नहीं देना चाहिए। यह बात केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने रविवार भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) की एक अध्ययन का हवाला देते हुए कही। गुजरात में हाल ही में दिल की बीमारियों के कारण कई मौतें हुई हैं, जिसके बाद राज्य के स्वास्थ्य मंत्री ऋषिकेश पटेल को चिकित्सा विशेषज्ञों के साथ बैठक करनी पड़ी थी। इनमें हृदय रोग विशेषज्ञ भी शामिल थे। पटेल ने विशेषज्ञों से मौतों के कारणों और उपचारों का पता लगाने के लिए डाटा एकत्र करने के लिए कहा था। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा, आईसीएमआर ने एक विस्तृत अध्ययन किया है। इस अध्ययन के मुताबिक जो लोग गंभीर कोविड-19 से पीड़ित थे, उन्हें खुद पर अधिक जोर नहीं देना चाहिए। उन्हें एक या दो साल तक कठिन वर्कआउट, दौड़ने और व्यायाम से दूर रहना चाहिए।

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक जन एक्सप्रेस के 15वें स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक जन एक्सप्रेस के 15वें स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)

हरियाणा से बेहतर और सुरक्षित व्यापार का माहौल किसी राज्य में नहीं है: दुष्यंत चौटाला

जन एक्सप्रेस। गुरूग्राम

देश में कोई ऐसा ट्रेड नही है जो हरियाणा से अछूता हो। सरकार के स्तर पर इंडस्ट्रीज को और कैसे बेहतर सहयोग किया जाए इसके लिए निरंतर नीति निर्धारण का काम किया जा रहा है। उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि प्रदेश में संचालित औद्योगिक संस्थानों का मानना है कि हरियाणा से बेहतर व सुरक्षित व्यापार का माहौल किसी राज्य में नही है। उपमुख्यमंत्री को गुरुग्राम के सेक्टर 29 स्थित लेजर वैली पार्किंग ग्राउंड में एमएसएमई निदेशालय व फेडरेशन ऑफ नेशनल इंडस्ट्रीज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित गुरुग्राम इंडस्ट्रियल एक्सपो व जिला प्रशासन गुरुग्राम द्वारा आयोजित जिला व्यापार मेले के समापन समारोह में बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में एशिया का सबसे बड़ा सात मंजिला वेयरहाउस गुरुग्राम जिला में फ्लिपकार्ट द्वारा बनाया जा रहा है। चीन के बाद

छोटे फोन की बैट्री का सबसे बड़ा संयत्र जिला नूहं में लगाया जा रहा है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि जो सेक्टर हरियाणा से संबंध नही रखता उसमे तेज गति से काम आगे बढ़ रहा है। एरो डिफेंस इसका प्रमुख उदाहरण है। उपमुख्यमंत्री ने सिमिलर माइंड गेट टुगेदर कथन का उल्लेख करते हुए कहा कि जब एक सोच वाले व्यक्ति सकारात्मक माहौल में एक साथ इक्ठे होते हैं तब कुछ नया इनोवेशन होता है।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि आपका यह इंडस्ट्रियल एक्सपो उन्हीं पदचिन्हों पर है। जिसे आप पुनरावर्ती इवेंट की तरह आगे बढ़ाए। गुरुग्राम देश की प्रमुख इंडस्ट्रीज का हब है ऐसे में भविष्य में आयोजित होने वाले एक्सपो में आपको देश के अन्य राज्य से इंडस्ट्रीज का सहयोग मिलेगा। एक्सपो व जिला व्यापार के विभिन्न स्टॉल पर जाकर वहां प्रदर्शित किए गए उत्पादों की जानकारी ली। इस अवसर पर गिरिराज ढींगरा, योगेश हिलालपुरिया, नवीन गुप्ता, गुंजन मेहता,सुरेंद्र सैनी, एमएसएमई गुरुग्राम से आईईओ कैलाश चंद्र सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

गुरुग्राम भाजपा कार्यालय से शहीदों के परिवारों को नमन कर पवित्र मिट्टी को दिल्ली रवाना करेंगे: गार्गी कक्कड़

जन एक्सप्रेस। गुरूग्राम

आजादी का अमृत महोत्सव 31 अक्टूबर को पूरा हो रहा है पूरे प्रदेश से शहीदों के घरों, गांवों की पवित्र मिट्टी को लेकर हरियाणा भाजपा के सभी 311 मंडल अध्यक्ष 30 अक्टूबर को गुरुग्राम भाजपा कार्यालय गुरु कमल पर पहुंचेंगे। भारतीय जनता पार्टी गुरुग्राम की जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ ने कहा कि भाजपा कार्यालय गुरुग्राम में पवित्र मिट्टी को हरियाणा के प्रभारी विप्लव कुमार देव, भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़, हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी, प्रदेश महामंत्री संगठन फणीन्द्रनाथ शर्मा, पवित्र मिट्टी व आए हुए हैं शहीदों के परिवारों को नमन कर पवित्र मिट्टी को दिल्ली रवाना करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 31 अक्टूबर को कर्तव्य पथ पर **मेरी माटी मेरा देश** अभियान के समापन कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। इस मिट्टी से शहीदों की याद में शानदार वाटिका बनेगी। भाजपा ने शहीदों का सम्मान बढ़ाने का काम किया है हरियाणा में भाजपा सरकार ने ग्राम गौरव पट लगाए थे और अब मोदी ने पूरे देश में शहीदों की याद में शिलापट्ट लगाने की घोषणा करके शहीदों को सम्मान दे रहे हैं।

अमृत कलश यात्रा को हरी झंडी दिखाकर गुरुग्राम के लिए किया रवाना: विधायक दीपक मंगला

जन एक्सप्रेस। गुरूग्राम

वीरों की याद में देश की राजधानी दिल्ली के बनाई जा रही अमृत वाटिका में पूरे देश के विभिन्न हिस्सों से आई मिट्टी से पौधे रोपे जाएंगे। मेरा देश मेरी माटी कार्यक्रम के तहत जिला के सभी खंडों व वार्डों से अमृत कलशों में एकत्रित किए गए चावल व मिट्टी को गुरुग्राम भेजा गया। विधायक दीपक मंगला ने अमृत कलश यात्रा को लघु सचिवालय पलवल परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। विधायक दीपक मंगला ने कहा कि मेरा देश मेरी माटी कार्यक्रम के तहत शहीदों के घर की मिट्टी, गांव व शहरी क्षेत्र के वार्डों की मिट्टी व चावलों को कलश में एकत्रित करके जिला स्तर पर एकत्रित किया गया था। जिला के 6 ब्लॉकों से एक-एक कलश को जिला स्तर पर लाकर रखा गया था, जिन्हें जन प्रतिनिधियों की अगुवाई में पूरे मान-सम्मान के साथ गुरुग्राम भेजा गया है।

विधायक दीपक मंगला ने मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत मिट्टी को नमन और वीरों को वंदन किया गया है। विधायक ने देश के वीर शहीदों को याद कर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की। हरियाणा राज्य के सभी जिलों से अमृत कलश गुरूग्राम में एकत्रित होंगे और उसके बाद यह सभी कलश दिल्ली में बनाई जा रही अमृत वाटिका में भेजे जाएंगे। 31 अक्टूबर को दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय स्तर पर मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन होगा। इस अवसर पर पलवल ब्लॉक समिति के अध्यक्ष भगत सिंह घुघेरा, पलवल ब्लॉक के वाइस चेयरमैन जितेंद्र, ब्लॉक होडल के वाइस चेयरमैन राजवीर, हथीन से अध्यक्ष असलम खान, मुकेश सिंगला, मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र सिंगला, मेघश्याम शर्मा, बीडीपीओ प्रवीण कुमार, मोहित गोयल, रणवीर मनोज, वीरेंद्र नंबरदार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

महाराजा अग्रसेन को समाजवाद का अग्रदूत कहा जाता है: जवाहर यादव

जन एक्सप्रेस। गुरूग्राम

वैश्य परिवार वेलफेयर एसोसिएशन सेक्टर-10ए की ओर से महाराजा अग्रसेन जयंती एवं दीपावली मिलन समारोह धूमधाम से मनाया गया। सेक्टर-10ए के सामुदायिक केंद्र में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अग्रसेन इंटरनेशनल हॉस्पिटल रोहिणी के प्रधान नरेश कुमार ऐरन, अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग अध्यक्ष और मुख्यमंत्री हरियाणा के ओएसडी जवाहर यादव अति विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे। मंच संचालन समता सिंगला ने किया। ओएसडी जवाहर यादव ने अपने संबोधन में कहा कि महाराजा अग्रसेन ने समाजवाद का एक मजबूत उदाहरण दिया है। महाराजा अग्रसेन को समाजवाद का अग्रदूत कहा जाता है। उनके समाजवाद से बड़ा दुनिया में कोई उदाहरण नहीं है। सब जानते हैं कि अपने क्षेत्र में सच्चे समाजवाद की स्थापना के लिए उन्होंने नियम बनाया था कि उनके नगर में बाहर से आकर बसने वाले प्रत्येक परिवार की

सहायता के लिए नगर का प्रत्येक परिवार उसे एक सिक्का व एक ईंट देगा। जिससे आने वाला परिवार स्वयं के लिए मकान व व्यापार का प्रबंध कर सके। महाराजा अग्रसेन ने शासन प्रणाली में एक नई व्यवस्था को जन्म दिया था। उन्होंने वैदिक सनातन आर्य संस्कृति की मूल मान्यताओं को लागू कर राज्य में कृषि-व्यापार, उद्योग, गौ पालन के विकास के साथ-साथ नैतिक मूल्यों की स्थापना की थी। महाराजा अग्रसेन समाजवाद के प्रवर्तक, युग पुरुष, राम राज्य के समर्थक एवं महादानी थे। बचपन से वे अपनी प्रजा में बहुत लोकप्रिय थे। महाराजा वल्लभ के निधन के बाद अपने नए राज्य की स्थापना के लिए महाराजा अग्रसेन ने सारे भारतवर्ष का भ्रमण किया। इसी दौरान उन्हें अग्रोहा में अपना राज्य स्थापित करने का प्रेरणा मिली। इस अवसर पर एसोसिएशन की ओर से ओएसडी जवाहर यादव के समक्ष महाराजा अग्रसेन भवन बनवाने की मांग रखी गई। जिस पर उन्होंने मुख्यमंत्री से बात करके सकारात्मक कार्य करने का आश्वासन दिया। वैश्य परिवार वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान नवीन गोयल, महासचिव मनीष सिंघल, महासचिव टीसी अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सुदर्शन अग्रवाल ने इस बेहतरीन कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर संस्था के सम्मानित पूर्व प्रधान आरके अग्रवाल, बाबू शिवचंद गुप्ता एडवोकेट, वीणा अग्रवाल कवयित्री, श्यामलाल गुप्ता, डा. एमएस गर्ग, सेक्टर-10ए आरडब्ल्यूए प्रधान सतीश गुप्ता, नरेश गोयल, पीसी जैन, राजेश जुलाना, अजय अग्रवाल, राकेश मंगला, ईश्वर मित्तल, प्रमोद अग्रवाल, संजय तायल, शैलेंद्र गोयल समेत समाज के अनेक लोग, महिलाएं, पुरुष, बच्चे, युवा मौजूद रहे।

अग्रवाल समाज सभी समाज को एक सूत्र में पिरोकर चलता: नरेश ऐरन

अग्रसेन इंटरनेशनल हॉस्पिटल रोहिणी के प्रधान नरेश कुमार ऐरन ने कहा कि महाराजा अग्रसेन की शिक्षाओं पर चलकर अग्रवाल समाज सभी समाज को एक सूत्र में पिरोकर चलता है।

न व्यापार में कमी छोड़ी न दान देने में: गोपाल शरण गर्ग

अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग ने कहा कि जब महाराजा अग्रसेन ने अग्रोहा में अपना राज्य बनाया था तो उस समय इसका नाम अग्रेयगण रखा गया था, जिसे अब अग्रोहा नाम से जाना जाता है यह स्थान अग्रहरि और अग्रवाल समाज के लिए तीर्थ के समान है। समारोह में जयपुर से आए तेज सिंह तेजू, उदयपुर से आई इतिशा गोयल और मोनू विकास म्यूजिकल ग्रुप जयपुर के कलाकारों ने महाराजा अग्रसेन को समर्पित भजनों का रसपान कराया।

हमारे लिए सम्मान की बात है कि शहीदों के गांव से मिट्टी एकत्रित करने का अवसर मिला: सुंदर लाल सरपंच

जन एक्सप्रेस। गुरूग्राम

मेरी माटी-मेरा देश के राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम के तहत गुरुग्राम जिला के सभी गांवों व नगर निगम, परिषद व पालिका के सभी वार्डों से एकत्रित मिट्टी के 9 कलश दिल्ली में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय कार्यक्रम के लिए रवाना किए गए। जिला के प्रत्येक खण्ड, नगर निगम, परिषद व पालिका से एक-एक प्रतिनिधि तथा नेहरू युवा केंद्र के वालंटियर इन कलशों को लेकर राष्ट्रीय कार्यक्रम में जिला की भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम में भाग लेने के लिए गुरुग्राम जिला से 9 लोगों की टीम जिसमें 5 जनप्रतिनिधि नगर निकाय से और 4 जनप्रतिनिधि पंचायती राज से कलश लेकर रवाना हुए।

गुरुग्राम के अलावा अन्य क्षेत्रों से कलश लेकर आने वाले यात्री गुरुग्राम-दिल्ली सरहौल बॉर्डर स्थित धनचिरी कैंप में ठहराव करेंगे। सुबह उनकी दिल्ली के लिए रवानगी होगी। गुरुग्राम जिला से कलश लेकर शामिल होने वालों में जनप्रतिनिधि पार्षद कुलदीप बोहरा, मानेसर नगर निगम से सुन्दर लाल यादव सरपंच सिकन्दर पुर (बढ़ा), नगर परिषद सोहना से नितिन यादव, नगर परिषद पाटोदी मंडी से शुभम, फरूखनगर नगर पालिका से उमेश पाल, पाटोदी ब्लॉक से अजीत सिंह सरपंच,

गुरुग्राम ब्लॉक से अशोक यादव, प्रतिनिधि सरपंच बाघनकी सोहना ब्लॉक से यशपाल, फरूखनगर ब्लॉक से सुधीर कुमार चेयरमैन शामिल हैं। इन्हें सिविल लाइन स्थित स्वतंत्रता सेनानी हॉल परिसर से सीटीएम दर्शन यादव ने झंडी दिखाकर रवाना किया। नगर निगम मानेसर के एसडीओ विकास शर्मा भी मौजूद रहे। सरपंच सुंदर लाल यादव ने बताया कि मानेसर नगर निगम के गांव सिकन्दरपुर (बढ़ा), गांव नखड़ोला, गांव नवादा, गांव मानेसर, गांव ढाणा, गांव रामपुरा से 12 जवान शहीद हुए हैं। थे। इन सभी शहीदों के गांव से मिट्टी कलश में एकत्रित की गई। एनएसजी कमांडो का भी इसमें भरपूर सहयोग रहा। सुंदर लाल यादव ने कहा कि यह बड़े सम्मान की बात है कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार में शहीदों को इतना सम्मान मिल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शहीदों को सम्मान देने के लिए बड़े आयोजन कराते हैं। उन्होंने देश के सैनिकों को सदा सम्मान दिया है। सरपंच सुंदर लाल यादव ने कहा कि यह उनके लिए सम्मान की बात है कि उन्हें शहीदों के गांव से मिट्टी एकत्रित करने का अवसर मिला।

महर्षि वाल्मीकि ने रामायण की रचना कर विश्व को भारत की संस्कृति से कराया अवगत: संतोख सिंह

जन एक्सप्रेस। गुरूग्राम

जिले के गांव झाड़सा में वाल्मीकि जयंती धूमधाम से शोभायात्रा निकालकर मनाई गई और विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। शोभायात्रा का क्षेत्रवासियों ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। किसान नेता चौधरी संतोख सिंह ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने महान ग्रंथ महाकाव्य रामायण की रचना करके भारत की गौरवशाली संस्कृति की पहचान पूरी दुनिया को कराई। महर्षि वाल्मीकि सेवा समिति व समस्त वाल्मिकी समाज गांव झाड़सा ने संतोख सिंह को पगड़ी पहनाकर तथा महर्षि वाल्मीकि का चित्र भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। शोभायात्रा सीता वाल्मीकि मंदिर झाड़सा से आरंभ होकर किलहोड पट्टी, कुंभइया

पट्टी, पंछ्या पट्टी, चोपड़ा पट्टी होते हुए सीता वाल्मीकि मंदिर पर पहुँचीं। इस अवसर पर अशोक टांक, विक्रम टांक, विजय सिंह व समिति के प्रधान के हरि किशन, उपप्रधान सुरेश कुमार, अमृत सिंह, सुनील कुमार, कोषाध्यक्ष विजय सिंह टांक, मान सिंह आदि मौजूद रहे।

कांग्रेस नेता अशोक भास्कर के आकस्मिक निधन से स्तब्ध हूँ: पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा

जन एक्सप्रेस। गुरूग्राम

पिछले 10 वर्षों से गुड़गांव कांग्रेस कार्यालय प्रभारी रहे कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक भास्कर का निधन हो गया।

हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने उनके निवास पर पहुंचकर शोक प्रकट किया एवं परिजनों के साथ सांत्वना व्यक्त की, इस मौके पर कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष जितेंद्र भारद्वाज,पूर्व मंत्री सुखबीर कटारिया, वरिष्ठ कांग्रेस नेता

पंकज डावर, कुलराज कटारिया, सूबे सिंह यादव, सुनीता वर्मा पटौदी, भारत मदान, मनोज आहूजा समेत अन्य लोग मौजूद रहे पूर्व मुख्यमंत्री चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि अशोक भास्कर के आकस्मिक निधन से वह स्तब्ध है उनकी कमी सदैव रहेगी, इस मौके पर उन्होंने परिवार के सभी सदस्यों से मुलाकात की और भविष्य में परिवार के साथ हर समय साथ खड़े रहने की बात की।

सम्पूर्ण हिन्दू समाज को एकता के सूत्र में बांधना संघ का बीज मंत्र है: प्रताप सिंह

जन एक्सप्रेस। गुरूग्राम

गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वावधान में विजयदशमी के शुभ अवसर पर स्वयंसेवकों ने पथ संचलन का स्वागत किया। विधायक ने पथ संचलन के स्वयंसेवकों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस दौरान संघ के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी के साथ आम कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहा। कार्यक्रम में आरएसएस प्रान्त संघ चालक पवन जिंदल, महानगर संघचालक जगदीश ग्रोवर व भाग संघ चालक वेद प्रकाश मंगला उपस्थित रहे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हरियाणा प्रान्त कार्यवाह प्रताप सिंह ने कहा कि भारत दुनिया की श्रेष्ठ संस्कृति वाला देश है। भारत की सनातन अवधारणाएं विश्व को शांति के मार्ग पर ले जा सकती है। स्वयंसेवकों ने शहर में पथ संचलन

भी किया। जिसमें 825 स्वयंसेवकों ने भाग लिया। प्रान्त कार्यवाह प्रताप ने कहा कि विजयादशमी उत्सव संघ के छह उत्सवों में से एक है। यह उत्सव इसलिए महत्वपूर्ण हो जाता है कि इस दिन डॉ केशव बलिराम हेडगेवार जी ने 1925 में आरएसएस की स्थापना थी। सतयुग में सत्य और तप में शक्ति होती थी, त्रेता में मन्त्रों से शक्ति प्राप्त होती रही, द्वापर युग में युद्ध में जबकि कलयुग में संगठन शक्ति का मूलाधार है। इसलिए समरस समाज की स्थापना करते हुए सम्पूर्ण हिन्दू समाज को एकता के सूत्र में बांधना संघ का बीज मंत्र है।

उन्होंने कहा कि कुछ समाज विरोधी शक्तियां गलत विमर्श के आधार समाज तोडने का कुप्रयास कर रही है। भारत की पारिवारिक मान्यताओं को विकृत कर रही हैं। भारत चारों दिशाओं से एक है। भारत एक राष्ट्र है, भारत हिन्दू राष्ट्र है और भारत प्राचीन राष्ट्र है। भारत में चारों दिशाओं में चार मठ, 12 ज्योतिर्लिंग व 52 शक्ति पीठ की स्थापना हमारी एकता का परिचायक है। गुरु गोविंद सिंह द्वारा बनाए गए पंच प्यारे अलग-अलग दिशाओं से थे। गलत विमर्श के इस दौर में हमारी जिम्मेदार बढ़ जाती है। ऐसे नैरेटिव को समाप्त करना होगा। हमे शाखाओं को मजबूत करना होगा। समाज के प्रत्येक वर्ग को जोडक़र बढ़ते हुए भारत में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी।